सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.5 न्यू | 23.6 अधि |
| धर्मशाला | 19.8 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,479 |
| निफ्टी | 23,866 |
| सोना 1,40,000 | चांदी 2,24000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान






आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 1 जुलाई 2026 | 17 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 183, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### जापान की प्रधानमंत्री आज से भारत दौरे पर

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची एक जुलाई से तीन दिवसीय भारत दौरे पर रहेंगी। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगी। दोनों देशों के आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणापत्र जारी करने की भी संभावना है, जिसमें आर्थिक दबाव का मिलकर सामना करने पर जोर होगा। सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ खनिज, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और मेडिकल सप्लाई जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बन सकती है। (अनंत ज्ञान)



### दिल्ली में दो बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की फॉरेनर सेल ने आजादपुर के महेंद्र पार्क इलाके से दो बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद रुहुल अमीन उर्फ तुली दास और एमडी जीबोन मियां उर्फ लिली के रूप में हुई। रुहुल अमीन को पिछले वर्ष डिपोर्ट किया गया था, लेकिन वह दोबारा अवैध रूप से भारत में घुस आया। पुलिस ने दोनों के पास से प्रतिबंधित आईएमओ ऐप वाले दो स्मार्टफोन, बांग्लादेशी पहचान पत्र और मिर्ची स्प्रे बरामद किया। दोनों को एफआरआरओ के समक्ष पेश कर डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में मानसून की एंट्री

## 10 दिन देरी से पहुंचा, शिमला-कांगड़ा समेत 7 जिलों में दी दस्तक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आखिरकार दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दे दी है। करीब 10 दिन की देरी से पहुंचे मानसून ने मंगलवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों और पर्यटकों को नदी-नालों तथा भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार मानसून ने पूरे किन्नौर जिले, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के अधिकांश भाग, शिमला और मंडी के कई क्षेत्रों तथा सिरमौर और कांगड़ा के कुछ हिस्सों को कवर कर लिया है। अगले दो से तीन दिनों के दौरान शेष हिमाचल में भी मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने की संभावना है। विभाग का कहना है कि एक से 7 जुलाई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कई स्थानों पर भारी और बहुत भारी बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटों में गोहर में 55, मंडी में 45.6, बरठीं में 42.6, रायपुर मैदान में 41, सुंदरनगर में 31.4 और कांगड़ा में 30.8 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

मौसम विभाग ने 2 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा, 3 जुलाई को ऊना, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर तथा 4 जुलाई को कांगड़ा, मंडी और शिमला जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 1 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी, 2 जुलाई को चंबा, मंडी और सिरमौर, 3 जुलाई को बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा और सोलन तथा 4 जुलाई को ऊना, हमीरपुर और कुल्लू जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने इस दौरान अचानक बाढ़, भूस्खलन, चट्टानें गिरने और जलभराव की आशंका जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।



बारिश के बीच शिमला के रिज मैदान पर घूमते पर्यटक। अनंत ज्ञान

### इस बार सामान्य से कम बारिश का अनुमान

**मौसम** विज्ञान केंद्र के अनुसार जून से सितंबर तक चलने वाले मानसून सीजन में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। हालांकि, किन्नौर के कुछ क्षेत्रों, लाहौल-स्पीति तथा चंबा के ऊपरी इलाकों में सामान्य वर्षा होने का अनुमान है। विभाग का कहना है कि आगामी तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलेगी।

# बच्चों के अधिकारों की रक्षा व कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम सुक्खू

## कहा-जिला बाल कल्याण समितियों की भूमिका को और प्रभावी बनाएंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के कल्याण, सुरक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बच्चों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं और संबंधित समितियों व अधिकारियों को इन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे को इसका लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को न्याय दिलाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना तथा समाज में बाल संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता पैदा करना जिला बाल कल्याण समितियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समितियां पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि बच्चों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह बातें उन्होंने जिला ऊना बाल कल्याण समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष ओंकार कपिला द्वारा शिष्टाचार भेंट के दौरान कहीं।




शिमला में सीएम से मिलते प्रतिनिधि मंडल के लोग। अनंत ज्ञान

### जिला ऊना के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी हुई चर्चा

**बैठक** के दौरान पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला ऊना के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और जनहित से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश का हर बच्चा सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानजनक वातावरण में आगे बढ़े, यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण से जुड़ी सभी संस्थाओं और समितियों को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना होगा, ताकि प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक न्याय, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंच सके।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ बने नए सेना प्रमुख

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जनरल उपेंद्र द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को देश के नए सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार सौंपने से पहले जनरल द्विवेदी ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

विदाई संबोधन में जनरल द्विवेदी ने चार दशक से अधिक की सैन्य सेवा को जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य बताया। उन्होंने सैनिकों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और देशवासियों का सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनरल धीरज सेठ के नेतृत्व में भारतीय सेना अपनी गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए नई ऊंचाइयों को छुएगी।

उन्होंने ऑपरेशन स्नो लेपर्ड और ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि सेना ने हर मोर्चे पर उच्च स्तर की तैयारी और सतर्कता बनाए रखी है। साथ ही भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के संयुक्त संचालन और बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर भी जोर दिया। (अनंत ज्ञान)

# मनीषा हत्याकांड संपत्ति विवाद में भाई निकला मास्टरमाइंड

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के बहुचर्चित मनीषा मित्तल हत्याकांड में जिला पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए हत्या के पीछे संपत्ति विवाद की साजिश का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मृतका के भाई हिमांक मित्तल और उसके कारोबारी साझेदार गोविंद को मुख्य साजिशकर्ता के रूप में गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले हत्या को अंजाम देने वाले दोनों शूटर भी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। इस तरह अब इस सनसनीखेज हत्याकांड में चारों आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### ◆ मुख्य साजिशकर्ता समेत 4 गिरफ्तार




गिरफ्तार आरोपी। अनंत ज्ञान

पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात की पूरी साजिश संपत्ति विवाद को लेकर रची गई थी। आरोप है कि गोविंद ने शूटरों के लिए वाहन की व्यवस्था की और उन्हें आर्थिक मदद भी पहुंचाई, जबकि हिमांक मित्तल ने कथित तौर पर स्कूल के सीसीटीवी फुटेज का इस्तेमाल कर मृतका की गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराई। तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों के लेन-देन और अन्य डिजिटल सबूतों के आधार पर पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपियों को रोहतक से गिरफ्तार किया है।

### सीसीटीवी से हुआ खुलासा

**पुलिस** के अनुसार, जांच के दौरान हिमांक मित्तल द्वारा गोविंद के खाते में लाखों रुपए ट्रांसफर किए जाने, सीसीटीवी फुटेज की उपलब्धता ने पूरी साजिश की कड़ियां जोड़ दीं। घटना के बाद विदेश जाने और लगातार ठिकाने बदलने वाले गोविंद को भी पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और अब पूरे षड्यंत्र से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# सोलन में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए अभी और करना होगा इंतजार




सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अस्पताल भवन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** प्रदेश के तीन जिला के लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का कार्य अंतिम चरण में होने के बावजूद इसके शुरू होने में अभी और समय लगेगा। भवन का अधिकांश निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन फिनिशिंग वर्क और उपकरणों की स्थापना का काम बाकी है। विभाग ने इसे शूलिनी मेले तक पूरा करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन तय समय सीमा में कार्य पूरा नहीं हो सका। ऐसे में सोलन, सिरमौर और शिमला के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा।

> कथेड़ में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का फिनिशिंग कार्य प्रगति पर है। उम्मीद है कि जल्द यह कार्य पूरा होगा।
> **-डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन अस्पताल।**

### ◆ ट्रॉमा सेंटर व आधुनिक सुविधाएं शुरू होने में देरी, क्षेत्रीय अस्पताल पर बना रहेगा दबाव

राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के बावजूद सोलन में अभी तक तृतीय स्तरीय ट्रॉमा सेंटर उपलब्ध नहीं है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला या पीजीआई चंडीगढ़ रेफर करना पड़ता है। नया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू होने के बाद ट्रॉमा सेंटर, क्रिटिकल केयर सेंटर, 50 बिस्तरों की मातृ एवं शिशु विंग तथा एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे और अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

वर्तमान में सोलन का क्षेत्रीय अस्पताल लगातार बढ़ते मरीजों के दबाव से जूझ रहा है और रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है। यहां गंभीर बीमारियों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में उच्च संस्थानों के लिए भेजना पड़ता है। वर्ष 1975 के बाद अस्पताल में सुपर स्पेशलिस्ट तो दूर, पर्याप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के नए पद भी सृजित नहीं हुए हैं। कैंसर, हृदय, न्यूरो और किडनी रोगों के मरीजों को उपचार के लिए शिमला और चंडीगढ़ का रुख करना पड़ता है।

क्षेत्रीय अस्पताल में प्रतिदिन करीब 1,500 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, जबकि हर महीने औसतन 300 प्रसव होते हैं। मेडिसिन विशेषज्ञों की संख्या भी जरूरत के मुकाबले कम है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू होने के बाद क्षेत्रीय अस्पताल पर मरीजों का दबाव कम होगा और गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार मिल सकेगा।

निर्माणाधीन अस्पताल परिसर में भविष्य में अलग क्रिटिकल केयर ब्लॉक और हेलीपैड विकसित करने की भी योजना है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को तेजी से उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। फिलहाल, लोगों को इन सुविधाओं के शुरू होने के लिए कुछ और समय इंतजार करना होगा।

# हमीरपुर में तीसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2026' आज

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' न केवल समाचारों के प्रकाशन तक सीमित है, अपितु पत्रकारिता के मूल्यों के निर्वहन के साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी है।

'अनंत ज्ञान' प्रबंधन ने उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले हिमाचल प्रदेश के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने की अभिनव पहल की है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले पुलिस कर्मचारी बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हैं, लेकिन उनके कामों को ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, बल्कि पुलिस को अक्सर शाबाशी के बजाय निंदा नसीब होती है। अनंत ज्ञान एक बार फिर ऐसे कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' से सम्मानित करने जा रहा है।

### ◆ मुख्यातिथि एसपी बलवीर सिंह करेंगे समारोह का आगाज और देंगे अवार्ड



इस बार 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2026' एक जुलाई को जिला मुख्यालय हमीरपुर के बाईपास रोड स्थित होटल बसंत (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप) में बुधवार को आयोजित होगा। समारोह का आगाज मुख्यातिथि हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बलबीर सिंह शाम 6 बजे करेंगे। इसके बाद वह खुद अपने कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जांबाजों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित करेंगे। एसपी बलबीर सिंह इस दौरान हमीरपुर जिले के 25 जांबाजों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित करेंगे। हमीरपुर में आयोजित होने वाला अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड तीसरा समारोह है।

गौरतलब है कि पहला 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' पिछले वर्ष जून महीने में कांगड़ा जिले के भदरोया (इंदौरा) में आयोजित किया गया था, जिसमें 20 से अधिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद दूसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' जून माह में ही धर्मशाला में आयोजित हुआ, जहां 30 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित कर 'अनंत ज्ञान' ने अपने सामाजिक दायित्व का सफल निर्वहन किया।


( संबंधित समाचार पृष्ठ 12 पर )





## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिक प्रेम सिंह ने थामा कांग्रेस का हाथ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत बघार के कोटि क्यारी गांव निवासी पूर्व सैनिक प्रेम सिंह (फौजी) ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली तथा जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने उनका पार्टी में स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि कांग्रेस में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और संगठन को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।

### मुख्यमंत्री से मिला चौपाल का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले की चौपाल नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमिता ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर नगर पंचायत चौपाल से जुड़ी विभिन्न विकासात्मक एवं जनहित की मांगों को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की आवश्यकताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनकी सभी न्यायोचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत चौपाल के पूर्व अध्यक्ष चंद्र मोहन ठाकुर तथा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव यशपाल तनैक भी उपस्थित रहे।

### लोअर चौगन-गलैहा संपर्क मार्ग की पासिंग से क्षेत्र में खुशी, शिक्षा मंत्री का जताया आभार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई उपमंडल की ग्राम पंचायत चौगन-कुल्टी में लोअर चौगन-लोअर गलैहा संपर्क मार्ग की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग किए जाने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने की दिशा में अहम कदम बताते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि सड़क बनने से लोगों की आवाजाही सुगम होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षा मंत्री के प्रयासों से जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग और एचआरटीसी के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# शिमला एमसी सदन में कूड़ा शुल्क की वसूली को लेकर जमकर हंगामा

## बिना शुल्क वाले घरों का होगा दोबारा सर्वे, गार्बेज आईडी होगी अनिवार्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** नगर निगम शिमला की मंगलवार को आयोजित सदन बैठक में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुल्क की वसूली को लेकर जमकर हंगामा हुआ। पार्षदों ने आरोप लगाया कि शहर के हजारों मकानों से नियमित रूप से कूड़ा तो उठाया जा रहा है, लेकिन उनसे निर्धारित उपयोगकर्ता शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इससे नगर निगम को हर माह लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। पार्षदों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पूरे मामले की दोबारा समीक्षा की जाएगी। इसके लिए शहर के सभी वार्डों में घर-घर जाकर नया सर्वे कराया जाएगा और प्रत्येक मकान की अलग गार्बेज आईडी तैयार की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी घर निगम के रिकॉर्ड से बाहर न रहे और प्रत्येक उपभोक्ता से नियमानुसार कूड़ा संग्रहण शुल्क लिया जा सके। सदन में अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जहां भी किसी कर्मचारी या सुपरवाइजर की लापरवाही सामने आएगी, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर संबंधित सुपरवाइजरों को निलंबित करने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। निगम प्रशासन का कहना है कि पारदर्शी व्यवस्था लागू होने से राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी।



शिमला नगर निगम की सदन बैठक में कूड़ा संग्रहण शुल्क व्यवस्था पर चर्चा करते पार्षद एवं अधिकारी। अनंत ज्ञान

### नई व्यवस्था से बढ़ेगी पारदर्शिता

**नगर** निगम का मानना है कि दोबारा सर्वे और गार्बेज आईडी प्रणाली लागू होने के बाद कूड़ा संग्रहण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। इससे शुल्क वसूली में अनियमितताओं पर रोक लगेगी, सभी उपभोक्ताओं का सही रिकॉर्ड तैयार होगा और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। सदन में पार्षदों ने इस पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और इसकी नियमित निगरानी करने पर भी जोर दिया।




### गैस सिलेंडर हादसा: 10 लाख बीमा व 70 हजार मुआवजे के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, शिमला ने गैस सिलेंडर हादसे में छह वर्षीय बच्चे की मौत के करीब 10 वर्ष पुराने मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, संबंधित गैस एजेंसी और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को संयुक्त रूप से 10 लाख रुपये की बीमा राशि और 70 हजार रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। ठियोग निवासी शिकायतकर्ता के अनुसार 13 दिसंबर 2011 को घरेलू गैस सिलेंडर में रेगुलेटर लगाते समय अचानक आग लग गई थी, जिससे उनके छह वर्षीय पुत्र की झुलसने और दम घुटने से मौत हो गई। आयोग ने कंपनियों की दलीलों को खारिज करते हुए पीड़ित परिवार को राहत प्रदान की।

आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि घरेलू एलपीजी गैस कनेक्शन के साथ मिलने वाले बीमा कवर की जानकारी प्रत्येक उपभोक्ता को देना गैस कंपनियों और वितरकों की जिम्मेदारी है। आयोग ने कहा कि कंपनियां एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पीड़ित को वर्षों तक परेशान नहीं कर सकतीं। साथ ही आदेश की प्रति आईआरडीए, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव को भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में सभी गैस उपभोक्ताओं को उनके बीमा अधिकारों की समय पर जानकारी सुनिश्चित की जा सके।

# राज्यपाल ने दिव्यांगजनों को वितरित किए कृत्रिम अंग

## लोक भवन में आयोजित शिविर में 15 दिव्यांग लाभार्थियों को मिले कृत्रिम अंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने सोमवार को लोक भवन में आयोजित कृत्रिम अंग वितरण शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर गैर सरकारी संस्था 'एक्ट ह्यूमेन' और हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 15 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए, जिससे उन्हें फिर से चलने-फिरने और आत्मनिर्भर जीवन जीने में सहायता मिलेगी। लाभार्थी ऊना, कांगड़ा, रोहड़ू, शिमला और सिरमौर से पहुंचे थे। इनका चयन चार जून को आयोजित पंजीकरण एवं स्वास्थ्य आकलन शिविर के आधार पर किया गया था।

राज्यपाल ने लाभार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली कठिन परिस्थितियां व्यक्ति की इच्छाशक्ति को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि ऐसे मानवीय प्रयास केवल शारीरिक सहारा ही नहीं देते, बल्कि लोगों में आत्मविश्वास, सम्मान और नई उम्मीद भी जगाते हैं। उन्होंने 'एक्ट ह्यूमेन' और राज्य रेडक्रॉस सोसायटी की सराहना करते हुए कहा कि दोनों संस्थाएं निस्वार्थ भाव से दिव्यांगजनों तक आधुनिक सहायक उपकरण पहुंचाकर समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य कर रही हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का भी आह्वान किया।



राज्यपाल दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरित करते हुए। अनंत ज्ञान

संस्था की संस्थापक हरलीन कौर ने बताया कि 'एक्ट ह्यूमेन' इससे पहले सोलन, कांगड़ा, धर्मशाला और मंडी में भी कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित कर चुकी है। संस्था जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रदेश में दिव्यांग अनुकूल सार्वजनिक सुविधाओं के विकास पर भी कार्य कर रही है। सोलन माल रोड स्थित चिल्ड्रन पार्क के अलावा शिमला के रानी झांसी पार्क और ब्रॉकहर्स्ट पार्क को भी दिव्यांगों के लिए सुलभ बनाया गया है, ताकि व्हीलचेयर उपयोगकर्ता और अन्य दिव्यांगजन भी इन सार्वजनिक स्थलों का सहज उपयोग कर सकें। इस अवसर पर संस्था के हिमाचल प्रबंधक योगेश शर्मा ने भी संस्था की विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

### सराज लंबाथाच कॉलेज में साइंस फैकल्टी हटाने के विरोध में आंदोलन तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई ने कहा कि 29 जून को सराज लंबाथाच कॉलेज में साइंस फैकल्टी को हटाने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में संगठन के नेतृत्व में विशाल एवं शांतिपूर्ण छात्र प्रदर्शन किया गया। संगठन के अनुसार प्रदर्शन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

एसएफआई का शिमला से जारी बयान में कहना है कि सिराज जैसे दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र से साइंस फैकल्टी हटाने का निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय होगा। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों की उच्च शिक्षा प्रभावित होगी और कई विद्यार्थियों के सामने पढ़ाई छोड़ने की नौबत आ सकती है। संगठन ने सरकार से साइंस फैकल्टी को यथावत बनाए रखने, रिक्त प्राध्यापकों के पद भरने, जियोग्राफी सहित आवश्यक विषयों को दोबारा शुरू करने तथा कॉलेज की शैक्षणिक सुविधाओं को मजबूत करने की मांग की है। एसएफआई ने कहा कि सरकार को शिक्षा सुविधाओं में कटौती करने के बजाय उन्हें और सुदृढ़ करना चाहिए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि साइंस फैकल्टी को हटाने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय जनता के सहयोग से व्यापक लोकतांत्रिक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और शिक्षा विभाग की होगी।

### एचपीयू भर्ती प्रक्रिया पर एसएफआई का घेराव, स्वतंत्र जांच की मांग

# रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं और छात्रों पर बढ़ते आर्थिक बोझ के विरोध में मंगलवार को स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन ने रजिस्ट्रार के माध्यम से कुलपति को दो ज्ञापन सौंपते हुए वर्ष 2019 की भर्ती विज्ञप्ति के तहत हुई दो नियुक्तियों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी अथवा उच्च स्तरीय समिति से समयबद्ध जांच कराने की मांग उठाई। एसएफआई का आरोप है कि विवि के निर्धारित नियमों और समय-सीमा की अनदेखी कर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया, जिससे पूरी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

एसएफआई के इकाई सचिव मुकेश और अध्यक्ष आशीष ने आरोप लगाया कि यूआईआईटी में सहायक आचार्य सिविल इंजयरिंग तथा आईसीडीईओएल में एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी की नियुक्तियों में भर्ती नियमों का उल्लंघन किया गया।



रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव करते कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

संगठन के अनुसार एक मामले में आवेदन निर्धारित अंतिम तिथि के बाद स्वीकार किया गया, जबकि दूसरे मामले में अंतिम तिथि के बाद अस्तित्व में आए दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों के आधार पर आरक्षित वर्ग का लाभ दिया गया। एसएफआई ने दोनों नियुक्तियों से जुड़े अभिलेख सार्वजनिक करने, स्वतंत्र जांच कराने तथा अनियमितता सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारियों एवं लाभार्थियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। संगठन ने विवि प्रशासन पर वित्तीय कुप्रबंधन और फिजूलखर्ची का आरोप लगाते हुए कहा कि इसका सीधा असर प्रदेश विवि और संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों पर पड़ रहा है।

एसएफआई ने छात्रों पर 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ाए गए आर्थिक बोझ को तत्काल वापस लेने, कथित रूप से गैरकानूनी ढंग से हुई भर्तियों की न्यायिक समीक्षा कराने तथा विवि में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने की मांग की।

# कोटखाई की गुम्मा पंचायत में कांग्रेस को झटका

## बूथ अध्यक्ष सहित 12 परिवार भाजपा में शामिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुम्मा में मंगलवार को कांग्रेस को उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष अश्वनी चौहान (टीटू) सहित 12 परिवारों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भाजपा नेताओं ने इसे क्षेत्र में पार्टी के बढ़ते जनसमर्थन का संकेत बताते हुए नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का भरोसा जताया।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अश्वनी चौहान (टीटू), यशपाल (ग्राम कुफर), सुबानन्द (ग्राम सेंज), विनोद (ग्राम सेंज), सुरेश डोगरा (ग्राम कुफर), मोहन लाल (ग्राम कोटला), राजू (ग्राम कुफर), अभिजीत, दीपक रांटा (ग्राम कुफर), बशीर दीन (ग्राम कनलोग), अवजेश (ग्राम कुफर) तथा हनीफ़ (ग्राम कनलोग) प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप तथा राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते नए सदस्य। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में जुब्बल-नावर-कोटखाई के वरिष्ठ भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा, विधायक संदीपनी भारद्वाज तथा भाजपा मंडल कोटखाई-नावर के अध्यक्ष सुंदर डोगरा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से लोगों का भाजपा के साथ जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी की नीतियों और विकासात्मक सोच पर लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

भाजपा नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नए सदस्यों के अनुभव और जनसंपर्क का लाभ संगठन को मिलेगा तथा आने वाले समय में क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नए सदस्य संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### आज कांग्रेस सरकार में दिखाई दे रही वीरभद्र सिंह की चेतावनी: हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कांग्रेस सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और जनता के जनादेश के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पंचायतों, ब्लॉक समितियों तथा जिला परिषदों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव इतने लंबे समय तक लंबित रखे गए हैं। उनका आरोप है कि जिन निकायों में कांग्रेस के पास बहुमत है वहां चुनाव तत्काल कराए जा रहे हैं, जबकि भाजपा समर्थित निर्वाचित प्रतिनिधियों वाले निकायों में चुनाव प्रक्रिया को जानबूझकर टालकर जनादेश को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है और जनता के विश्वास के साथ अन्याय कर रही है।



हर्ष महाजन ने शिमला से जारी बयान में कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकार ने कई बार नियमों और अधिसूचनाओं में बदलाव कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि हालिया संशोधनों के माध्यम से जिलाधीशों और एसडीएम को ऐसे अधिकार दिए गए हैं जिनका राजनीतिक दबाव में दुरुपयोग कर चुनावों को अनिश्चितकाल तक टाला जा सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेशभर में भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों और उनके परिवारों पर दबाव बनाया जा रहा है, झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं तथा प्रशासनिक एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिशोध के लिए किया जा रहा है। महाजन ने कहा कि यह स्थिति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है और जनता सब कुछ देख रही है। राज्यसभा सांसद ने प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों से संविधान, कानून और अपने विवेक के अनुसार निष्पक्ष होकर कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी राजनीतिक दबाव में न आएं।

**रणनीति** तस्करों की संपत्तियों पर कसेगा शिकंजा, डीसी ने अभियान तेज करने के दिए निर्देश

# नशे के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की तैयारी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में शिमला जिला प्रशासन ने अब केवल जागरूकता तक सीमित रहने के बजाय तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ उनकी संपत्तियों की पहचान और वित्तीय जांच भी तेज की जाएगी।

इसी कड़ी में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने अधिकारियों को नशा विरोधी अभियान की नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने, जमीनी स्तर पर गतिविधियां बढ़ाने और तय समय सीमा में कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय एन-कॉर्ड समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन, पुलिस, पंचायत प्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।




जिला स्तरीय एन-कॉर्ड समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी। अनंत ज्ञान

उपायुक्त ने सभी एसडीएम और राजस्व अधिकारियों को अगले 10 दिनों के भीतर नशा तस्करों की संपत्तियों की निशानदेही पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों की आर्थिक कमर तोड़ने में अहम साबित होगी। बैठक में बताया गया कि चौपाल में अफीम की खेती के तीन मामले सामने आए हैं, जबकि रोहड़ू क्षेत्र में ड्रोन सर्वे के दौरान लगभग 3500 अफीम के पौधों को नष्ट किया गया। वहीं रामपुर के तकलेच, सुंगरी और ननखड़ी क्षेत्रों में इस प्रकार का कोई मामला सामने नहीं आया है। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर नम्बरदारों, प्रधानों, उपप्रधानों और अन्य नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर मिलने वाली सूचनाएं नशे के नेटवर्क को तोड़ने में बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई सबसे प्रभावी हथियार होगी साबित: एसपी

**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने भी पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत आदतन अपराधियों की वित्तीय जांच मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई नशा तस्करों के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार साबित होगी। साथ ही शिक्षण संस्थानों में युवाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने और उनकी रिपोर्ट प्रशासन एवं पुलिस को भेजने के निर्देश दिए गए।

# शिमला शहर को जाम से राहत देने की तैयारी

## मंडियां और ट्रांसपोर्ट नगर होंगे शहर से बाहर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बड़ी पहल शुरू कर दी है। शहर की प्रमुख सब्जी मंडी, अनाज मंडी, लकड़ी मंडी और ट्रांसपोर्ट नगर को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम बढ़ा दिए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रस्तावित योजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा मेहली के समीप चिन्हित लगभग 300 बीघा भूमि का संयुक्त निरीक्षण भी किया गया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि शिमला शहर में प्रतिदिन वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे मंडियों और व्यावसायिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए प्रमुख मंडियों और ट्रांसपोर्ट नगर को शहर से बाहर स्थापित करने की योजना पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को बेहतर एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।



बैठक में बताया गया कि मेहली के समीप प्रस्तावित 300 बीघा भूमि इस परियोजना के लिए उपयुक्त पाई गई है। यह स्थल निर्माणाधीन मेहली-शोघी फोरलेन के निकट स्थित होने के कारण व्यापारियों, आढ़तियों और परिवहन से जुड़े लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग, एपीएमसी, परिवहन विभाग, नगर निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने स्थल का संयुक्त रूप से मूल्यांकन किया।

प्रस्तावित भूमि के निरीक्षण में नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा, एसडीएम शिमला (शहरी) ओशिन शर्मा, एसडीएम शिमला (ग्रामीण) मंजीत शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विश्व मोहन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगामी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### चंद्रोपा पट्टी में मनाया कबीर प्रकटोत्सव

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कबीर पंथी समाज सुधार सभा की ओर से चंद्रोपा पट्टी में 628वां कबीर प्रकटोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कबीरपंथी अनुयायी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। संत श्री करुणाकर जी महाराज ने कबीर साहिब के दोहों के माध्यम से प्रेम, सत्य, भाईचारे और सामाजिक कुरीतियों के त्याग का संदेश दिया। मुख्य अतिथि जिला कांगड़ा कबीरपंथी सभा के प्रधान प्रताप चंद ने होनहार बच्चों, जिला परिषद सदस्यों और नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत प्रधानों को सम्मानित किया। अंत में छबील और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

### दो दिवसीय कबीर जयंती महोत्सव संपन्न




**अनंत ज्ञान, डरोह।** कबीर धाम सेवा समिति, मरूहूं (तहसील धीरा) के तत्वावधान में 28-29 जून को दो दिवसीय कबीर जयंती महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालुओं ने सत्संग, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचनों में भाग लिया। सद्गुरु सत्यस्वरूप साहिब ने मानवता, प्रेम, समानता और सेवा का संदेश दिया। महोत्सव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर तथा विशाल भंडारे का भी सफल आयोजन किया गया।

### एचपीसीए गर्ल्स अंडर-15 क्रिकेट ट्रायल 5 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) सीजन 2026-27 के लिए गर्ल्स अंडर-15 वनडे टीम/कैंप और महिला रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी के चयन के लिए 5 जुलाई को सुबह 10 बजे एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम, धर्मशाला में ट्रायल आयोजित करेगा। सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों का जन्म 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच होना चाहिए। खिलाड़ी का हिमाचली होना या निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करना अनिवार्य है।

### दरीनी स्कूल में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दरीनी में एसएमसी की बैठक अध्यक्ष ऋषि पाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यालय के विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं, विद्यार्थियों की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने कक्षाओं एवं मध्याह्न भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर संतोष जताया। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने नवगठित एसएमसी का स्वागत करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में समिति से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि व अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### चेन्नई में बुलंद की हिमाचल की आवाज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** चेन्नई में आयोजित 'यूनियन टू यूनियन' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय श्रमिक कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व इंटक के जिला कांगड़ा अध्यक्ष संजय सैनी ने किया। बीडब्ल्यूआई और पीएसआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में श्रमिक अधिकारों, सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण पर चर्चा हुई। संजय सैनी ने हिमाचल में चल रही परियोजनाओं में श्रमिकों की समस्याएं उठाईं और यूनियन की उपलब्धियों तथा एमओयू की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच श्रमिक हितों को मजबूत करने में सहायक हैं।

### ट्रांसपोर्टरों के मामलों पर विचार 27 जुलाई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए), धर्मशाला की बैठक 27 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे मंडलायुक्त कार्यालय, धर्मशाला में आयोजित होगी। बैठक में ट्रांसपोर्टरों से संबंधित विभिन्न मामलों पर विचार किया जाएगा। आरटीए सचिव विकास जमवाल ने बताया कि 55 स्टेज कैरिज परमिटों के आवेदनों, परमिट स्थानांतरण, नवीनीकरण व बसों की क्षमता में बदलाव से जुड़े मामलों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सभी आवेदक 15 जुलाई तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन जमा करें, अन्यथा बाद में प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। देहरा क्षेत्र के मामलों पर आरटीए देहरा में ही विचार होगा।

### बैजनाथ में पंडित संतराम को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में स्व. पंडित संतराम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विधायक किशोरी लाल, बीडीसी अध्यक्ष संजय ठाकुर, उपाध्यक्ष पीरु राम सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल ने कहा कि स्व. पंडित संतराम के ईमानदार और सादगीपूर्ण जीवन को अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### जवाहरनगर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला विद्युत उप-मंडल नम्बर-1 के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 1 जुलाई सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक एजुकेशन बोर्ड, जवाहरनगर के आसपास के क्षेत्रों विद्युत आपूर्ति उपकरणों के रख-रखाव के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर शटडाउन अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### बीड़ में दुकानदार ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** दिल्ली से आए एक पर्यटक परिवार का आभूषण, नकदी और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग गुम हो गया। सूचना मिलते ही बीड़ पुलिस ने तुरंत तलाश शुरू की। देर रात बिलिंग पहुंचने पर स्थानीय दुकानदार राजा उर्फ़ कोमल ने बताया कि बैग उसकी दुकान पर छूट गया था, जिसे उसने सुरक्षित रख लिया था। पर्यटक परिवार ने बैग की पहचान की तो सभी सामान सुरक्षित मिला। परिवार ने दुकानदार और बीड़ पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि हिमाचल के लोगों की ईमानदारी पूरे देश के लिए मिसाल है।

### लोअर बोदा, सिहोटू में कल नहीं होगी बिजली

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने बताया कि 11 केवी डरोह लाइन को बदलने एवं आवश्यक रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य के कारण 2 जुलाई को लोअर बोदा, सिहोटू, मलोग, अटियाला दाई, बसकेहड़ आदि क्षेत्रों में सुबह 9:00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि निर्धारित अवधि के दौरान अपने आवश्यक कार्य पहले से ही निपटा लें तथा विद्युत बोर्ड का सहयोग करें। यदि मौसम खराब रहता है, तो कार्य अगले दिवस किया जाएगा।

# धर्मशाला कारागार की महिला बैरक से विचाराधीन कैदी फरार

## सर्च अभियान के दौरान नूरपुर पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त कारागार जेल धर्मशाला से विचाराधीन महिला बंदी फरार हो गई, जिसको ढूंढने के लिए चलाए गए सर्च अभियान के दौरान नूरपुर पुलिस व जेल स्टाफ ने कैदी को गिरफ्तार कर लिया। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए मामले की जांच एसपी लेवल के अधिकारी को सौंपी गई है। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 9:11 बजे लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त कारागार जेल, धर्मशाला से विचाराधीन महिला बंदी अरविंदर कौर पुत्री सुखविंदर कौर, निवासी ग्राम बल्टोहा जोधसिंह वाला, तहसील पट्टी, जिला तरनतारन (पंजाब), जो एफआईआर संख्या 52/2026, थाना नूरपुर, जिला नूरपुर, धारा 21 एवं 29 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन थी, महिला बैरक से फरार हो गई थी। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई तथा कैदी की तलाश के लिए व्यापक अभियान चलाया गया।

**◆ एसपी लेवल के अधिकारी करेंगे मामले की जांच**

पुलिस एवं जेल विभाग के समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप उक्त बंदी को लगभग दोपहर 12 बजे उप-कारागार नूरपुर के जेल स्टाफ तथा पुलिस स्टाफ द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जेल विभाग ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए उप महानिरीक्षक, उत्तरी रेंज एवं उनकी टीम का धन्यवाद किया है जिनके सहयोग से फरार कैदी को गिरफ्तार करना संभव हो सका तथा साथ ही पुलिस अधीक्षक, नूरपुर का भी विशेष आभार। उधर, जिला कारागार धर्मशाला के अधीक्षक विकास भटनागर ने बताया कि इस घटना की जांच कारागार विभाग द्वारा एसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है जिससे की इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो तथा साथ ही मामले में नियमानुसार विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई में सराहनीय साहस, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले वार्डर दीपक कुमार एवं वार्डर प्रीतम कुमार, उप-कारागार नूरपुर को महानिदेशक कारागार अभिषेक त्रिवेदी, भापुसे द्वारा डीजीएस डिस्क अवार्ड तथा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जा रहें है।

## महापौर व उपमहापौर पद के चुनाव के लिए बैठक आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के महापौर एवं उपमहापौर पद के निर्वाचन के लिए पुनः बैठक 1 जुलाई (बुधवार) को 3 बजे मिनी सचिवालय धर्मशाला स्थित कैबिनेट हॉल में आयोजित की जाएगी। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि 29 जून को आयोजित बैठक में नगर निगम धर्मशाला के नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई गई थी, लेकिन महापौर एवं उपमहापौर का चुनाव आवश्यक कोरम पूरा न होने के कारण संपन्न नहीं हो सका था। उपायुक्त ने बताया कि समस्त पार्षदों से 1 जुलाई को 3 बजे मिनी सचिवालय धर्मशाला स्थित कैबिनेट हॉल में उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया है। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुधीर शर्मा जोकि नगर निगम धर्मशाला के पदेन पार्षद भी हैं उन्हें भी निर्वाचन प्रक्रिया में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# बिना पर्यावरण संरक्षण के विकास बनेगा विनाश का कारण : डॉ. अशोक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में हाल के वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं के पीछे जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ अनियोजित विकास भी एक बड़ा कारण है। यह बात सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा अधिकारी एवं पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार सोमल ने मंगलवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि विकास कार्यों के दौरान पर्यावरणीय संतुलन की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, जिससे कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर की गई कटिंग से पर्वतों की प्राकृतिक ढलान और वनस्पति प्रभावित हुई है, जिससे भूस्खलन और मलबा बहने की घटनाएं बढ़ी हैं। डॉ. सोमल ने बताया कि 20 जून से उन्होंने फतेहपुर, पालमपुर, सराज, शिकारी देवी और करसोग क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि वर्ष 2025 में सबसे अधिक नुकसान सराज घाटी में हुआ, जहां वाखली खड्ड में भारी मात्रा में पानी, मिट्टी और लकड़ियां बहकर आईं। इससे पौंग बांध में भी बड़ी मात्रा में गाद जमा हुई, जिससे उसकी जल भंडारण क्षमता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि हिमालय और हिमाचल को सुरक्षित रखने के लिए विकास कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण, उचित जल निकासी व्यवस्था और सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) के सिद्धांतों को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही लोगों को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूक और सतर्क रहने की भी आवश्यकता है।

## धर्मशाला साई सेंटर की 5 महिला कबड्डी खिलाड़ी नेशनल कैंप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सेंटर की पांच महिला कबड्डी खिलाड़ियों का चयन नेशनल कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में पुष्पा, ज्योति, चंपा, भावना देवी और सिमरन कंबोज शामिल हैं, जो अब भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए अभ्यास करेंगी। इनके साथ कप्तान रितू नेगी भी कैंप में भाग ले रही हैं। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 23 जुलाई तक चलेगा, जिसमें देशभर की 25 श्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रदर्शन के आधार पर सितंबर-अक्टूबर 2026 में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए अंतिम टीम चुनी जाएगी। कोच पूजा ठाकुर ने इसे हिमाचल के लिए गौरव का क्षण बताते हुए खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# बहन की विदाई के कुछ ही देर बाद भाई की सड़क हादसे में मौत

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र की बाड़ी पंचायत के बढ़ाल गांव में मंगलवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय दिनेश शर्मा पुत्र घनश्याम शर्मा निवासी बाड़ी की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब वह अपनी बहन की विदाई के बाद उसके ससुराल तलवाड़ा से घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात दिनेश शर्मा की बहन का विवाह तलवाड़ा में संपन्न हुआ था। मंगलवार सुबह बहन की विदाई के बाद दिनेश अपनी कार से घर के लिए रवाना हुआ। बढ़ाल के समीप उसकी कार अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



हादसे के बाद वह किसी तरह वाहन से बाहर निकल आया, लेकिन सुबह का समय होने के कारण काफी देर तक किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। बाद में स्थानीय लोगों ने उसे सड़क किनारे घायल अवस्था में देखा और तुरंत निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस थाना संसारपुर टैरेस के प्रभारी संजय शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देहरा अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के अनुसार दिनेश शर्मा का विवाह भी करीब छह माह बाद होने वाला था। लेकिन उससे पहले ही इस दर्दनाक हादसे ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल देहरा ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सभी साक्ष्य जुटा रही है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस महासचिव ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस असहनीय दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं।

**◆ बढ़ाल गांव में हुआ हादसा शादी के बाद लौट रहा था घर**

## एचपीयू प्रवेश परीक्षा पास विद्यार्थी दाखिले के लिए 15 तक जमा करवाएं आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र, मोहली (खनियारा), धर्मशाला के निदेशक कुलदीप कुमार ने बताया कि विभिन्न स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। जिन छात्रों ने एमए संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, एमकॉम, एमएससी गणित, एमबीए, एमसीए (दो वर्षीय) तथा एलएलबी (तीन वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे 15 जुलाई सायं 5 बजे तक अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र सहित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एमएससी भू-गर्भविज्ञान और पीजीडीसीए में प्रवेश योग्यता के आधार पर होगा। अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट से विवरणिका व आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## नरघोटा सड़क हादसे की होगी हर पहलू से जांच पीड़ित परिवार को मिलेगा मुआवजा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के अंतर्गत नरघोटा क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय अक्षय कोड़ा की मौत के मामले में अब प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। मृतक युवक के परिजन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले और हादसे की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग उठाई। इस संबंध में डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि हादसे की हर पहलू से जांच की जा रही है। जांच में देखा जाएगा कि दुर्घटना का कारण चालक की कोई चूक, वाहन का मैकेनिकल फेलियर या कोई अन्य वजह तो नहीं थी। इसके साथ ही सड़क की डिजाइन में किसी प्रकार की खामी रही है या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। डीसी ने बताया कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत राशि उपलब्ध करवा दी गई है और आपदा राहत नियमावली के तहत देय पूरा मुआवजा भी शीघ्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन की संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। डीसी ने बताया कि सड़क डिजाइन में संभावित खामियों को दूर करने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यदि जांच में यह सामने आता है कि सड़क की खामी हादसे का कारण बनी, तो संबंधित कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साइन बोर्ड नहीं होने के कारण हादसा होने संबंधी परिजनों के आरोपों पर डीसी ने कहा कि यह जांच का विषय है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**◆ सीएम से मिले मृतक युवक के परिजन**

**◆ बेटे की मौत की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

## धर्मशाला की काकुल का भारतीय अंडर-18 वॉलीबॉल टीम में चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई), धर्मशाला की प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ी काकुल का चयन अंडर-18 एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय बालिका टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 तक थाईलैंड में आयोजित की जाएगी। शिमला जिले के एक ग्रामीण क्षेत्र से संबंध रखने वाली सुश्री काकुल ने 18 जून 2024 को साई एनसीओई, धर्मशाला में प्रवेश लिया था। पिछले लगभग दो वर्षों के 6दौरान उन्होंने केंद्र में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित, कठोर एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण प्राप्त किया। उनकी अथक मेहनत, अनुशासन, खेल के प्रति समर्पण तथा निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप उन्हें भारतीय टीम में स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत लगन और संघर्ष का प्रमाण है, बल्कि साई एनसीओई, धर्मशाला द्वारा खिलाड़ियों को प्रदान किए जा रहे उच्चस्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाओं का भी परिचायक है।

## भाजपा ने 3 कांग्रेस पार्षदों पर लगाए अतिक्रमण के आरोप, उपायुक्त को सौंपी शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव से अतिक्रमण का मुद्दा छाया हुआ है। भाजपा ने कांग्रेस के तीन नवनिर्वाचित पार्षदों और एक पूर्व पार्षद प्रत्याशी पर सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण के आरोप लगाते हुए डीसी को शिकायत सौंपी है। शिकायत में मामले की निष्पक्ष जांच करवाने और आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। भाजपा का आरोप है कि संबंधित कांग्रेस नेताओं ने सरकारी भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया है। शिकायत में कहा गया है कि यदि जांच में आरोप प्रमाणित होते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। निर्वाचित पार्षदों के मामलों में कानूनी प्रावधानों के तहत उनकी सदस्यता पर पड़ने वाले प्रभाव की भी जांच की जानी चाहिए। नगर निगम धर्मशाला के चुनाव में भाजपा ने 17 में से 11 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं, जबकि एक सीट निर्दलीय प्रत्याशी के खाते में गई हैं। ऐसे में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव से पहले सामने आए इन आरोपों ने स्थानीय राजनीति का माहौल और गर्मा दिया है। कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने भाजपा के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जिन पार्षदों पर आरोप लगाए गए हैं, उनके मामलों की किसी भी एजेंसी से जांच करवाई जा सकती है। धर्मशाला भाजपा मंडलाध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह नैहरिया का कहना है कि कांग्रेस पार्षदों के खिलाफ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत जिलाधीश को सौंपी है। इसके अलावा इसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री कार्यालय, निदेशक शहरी विकास, शहरी विकास मंत्रालय, हिमाचल प्रदेश सरकार के सचिव, प्रदेश राजस्व विभाग तथा एसडीएम धर्मशाला कार्यालय को भी प्रेषित की है। डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के आधार पर नियमानुसार मामले की जांच करवाई जाएगी।

# रैत पंचायत समिति में भाजपा की जीत रंजना चेयरमैन, अश्वनी बने वाइस चेयरमैन

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** विकास खंड रैत की पंचायत समिति के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन का चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ। 26 सदस्यीय पंचायत समिति में दोनों प्रमुख पदों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। चेयरमैन पद पर भाजपा समर्थित रंजना देवी ने 14 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि वाइस चेयरमैन पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के अश्वनी कुमार ने 16 मत प्राप्त कर विजय हासिल की।

चुनाव प्रक्रिया विकास खंड रैत कार्यालय के सभागार में उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) गणेश ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुई।

चुनाव के दौरान पंचायत समिति के सभी 26 निर्वाचित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान कर नए चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन का चयन किया। प्रशासन ने चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए थे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विकास खंड कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी ने नव निर्वाचित चेयरमैन रंजना देवी एवं वाइस चेयरमैन अश्वनी कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों और समान विकास की सोच पर जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि विकास खंड रैत में भाजपा का यह लगातार छठी बार चेयरमैन पद पर कब्जा है, जो क्षेत्र में पार्टी की मजबूत पकड़ और जनसमर्थन को दर्शाता है।




चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह।

# मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**आशीष दामीर। कांगड़ा।** सीटी यूनिवर्सिटी ने कांगड़ा में शाइनिंग स्टार एक्सीलेंस अवाड्र्स 2026 का आयोजन किया। यह प्रतिष्ठित समारोह विभिन्न विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, 40 प्रधानाचार्य एवं शिक्षक भी इस भव्य समारोह का हिस्सा बने।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जेएस गुलेरिया, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं प्रधानाचार्य निरीक्षण उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए निरंतर सीखने, अनुशासन एवं नवाचार के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि में रविंदर राणा, अध्यक्ष, पंजाब एवं हरियाणा गोरखा एसोसिएशन; अनुराग, प्रधानाचार्य, गैलेक्सी स्कूल, नगरोटा बगवां एवं राज्य अध्यक्ष, अखिल भारतीय प्रधानाचार्य संघ, दोरजी, निदेशक, टीसीवी स्कूल धर्मशाला तथा मनीषा बसनेट, प्रधानाचार्या सीटी पब्लिक स्कूल मकसूदां एवं सदस्य, अखिल भारतीय प्रधानाचार्य संघ शामिल रहे।

सभी अतिथियों ने युवा प्रतिभाओं को सम्मानित करने तथा विद्यार्थियों को सार्थक करियर मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में सीटी यूनिवर्सिटी के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में कांगड़ा एवं आसपास के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने भी भाग लिया।

**◆ सीटी यूनिवर्सिटी ने कांगड़ा में किया 'शाइनिंग स्टार एक्सीलेंस अवाड्र्स 2026' का आयोजन**

## एसआईएचएम में प्रवेश के लिए 3 जुलाई को होगी ऑनलाइन परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम), धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएससी हॉस्पिटैलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह संस्थान राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद, नई दिल्ली से संबद्ध है तथा पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रायोजित है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष प्रवेश ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होंगे। परीक्षा का पहला चरण 3 जुलाई 2026 को आयोजित किया जाएगा, जबकि इच्छुक अभ्यर्थी 1 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह स्नातक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को आतिथ्य एवं पर्यटन उद्योग में रोजगार और करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध कराता है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को होटल प्रबंधन, खाद्य उत्पादन, खाद्य एवं पेय सेवा, फ्रंट ऑफिस तथा हाउसकीपिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों का व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान दिया जाता है। पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली द्वारा डिग्री प्रदान की जाएगी।

# अमरनाथ यात्रा से पहले पंजाब में अभेद्य सुरक्षा कवच, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों का पहरा

## शंभू से माधोपुर तक हाई अलर्ट, सेना-बीएसएफ-पुलिस ने संभाला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए पंजाब पुलिस, भारतीय सेना, बीएसएफ, केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों और सिविल प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। श्रद्धालुओं की आवाजाही 1 जुलाई से शुरू होने की संभावना को देखते हुए राज्यभर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संवेदनशील स्थानों पर पैरामिलिट्री की नौ कंपनियां तैनात की गई हैं, जबकि आधुनिक निगरानी उपकरणों और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।



शंभू बैरियर से लेकर माधोपुर बॉर्डर तक कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पंजाब-जम्मू सीमा पर आधुनिक कमांड सेंटर, सीसीटीवी, शौचालय, वाटर कूलर और सात क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई हैं। हाईवे पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लंगर लगाए जा रहे हैं और आपात स्थिति में पठानकोट में ठहरने की विशेष व्यवस्था भी तैयार रखी गई है। डीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रवीण कुमार सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बिना पंजीकरण यात्रा पर न निकलने, केवल निर्धारित मार्ग का उपयोग करने तथा सुरक्षा एजेंसियों और फील्ड अधिकारियों के निर्देशों का पूर्ण पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यात्रा की सुरक्षा के लिए हर संभावित खतरे को ध्यान में रखकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# 'वीबी जी राम जी' योजना से हिमाचल पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ : कल्याण भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आम आदमी पार्टी हिमाचल के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने केंद्र सरकार की नई विकसित भारत-गारंटी रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वी-बी- जी-राम-जी) योजना पर तीखी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों के हितों के खिलाफ कदम है। सूचना के अधिकार अधिनियम के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों से स्पष्ट हुआ है कि कई राज्यों ने इस योजना की वित्तीय संरचना, मजदूरी दरों और अन्य प्रावधानों पर गंभीर आपत्तियां उठाई हैं। इसके बावजूद केंद्र ने बिना सही बैलेंस बनाए योजना लागू करने की तीव्रता दिखाई है।



भंडारी ने बताया कि सबसे चिंता की बात वित्तीय साझेदारी का परिवर्तन है। जहां मनरेगा के अंतर्गत हिमाचल जैसे विशेष श्रेणी वाले पर्वतीय राज्यों के लिए शत-प्रतिशत वित्तीय पोषण केंद्र सरकार द्वारा किया जाता रहा था, वहीं नई वीबी जी-राम-जी योजना में यह घटाकर 90:10 कर दिया गया है। ऐसे में सीमित संसाधनों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और उच्च विकास लागत वाले हिमाचल पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। अन्य राज्यों के लिए यह अनुपात 60:40 का है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि हिमाचल समेत सभी विशेष श्रेणी के पर्वतीय राज्यों के लिए मनरेगा-तर्ज पर शत-प्रतिशत वित्तीय पोषण के प्रावधान को तुरंत बहाल किया जाए। महंगाई के अनुरूप संशोधित किया जाए तथा योजना के विवादास्पद प्रावधानों पर राज्यों के साथ पुनः विस्तृत और पारदर्शी विचार-विमर्श किया जाए

**◆ कहा- केंद्र तुरंत वित्तीय पोषण का शत-प्रतिशत फार्मूला करे बहाल**

## शासन गांव में स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर व पेयजल स्रोतों को संवारा



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवक किए सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** साईं विजन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, भरेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। शिविर में 35 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनमें 17 छात्राएं और 18 छात्र शामिल रहे। समापन समारोह में जिला परिषद सदस्य अनीता शर्मा मुख्य अतिथि तथा पुष्पा शर्मा विशेष अतिथि रहीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम अधिकारी हरीश कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर और पेयजल स्रोतों की सफाई के साथ-साथ प्रस्तावित खेल मैदान के लिए श्रमदान भी किया। समापन पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। कनिका को बेस्ट वॉलंटियर गर्ल और आदित्य को बेस्ट वॉलंटियर बॉय चुना गया। अन्य टीमों को भी विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की सामाजिक सेवा भावना और अनुशासन की सराहना की।

# बस्सी-तत्ताहर सड़क पर निर्माणाधीन 3 पुलों की धीमी रफ्तार से लोग चिंतित

## बरसात शुरू होने पर सड़क संपर्क बाधित होने की बनी आशंका

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के अंतर्गत बस्सी से तत्ताहर सड़क मार्ग पर निर्माणाधीन तीन पुलों का कार्य धीमी गति से चलने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। बरसात का मौसम नजदीक होने से लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो इस मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हो सकती है।

जानकारी के अनुसार, पहला पुल खड्ड बाजार के पास, दूसरा फगलोट में तथा तीसरा पुल डली के समीप बनाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल रहा है। ऐसे में बरसात शुरू होने पर सड़क संपर्क बाधित होने


बस्सी-तत्ताहर मार्ग पर निर्माणाधीन पुल। अनंत ज्ञान

की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। पुलों का निर्माण समय पर पूरा न होने की स्थिति में विद्यार्थियों, कर्मचारियों, मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

स्थानीय ग्रामीणों विनय, संतोष, पवन, आशीष, दिनेश कुमार, संजय कुमार, अमन, रीना, सुमना, रचना और ईशा सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसात से पहले पुलों का कार्य पूरा होना आवश्यक है ताकि क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था प्रभावित न हो। उधर, इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग अनुभाग भरेड़ी प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग निर्माण कार्य पर लगातार नजर बनाए हुए है और तीनों पुलों का निर्माण जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी लाई जा रही है ताकि बरसात के मौसम से पहले लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

## विकास के नाम पर झूठा प्रचार कर रही है सुक्खू सरकार : विक्रमजीत

- हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को धरातल पर उतारने का श्रेय अनुराग को

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर के मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल ने कांग्रेस सरकार और उसके नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपनी विकासहीन कार्यशैली को छिपाने के लिए झूठे प्रचार और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनके समर्थक विधायक हमीरपुर मेडिकल कॉलेज का श्रेय लेने की होड़ में लगे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि वर्ष 2014 में केवल एक एमओयू पर हस्ताक्षर करने के अलावा कांग्रेस सरकार इस परियोजना के लिए न तो पर्याप्त बजट उपलब्ध करा सकी और न ही इसे आगे बढ़ाने की कोई गंभीर पहल कर सकी। बन्याल ने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को वास्तविक स्वरूप दिलाने का श्रेय पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के निरंतर प्रयासों, प्रभावी पैरवी और केंद्र सरकार के सहयोग को जाता है। उन्होंने कहा कि अनुराग ने इस परियोजना को केवल घोषणा तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि इसे स्वीकृति दिलाने, आवश्यक वित्तीय सहयोग सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्य को गति देने के लिए लगातार प्रयास किए। आज जिस मेडिकल कॉलेज का लाभ हमीरपुर और आसपास के हजारों लोग प्राप्त कर रहे हैं, वह भाजपा सरकार की विकासोन्मुखी सोच और अनुराग सिंह ठाकुर की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

## विधायक लखनपाल जनता को गुमराह करना बंद करें : पवन

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर कांग्रेस के नेताओं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश सचिव कांग्रेस कमल पठानिया, राजेश वन्याल, नरेश लखनपाल, विपिन ढटवालिया , डैनी जसवाल और रूबल ठाकुर ने संयुक्त बयान जारी कर मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के संबंध में बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल द्वारा दिए जा रहे बयानों पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।

उन्होंने कहा कि यदि तथ्यों और दस्तावेजों की बात करनी है तो पूरे सच को स्वीकार करना होगा, न कि राजनीतिक सुविधा के अनुसार चुनिंदा बातें जनता के सामने रखी जाएं। उन्होंने कहा कि जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की मूल अनुमानित लागत 355 करोड़ रुपए थी। वर्ष 2018-19 में केंद्र सरकार की ओर से 170.09 करोड़ रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 18.90 करोड़ रुपए का प्रारंभिक आवंटन किया गया। इसके बाद परियोजना के निर्माण के लिए अलग-अलग चरणों में वित्तीय स्वीकृतियां जारी होती रहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार के कार्यकाल में



मेडिकल कॉलेज के विस्तार के लिए डॉक्टर रेजिडेंस (13.20 करोड़ रुपए), गर्ल्स हॉस्टल (15 करोड़ रुपए), 300 बेड अस्पताल (193 करोड़ रुपए), कैंसर एक्सीलेंस सेंटर (85 करोड़ रुपए), 300 बेड सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (150 करोड़ रुपए) तथा ऑडिटोरियम (6 करोड़ रुपए) की स्वीकृति दी गई है।

उन्होंने कहा कि विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और सांसद अनुराग को जनता को भ्रमित करने के बजाय तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर बात करनी चाहिए। विकास कार्य किसी एक व्यक्ति या दल की जागीर नहीं होते और जनता अधूरे तथ्यों से गुमराह होने वाली नहीं है।

## डेढ़ साल पहले पावर हाउस तैयार सरकार करंट लेकर फरार : राणा

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर/हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि डेढ़ साल पहले आंसला में स्थापित 33 केवी सब स्टेशन पटलांदर को सरकार जानबूझकर चालू क्यों नहीं कर रही? क्या 4 साल में सरकार का फ्यूज भी उड़ गया है, जो सरकार करंट लेकर फरार हो गई है? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सुजानपुर की जनता से बदले की राजनीति कर सारी हदें पार कर दी हैं।

यह हाल वैसा है, जैसे एटीएम मशीन में पैसे भरे हों, पर बैंक मैनेजर ने द्वेष भावना से पिन लॉक कर दिया हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कम वोल्टेज और दिन में 10-10 बार बिजली की आंख-मिचौली की समस्या से छुटकारा दिलाने को इस सब स्टेशन को स्थापित किया था, ताकि जनता को भी समस्या न आए और पहले ही कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे बिजली बोर्ड को भी राहत मिले। बोर्ड के हरेक सेक्शन में 1 या 2 कर्मचारी ही बचे हैं।, लेकिन सरकार की नालायकी के चलते जनता से सीधे तौर से जुड़े इस महकमे में भर्तियां बंद हैं और तरह-तरह के 'सेस' लगाकर बिजली भी दोगुनी महंगी कर दी है। इन परेशानियों को दूर करने के लिए ही सब-स्टेशन को विधायक रहते हुए उन्होंने फाइल से लेकर फीते तक खुद दौड़कर स्वीकृत करवाया और बनवाया था। लेकिन 4 साल से 'सरकार कंगाल है' का रोना रोने वाले मुख्यमंत्री न तो युवाओं को रोजगार दे सके और अब महंगी बिजली सप्लाई देने में भी सरकार के हाथ कांप रहे हैं। सुजानपुर का बच्चा-बच्चा पूछ रहा है कि हमें अंधेरे में रहकर पढ़ाई क्यों करनी पड़ रही है? क्या जनता से सुविधा छीनकर स्थानीय विधायक के ए.सी. का बिल भरा जा रहा है? या फिर उनके नाम का स्टीकर लगा देखकर स्थानीय विधायक और सरकार को करंट लग रहा है? उन्होंने कांग्रेस और विधायकी को इसलिए त्यागा था, क्योंकि मुख्यमंत्री सुजानपुर की हर फाइल को कूड़ेदान का रास्ता दिखा रहे थे। सुजानपुर से दुश्मनी का मीटर अब और नहीं चलने देंगे। बिजली-पानी रोकने की घटिया राजनीति बहुत हो गई। सरकार याद रखे कि सब स्टेशन बंद रखा जा सकता है, जनता का गुस्सा नहीं और अब सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

## सुनील बिट्टू ने बाड़ी फरनोल में सुनीं जनसमस्याएं


समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कदम उठाने के दिए निर्देश। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मंगलवार को बाड़ी फरनोल पंचायत का दौरा किया और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं।

इस अवसर पर लोगों ने पंचायत के संपर्क मार्गों, सोलर लाइटों और मोक्षधाम इत्यादि से संबंधित कई समस्याएं सुनील शर्मा बिट्टू के समक्ष रखीं। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि क्षेत्र की सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिला हमीरपुर के लिए मेडिकल कालेज, नर्सिंग कॉलेज, डेंटल कॉलेज, कैंसर केयर संस्थान, बस स्टैंड, नगर निगम, सिटी सेंटर और हेलीपोर्ट जैसी कई ऐसी बड़ी परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिससे यह जिला विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय पंचायत के वार्ड पंच सुशील कुमार, बलजीत सिंह, सोमा, पूनम कुमारी और किरण कुमारी, सुरेश कुमार, शंभूनाथ, रघुवीर सिंह, कुलदीप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भोटा में 25 लोगों ने किया रक्तदान




अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में रेड रिबन क्लब सीएमओ हमीरपुर के सौजन्य से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों तथा स्टाफ के सदस्यों ने रक्तदान किया। यह शिविर डॉ. राधाकृष्णन सिविल अस्पताल के डॉ. नईम अहमद, वरिष्ठ लैब टैक्निशियन मंजू चंदेल व प्रेम लता स्टाफ राजेंद्र तथा अशोक की सफलतापूर्वक करवाया। इस रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों, भोटा व गांव मनसुई के निवासियों ने भी बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। इस शिविर में कुल 25 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में कॉलेज कमेटी के सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, रेड रिबन क्लब के समन्वयक मनीषा तथा बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## 35 वर्ष की सेवा के बाद धनेटा स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा के प्रधानाचार्य राज कुमार सिंह 35 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। विद्यालय परिसर में भव्य विदाई समारोह आयोजित हुआ, जिसमें उन्हें सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का महत्व बताया तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया।




उन्होंने विद्यालय विकास हेतु 21 हजार रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## गोशाला भड़ोली भगौर मेले में उमड़ी भारी भीड़



मेले के दूसरे दिन श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों की उमड़ी भारी भीड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धनेटा।** उपमंडल नादौन के तहत आयोजित तीन दिवसीय ऐतिहासिक गोशाला भड़ोली भगौर मेले के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी।

सोमवार रात तथा मंगलवार सुबह हुई भारी वर्षा के कारण मेले में पहुंचे दुकानदारों को कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ा, लेकिन दोपहर बाद मौसम साफ होते ही मेला परिसर में फिर से रौनक लौट आई और बड़ी संख्या में लोग मेले का आनंद लेने पहुंचे। सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी गायिका शैलजा तथा बाल कलाकार कनिका, आरुषि सहित अन्य प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मेले के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि ध्यान चंद (कारोबारी) रहे। उन्होंने मेले में पहुंचकर आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पारंपरिक मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मेला समिति के प्रधान राजेंद्र शर्मा तथा आयोजन समिति के सदस्य विनोद कुमार ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में अधिक संख्या में श्रद्धालु, दर्शक एवं दुकानदार मेले में पहुंच रहे हैं, जिससे मेले की रौनक और भी बढ़ गई है।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से तीसरे एवं अंतिम दिन भी अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। आयोजन समिति ने बताया कि मेले के अंतिम दिन 30 जून को प्रसिद्ध पहाड़ी गायक हंसराज तथा पंजाबी गायक गुरप्रीत गुप्पी अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे।

## पीएमएसबीवाई के तहत लाभार्थी को मिला 1 लाख रुपए का क्लेम


ग्रामीण बैंक ने लाख रुपए की क्लेम राशि का चेक प्रदान किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की भोरंज शाखा द्वारा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत एक हाथ की स्थायी क्षति के क्लेम का सफल निपटारा करते हुए संजीव कुमार पुत्र लेख राम, निवासी गांव पिधारता, तहसील भोरंज, को 1 लाख रुपए की क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया।

बताया गया कि घास काटने वाली मशीन से दुर्घटना होने के कारण संजीव कुमार के दाहिने हाथ की अंगुलियां काटनी पड़ीं। दुर्घटना के समय उनका प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा सक्रिय था। क्लेम प्रस्तुत किए जाने के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बैंक द्वारा शीघ्र कार्रवाई करते हुए उन्हें 1 लाख रुपए की क्लेम राशि स्वीकृत कर प्रदान की गई। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक पल्लवी शर्मा, सहायक प्रबंधक अनुराधा तथा कार्यालय सहायक सुनील कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मात्र 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर उपलब्ध है। योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु अथवा पूर्ण स्थायी क्षति होने पर 2 लाख रुपए तथा आंशिक स्थायी क्षति होने पर 1 लाख रुपए की बीमा सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने लोगों से इस जनकल्याणकारी योजना से अधिक से अधिक जुड़ने का आह्वान भी किया।

## जमली धाम में 15 किलो अष्टधातु की जलधारी चढ़ी महाकाल को

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** ठाकुर द्वारा गोशाला परिसर में क्षेत्र के दानवीर शिव भक्तों नें मध्यप्रदेश के वकावा गांव से नर्मदा नदी से निकले पत्थर से शिवलिंग जलधारी एवं नंदी लाकर 9 अगस्त 2025 रक्षाबंधन के अवसर पर पूरे विधान के साथ हमीरपुर में पहले श्री महाकाल चमत्कारी महादेव की स्थापना की थी।

कमेटी द्वारा महाकाल की सेवा के लिए एक पंडित की व्यवस्था की ताकि दो समय महाकाल का श्रृंगार, आरती एवं भोग की व्यवस्था हो सके। जब से जमली धाम में महाकाल की स्थापना हुई है तब से लगातार मंदिर में विकास के नए-नए कार्य महादेव की कृपा से हो रहे है। होशियारपुर से दो कारीगरों ने 15 किलोग्राम अष्टधातु से इस महाकाल की जलधारी की मढवाई कर दी। कमेटी ने उनको सम्मानित किया और वे कुछ लिए बिना चले गए। तथा उस दानवीर का नाम बताने से भी मना कर दिया तथा कहा कि हमें सारी राशि उस व्यक्ति ने दे दी। गोशाला कमेटी व मंदिर कमेटी जमली धाम ने उस अज्ञात दानवीर का समाचार पत्र के माध्यम से धन्यवाद किया तथा चमत्कारी महादेव से उस दानवीर के लिए सुख, समृद्धि, वंश वृद्धि एवं कारोबार की कामना की है।



## नव विभोर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली



रैली निकालते नव विभोर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जाहू।** नव विभोर पब्लिक स्कूल, सुलगवान के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को गुड सेमेरिटन लॉ के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सुलगवान से जाहू और वापस सुलगवान तक जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए प्रेरित करना तथा गुड सेमेरिटन कानून की जानकारी देना था।

रैली में विद्यार्थियों ने बैनर, पोस्टर, स्लोगन, भाषण और लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि गुड सेमेरिटन लॉ के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले नागरिक को कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाती है। ऐसे व्यक्ति को अनावश्यक पुलिस पूछताछ या कानूनी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता, जिससे लोग बिना किसी भय के जरूरतमंदों की मदद कर सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम और गुड सेमेरिटन लॉ के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर सहायता पहुंचाना मानवता का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने कहा कि इस कानून का उद्देश्य लोगों के मन से कानूनी भय दूर करना और समाज में सहायता की भावना को बढ़ावा देना है। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने 'सड़क सुरक्षा, जीवन की रक्षा', 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी', 'शराब पीकर वाहन न चलाएं' तथा 'वाहन धीमा चलाएं' जैसे नारों के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों की आवाज बुलंद, पेंशन बढ़ाने और सुविधा केंद्र खोलने की मांग

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद हिमाचल प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को भरेड़ी में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सरकार से सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी, प्रत्येक जिला एवं तहसील में वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र स्थापित करने तथा राज्य स्तरीय हेल्पलाइन शुरू करने की मांग उठाई गई।

परिषद के मुख्य संरक्षक आरएस राणा ने बताया कि बैठक की शुरुआत परिषद के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय एमसी चौहान सहित दिवंगत सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। महासचिव एसएस चंदेल ने विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों का स्वागत किया और परिषद की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक अवस्थी ने



भरेड़ी में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

कहा कि परिषद की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए मांगपत्र में वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, राज्य स्तरीय हेल्पलाइन, विभिन्न सरकारी समितियों में वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध योजनाओं की प्रभावी निगरानी तथा प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में देहदान और अंगदान पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। बैठक में निर्णय लिया कि आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेशभर में नशा निवारण जन-जागरुकता अभियान के तहत रैलियां आयोजित करने तथा 1 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन जाहू/सरकाघाट में करने का भी निर्णय लिया गया। परिषद ने वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लंबित वित्तीय बकायों का शीघ्र भुगतान करने की मांग भी सरकार से की। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मस्तराम वर्मा, प्रताप ठाकुर, मुख्य सलाहकार राजेंद्र शर्मा, डॉ. जयराम, प्रेम कुमारी, चंपा शर्मा, प्रकाश चौहान, नेक राम आदि मौजूद रहे।

# गुमशुदा कांस्टेबल मामला : ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

## सात दिन में कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी दी

अनंत ज्ञान



एसपी कार्यालय के बाहर मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण और परिजन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** गुमशुदा पुलिस कांस्टेबल अजय कुमार की तलाश में तेजी लाने की मांग को लेकर सोमवार को महादेव गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने मंडी स्थित पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों और परिजनों ने अजय कुमार का जल्द पता लगाने तथा मामले में प्रभावी कार्रवाई करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि अजय कुमार के लापता होने के बाद परिवार लगातार चिंता में है और उन्हें अब तक उसके संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए खोज अभियान में तेजी लाने तथा परिवार को नियमित रूप से जांच की प्रगति से अवगत करवाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों और परिजनों के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी मंडी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अजय कुमार की शीघ्र तलाश सुनिश्चित करने और मामले की गहन जांच करने का आग्रह किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सात दिनों के भीतर जांच में ठोस प्रगति नहीं होती और परिवार को संतोषजनक जानकारी नहीं मिलती, तो वे अगले चरण में चक्का जाम और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और परिजन उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल अजय कुमार का पता लगाना और परिवार को न्याय दिलाना है। उन्होंने प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ मामले का शीघ्र समाधान करने की अपील की।

## धर्मपुर में मारपीट का क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर के थाना क्षेत्र में मारपीट की दो क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज और हमला करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष के अनुसार, लेखराज (49), निवासी गांव बारल, 29 जून को स्कूटी से बरोटी बाजार से लौट रहा था। आरोप है कि बारल पहुंचने पर रतन चंद ने उसे गालियां दीं और डंडे से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि घर की ओर जाते समय रास्ता रोककर फिर से मारपीट की गई, जिसके बाद उसकी पत्नी और पुत्र ने मौके पर पहुंचकर उसे बचाया।

दूसरे पक्ष से रतन चंद (65) ने आरोप लगाया कि वह अपनी करियाना दुकान पर बैठा था, तभी लेखराज वहां आया और गाली-गलौज करते हुए, गले से पकड़कर धक्का-मुक्की की। बाद में डंडे से हमला करने और बेटे व पत्नी के शामिल होने का भी आरोप लगाया गया। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

# विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग को लेकर संधोल में जनआंदोलन तेज, तीसरे दिन भी धरना जारी

अनंत ज्ञान



आंदोलन को व्यापक समर्थन मिल रहा है। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर शुरू हुआ जनआंदोलन मंगलवार को तीसरे दिन भी लगातार जारी रहा। आंदोलन के तीसरे दिन गांव चतरोन के अविनाश ठाकुर और गांव सोहर के अविनाश भनवाल क्रमिक अनशन पर बैठे। वहीं सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न गांवों, पंचायतों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर पूरे दिन लोगों की आवाजाही बनी रही।

स्थानीय लोगों ने आंदोलनकारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह केवल अस्पताल की मांग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के बेहतर स्वास्थ्य अधिकारों की लड़ाई है। नारी शक्ति की सदस्याओं ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया और कहा कि संधोल अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। युवा शक्ति के प्रतिनिधियों ने कहा कि आंदोलन को लगातार जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। क्षेत्र के लोगों की बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि संधोल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी अब पूरे क्षेत्र की गंभीर चिंता बन चुकी है। आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग की कि नागरिक अस्पताल संधोल में एमडी चिकित्सकों, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट सहित सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि मरीजों को उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल नहीं होतीं, तब तक उनका शांतिपूर्ण जनआंदोलन और क्रमिक अनशन निरंतर जारी रहेगा।

# जिप अध्यक्ष पद पर सुंदरनगर की दावेदारी मजबूत : चमन राही

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा है कि जिला परिषद मंडी के अध्यक्ष पद के लिए सुंदरनगर क्षेत्र की दावेदारी मजबूत है और क्षेत्र को उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सुंदरनगर क्षेत्र विकास और जनप्रतिनिधित्व के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। चमन राही ने कहा कि सुंदरनगर ने शिक्षा, सामाजिक विकास और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला परिषद अध्यक्ष पद के चयन में सभी क्षेत्रों के संतुलित प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। राही ने विश्वास व्यक्त किया कि जिला परिषद अध्यक्ष पद को लेकर जो भी निर्णय होगा, वह जनभावनाओं और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर लिया जाएगा।

# आपदा के एक साल बाद भी बदहाल है सराज: जयराम

## पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश सरकार की उदासीनता पर उठाए तीखे सवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी और कुल्लू क्षेत्र में गत वर्ष 30 जून को आई भीषण प्राकृतिक त्रासदी को पूरा एक साल बीत जाने के बाद भी सराज विधानसभा क्षेत्र के हालात बदहाल बने हुए हैं, जिसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं।

जयराम ने सरकार पर अत्यंत गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू को आपदा प्रभावितों की कोई चिंता नहीं है और वे जनता की परवाह किए बिना सिर्फ मस्ती में सरकार चलाने में व्यस्त हैं। पिछले वर्ष आज ही के दिन आई इस प्रलयकारी आपदा में अकेले सराज क्षेत्र में 33 लोगों की अकाल मृत्यु हो गई थी, सैंकड़ों लोग बेघर हो गए थे और एक हज़ार करोड़ से अधिक के भारी नुकसान का आंकलन किया गया था, लेकिन सरकार एक साल बाद भी इन जख्मों को भरने में पूरी तरह नाकाम रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने मंगलवार को सराज पहुंचकर जमीनी हकीकत बयां करते हुए कहा कि आज भी सराज के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और अस्थाई व्यवस्थाओं के सहारे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को केवल अस्थाई तौर पर ही बहाल किया गया है, जिसके कारण वर्तमान बरसात के मौसम में मामूली बारिश होते ही सारी व्यवस्थाएं ठप हो जाती हैं और लोगों के सामने जीवन जीने का गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये की प्रमुख पेयजल योजना आज भी बंद पड़ी है, जिससे लगभग तीन दर्जन पंचायतों की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रही है।

जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि उन्होंने सराज की इस दयनीय स्थिति का मुद्दा विधानसभा सदन के भीतर, बाहर तथा स्वयं मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के समक्ष कई बार प्रमुखता से उठाया, परंतु सरकार ने इस पर कोई सुध नहीं ली। उन्होंने तंज कसते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत सराज का दौरा कर वास्तविक स्थिति का जायजा लेने की चुनौती दी और कहा कि जनता से केवल झूठे वादे करना ही इस सरकार की फितरत बन चुकी है। इस भावुक अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने आपदा में अपनी जान गंवाने वाले सभी प्रियजनों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं भी व्यक्त कीं।

### प्रसव के दौरान महिला की मौत पर जताया दुख



**जयराम** ठाकुर ने हाल ही में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रसव के दौरान हुई उनके गृह क्षेत्र सराज की रजनी शर्मा उर्फ मंजू के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने बालीचौकी के सुनारू गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली। परिजनों के दिल दहला देने वाले आरोपों को गंभीरता से सुनते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांग की कि इस पूरे संवेदनशील प्रकरण की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# पंचायत समिति धनोटू की पूजा अध्यक्ष व पार्वती बनीं उपाध्यक्ष



भाजपाइयों ने ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** विकास खंड धनोटू में मंगलवार को पंचायत समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। बल्ह की एसडीएम स्मृतिका नेगी, बीडीओ मनमोहन शर्मा और पंचायत निरीक्षक गोवर्धन सिंह चौहान की मौजूदगी में 16 पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत महादेव एवं घांघल से संबंधित सदस्य पूजा कुमारी को अध्यक्ष चुना गया, जो भाजपा के पूर्व मंत्री स्वर्गीय दिले राम की बहू और कांग्रेस के पूर्व विधायक स्वर्गीय नकबिन्हू राम की पोती हैं। मंदर पंचायत की सदस्य पार्वती देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। चुनाव प्रक्रिया में सलवाहन व भ्यारटा की उर्मिला और चौक व डुगराई के ललित चौहान के नामांकन पत्र त्रुटियों के कारण रद्द हुए।

कार्यक्रम के दौरान नाचन विधायक विनोद कुमार की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग 21 पर विजय रैली निकाली और ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। सभी ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखा गया और क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 2.83 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना हटली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक के कब्जे से चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने गांव मसैणी, डाकघर ढलवान, तहसील बल्द्वाड़ा निवासी अजय कुमार (29 वर्ष) के घर पर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

### 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सरकाघाट के सेंट्रल पार्क में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनचेतना विकसित करना रहा। इस दौरान आकार थियेटर सोसायटी के कलाकारों ने गीत, संगीत, नृत्य और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। साथ ही वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना और विधवा पुनर्विवाह योजना की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी जगदीश कुमार शर्मा सहित विभागीय अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### बच्चों ने मॉडलों से दिखाई सामाजिक सोच



**अनंत ज्ञान, पद्धर।** असेंट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पद्धर में सामाजिक विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों पर रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम चरण में आठवीं के यशवर्धन ने पहला, सातवीं की अहाना चौहान व अशील की टीम ने दूसरा तथा आठवीं के निशांत व आरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरे चरण में दसवीं की प्रिया व दीक्षा प्रथम, नौवीं की शरण्य गुलेरिया व दीक्षा शर्मा द्वितीय तथा अर्णव ठाकुर व गौरव चौहान तृतीय रहे। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और नवाचार की भावना विकसित करती हैं। आयोजन में शिक्षकों व निर्णायकों का विशेष सहयोग रहा।

### निर्धनों के लिए आवास निर्माण सराहनीय पहल

**अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना।** मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट कुरुक्षेत्र, हरियाणा द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बैहना गांव में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण करते हुए बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि ट्रस्ट का यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए।विधायक ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि आवास तैयार होने के बाद वंचित परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिलेगा। इससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और वे आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन कर सकेंगे।इस अवसर पर मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्य, भाजपा सचिव तिलक राज निर्माण एवं जीवन चौहान भी उपस्थित रहे।

### 'समाधान समारोह' के तहत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 31 जुलाई तक मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंडी विवेक कायस्थ ने जानकारी दी कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा 'समाधान समारोह' के अंतर्गत मामलों के संदर्भ हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। यह आवेदन गूगल फॉर्म के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी वादकारियों, सेवा ग्रहणकर्ताओं तथा एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। इच्छुक व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। यह निर्णय अधिक से अधिक मामलों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# बलद्वाड़ा ब्लॉक ने पोलियो अभियान में मंडी जिला में हासिल किया प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत बलद्वाड़ा स्वास्थ्य खंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मंडी जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर 104 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की।

बीएमओ बलद्वाड़ा डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य खंड के अंतर्गत कुल 36 पोलियो बूथ स्थापित किए गए थे, जिनमें 34 बूथ बलद्वाड़ा क्षेत्र तथा दो बूथ सरकाघाट क्षेत्र में लगाए गए। विभाग का लक्ष्य 5,598 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का था, जबकि स्वास्थ्य कर्मियों ने 5,877 बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलाकर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि दर्ज की। उन्होंने बताया कि इस सफलता का श्रेय स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवकों की टीम भावना और कड़ी मेहनत को जाता है। रविवार को किसी कारणवश जो बच्चे पोलियो की खुराक लेने से वंचित रह गए थे, उन्हें सोमवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई, जिससे कोई भी पात्र बच्चा अभियान से छूट न सके। डॉ. शर्मा ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक देकर देश को पोलियो मुक्त बनाए रखना है। उन्होंने अभिभावकों से भविष्य में भी ऐसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

ॅबलद्वाड़ा स्वास्थ्य खंड की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) मंडी डॉ. दिनेश ठाकुर ने बीएमओ डॉ. अनिल कुमार शर्मा तथा पूरी स्वास्थ्य टीम को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीम की मेहनत और समर्पण के कारण ही मंडी जिला में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संभव हो पाया है।

## मंडी में जयराम के नेतृत्व पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ा: चंदन पंडित

**अनंत ज्ञान, बरोट।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव चंदन पंडित ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के कुशल, जनहितैषी और दूरदर्शी नेतृत्व में जिला मंडी में भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों के चुनावी परिणाम इस बात के प्रमाण हैं कि मंडी की जनता ने हर स्तर पर भाजपा और जयराम ठाकुर के नेतृत्व को समर्थन दिया है ।चंदन पंडित ने कहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनावों में मंडी जिला की 10 में से 9 सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी।

इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनावों में भी भाजपा को ऐतिहासिक विजय मिली। मंडी नगर निगम के प्रथम चुनावों में भाजपा समर्थित 15 में से 11 पार्षद विजयी हुए तथा मेयर और डिप्टी मेयर पद भी भाजपा के खाते में गए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में प्रदेश स्तर पर भाजपा बहुमत से दूर रही, लेकिन मंडी जिला की जनता ने 10 में से 9 भाजपा विधायकों को विजयी बनाकर अपना विश्वास कायम रखा। वहीं 2024 के लोकसभा चुनावों तथा हाल ही में हुए नगर निगम चुनावों में भी भाजपा को व्यापक जनसमर्थन मिला।

# छोटा भंगाल के युवराज परमार का भारतीय रोइंग टीम में चयन



स्वर्ण पदक जीतने के बाद युवा खिलाड़ी युवराज परमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी की दुर्गम कोठी कोहड़ पंचायत के कोहड़ गांव के होनहार खिलाड़ी युवराज परमार ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पिता संजय कुमार और माता मधुवाला के पुत्र युवराज का चयन जूनियर एशियन रोइंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

संजय कुमार ने बताया कि पुणे स्थित आर्मी रोइंग नोड में आयोजित अंडर-23 राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में युवराज परमार ने चंडीगढ़ रोइंग एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व किया। पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में अपने साथी जसपाल सिंह के साथ उन्होंने 7 मिनट 38.8 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ की इस जोड़ी ने ओडिशा, पंजाब और दिल्ली जैसी मजबूत टीमों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर युवराज परमार का चयन दिसंबर 2026 में पुणे में आयोजित होने वाली जूनियर एशियन रोइंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। उनकी इस सफलता पर माता-पिता, दादी खोड़ी, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों तथा घाटी के बुद्धिजीवियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# मानसून में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : एसडीएम

## एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने सभी विभागों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



एसडीएम जोगिंद्रनगर बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

**जोगिंदरनगर।** मानसून के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं एवं जलजनित रोगों की रोकथाम को लेकर उपमंडल प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित की गई, जिसमें आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी नालियों की समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता अनुसार मशीनरी को भी तैनात रखा जाए। प्रत्येक विभाग अपने-अपने नोडल अधिकारियों को तैनात करें तथा उपमंडलाधिकारी कार्यालय में उनकी जानकारी साझा करें ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो सभी विभाग परिस्थिति के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों का नियमित स्पॉट विजिट करें तथा संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखें।

एसडीएम ने कहा कि मानसून के दौरान जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए जल शक्ति विभाग पेयजल स्रोतों की नियमित गुणवत्ता जांच (वाटर टेस्टिंग) करता रहे तथा वर्षा होने के बाद पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करे। शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि मौसम संबंधी अलर्ट पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा आपदा संबंधी किसी भी सूचना की अनदेखी न की जाए। एसडीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि उपमंडल की दैनिक हानि (डेली लॉस) रिपोर्ट समयबद्ध रूप से उपमंडलाधिकारी कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही, किसी भी राहत (रिलीफ) प्रकरण को तैयार करते समय संबंधित पटवारी की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से संलग्न की जाए। इस बैठक में तहसीलदार जोगिंदर नगर रजत सेठी, तहसीलदार लड़भडोल डॉ मुकुल शर्मा, नायब तहसीलदार जोगिंदर नगर जागृति राठौर तथा अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## 2 जरूरतमंद परिवारों को दी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक सेवा और जनकल्याण के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सर्वोदय जन कल्याण समिति, चोलथरा ने क्षेत्र के दो जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। समिति द्वारा ग्राम कोठी बासी, पंचायत चोलथरा के निवासी रघुवीर सिंह, जो कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं तथा वर्तमान में एम्स बिलासपुर में निरंतर उपचाराधीन हैं, को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम झड़ियार, पंचायत कांगो का गहरा के निवासी सरोज कुमार, जिनकी दोनों किडनियां काम नहीं कर रही हैं और जिन्हें सप्ताह में तीन बार डायलिसिस करवाना पड़ता है, को भी समिति की ओर से वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता करना समिति का प्रमुख उद्देश्य है। समिति भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हुए जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आएं।

# रोशन लाल पंचायत समिति सुंदरनगर के अध्यक्ष और जीतराम बने उपाध्यक्ष



रोशन लाल अध्यक्ष व जीतराम उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किए गए।

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** पंचायत समिति सुंदरनगर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए मंगलवार को विकास खंड कार्यालय सुंदरनगर स्थित सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निर्वाचन में रोशन लाल को अध्यक्ष तथा जीतराम को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया की अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने की। इस अवसर पर पंचायत समिति सुंदरनगर के कुल 16 में से 14 नवनिर्वाचित सदस्य उपस्थित रहे। निर्धारित प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद के लिए वार्ड 3-सलापड़ कालोनी (बोबर और कंदार) से पंचायत समिति सदस्य रोशन लाल तथा उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड 8-जड़ोल (जड़ोल और सलवाणा) से पंचायत समिति सदस्य जीतराम ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। दोनों पदों के लिए अन्य कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

इसके चलते एसडीएम ने रोशन लाल को पंचायत समिति सुंदरनगर का अध्यक्ष व जीतराम को उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष जीतराम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आशा व्यक्त की गई कि उनके नेतृत्व में पंचायत समिति सुंदरनगर क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी।

**असत्य** फूस के ढेर की तरह है। सत्य की एक चिंगारी भी उसे भस्म कर देती है।

-हरिभाऊ उपाध्याय

## संपादकीय

# मानसून में सतर्कता जरूरी

हिमाचल प्रदेश में मानसून दस्तक देने ही वाला है। लगभग सभी जिलों में रुक-रुककर बारिश का दौर शुरू हो चुका है। लंबे समय तक गर्मी और उमस झेलने के बाद वर्षा ने लोगों को बड़ी राहत दी है। पहाड़ों पर हरियाली लौट आई है, नदियां और झरने फिर से जीवंत हो उठे हैं तथा पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ने लगी है। प्रकृति का यह मनमोहक रूप जितना आकर्षक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी है। विशेषकर जुलाई और अगस्त के महीनों में जब मानसून पीक पर होता है तो हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हो जाता है। ऐसे में बारिश का आनंद लेने के साथ-साथ सतर्कता बरतना भी उतना ही आवश्यक है।

मानसून जब प्रभावी होता है तो स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रदेश में घूमने आने वाले पर्यटकों को भी विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां मैदानी क्षेत्रों से बिलकुल अलग हैं। यहां ऊंचे-नीचे पहाड़, गहरी खाइयां, संकरी सड़कें और तीखे मोड़ यात्रा को चुनौतीपूर्ण बना देते हैं। बारिश के दौरान इन चुनौतियों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। हर वर्ष मानसून के दौरान प्रदेश में भूस्खलन, बादल फटना, सड़क धंसना और अचानक बाढ़ आने की घटनाएं सामने आती हैं। कई बार राष्ट्रीय राजमार्ग और संपर्क सड़कें घंटों या कई दिनों तक बंद रहती हैं। ऐसे में यात्रा के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश पुलिस और यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान वाहन चलाते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतें और यातायात नियमों का पूरी ईमानदारी से पालन करें। यह सलाह केवल औपचारिकता नहीं है, अपितु लोगों की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण संदेश है। बारिश के समय सड़कों पर फिसलन बढ़ जाती है, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है। कई स्थानों पर घना कोहरा और धुंध छा जाने से दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में तेज रफ्तार से वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान को भी खतरे में डालना है। पहाड़ी क्षेत्रों में अक्सर दुर्घटनाएं मोड़ों, ढलानों और संकरी सड़कों पर होती हैं, जहां चालक की एक छोटी-सी भूल भी भारी पड़ सकती है।

मानसून के दौरान सड़कें भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। कहीं गड्ढे बन जाते हैं तो कहीं सड़क का हिस्सा बह जाता है। कई बार सड़क पर पत्थर और मलबा गिरने से भी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसलिए वाहन चालकों को संयम के साथ वाहन चलाना चाहिए और अनावश्यक ओवरटेकिंग से हर हाल में बचना चाहिए। अपने आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त दूरी बनाए रखना भी बेहद जरूरी है, ताकि अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति में टक्कर से बचा जा सके।

आजकल एक और चिंताजनक प्रवृत्ति देखने को मिल रही है कि कुछ लोग सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने या प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने के लिए जोखिम उठाने से भी नहीं हिचकिचाते। उफनती नदियों, झरनों और भूस्खलन वाले क्षेत्रों के पास जाकर फोटो या वीडियो बनाना कई बार जानलेवा साबित हुआ है। पर्यटकों को समझना होगा कि प्रकृति की सुंदरता का आनंद सुरक्षित दूरी से ही लेना चाहिए। रोमांच कभी भी जीवन से बड़ा नहीं हो सकता। यात्रा शुरू करने से पहले वाहन की तकनीकी जांच भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। चालक को ब्रेक, टायर, वाइपर, हेडलाइट, इंडिकेटर और बैटरी की अच्छी तरह जांच कर लेनी चाहिए। बारिश में वाइपर और हेडलाइट सही स्थिति में होना बेहद आवश्यक है, क्योंकि खराब दृश्यता के दौरान यही सुरक्षित यात्रा का आधार बनते हैं। यदि मौसम अत्यधिक खराब हो तो यात्रा को कुछ समय के लिए टाल देना ही समझदारी है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग कतई नहीं करना चाहिए। एक क्षण का ध्यान भटकना भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। हाल ही में वाहन चलाते वक्त सोशल मीडिया पर लाइव आते वक्त प्रदेश में दो भयंकर हादसे हो चुके हैं, जिसमें 10 से ज्यादा लोग बेमौत मारे जा चुके हैं। सीट बेल्ट और हेलमेट जैसे सुरक्षा उपायों की अनदेखी भी नहीं की जानी चाहिए। सड़क पर धैर्य और अनुशासन ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। सरकार और प्रशासन भी मानसून के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पूरी तरह सक्रिय रहते हैं। इन सभी प्रयासों की सफलता तभी संभव है जब आम नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझें और प्रशासन की सलाह का पालन करें। हमेशा याद रखना चाहिए कि जिंदगी से बढ़कर कोई मंजिल नहीं होती।

## आज की प्रमुख हस्ती

### महान शास्त्रीय बांसुरी वादक

**पंडित हरिप्रसाद चौरसिया** भारत के महान शास्त्रीय बांसुरी वादकों में अग्रणी माने जाते हैं। उनका जन्म 1 जुलाई 1938 को इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज), उत्तर प्रदेश में हुआ। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को अपनी अद्भुत बांसुरी वादन शैली के माध्यम से विश्वभर में नई पहचान दिलाई। संगीत के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2000 में देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा पंडित हरिप्रसाद चौरसिया को अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।



पंडित हरिप्रसाद चौरसिया
**जन्म :** 1 जुलाई, 1938

हरिप्रसाद चौरसिया के पिता एक प्रसिद्ध पहलवान थे और चाहते थे कि उनका पुत्र भी कुश्ती के क्षेत्र में आगे बढ़े, किंतु बचपन से ही हरिप्रसाद का मन संगीत में रमता था। उनकी माता का निधन तब हो गया था जब वे केवल पांच वर्ष के थे। उनका बचपन वाराणसी में गंगा तट के निकट बीता, जहां संगीत का वातावरण उन्हें लगातार प्रेरित करता रहा। उन्होंने प्रारंभ में तबला सीखा और बाद में अपने पड़ोसी पंडित राजाराम से संगीत की शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने पंडित भोलानाथ प्रसन्ना से बांसुरी वादन की विधिवत शिक्षा ग्रहण की। आगे चलकर वे महान संगीतज्ञ अन्नपूर्णा देवी की शिष्यता में रहे, जहां उनकी प्रतिभा को नई ऊंचाइयां मिलीं।

पंडित चौरसिया ने लंबे समय तक आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) में भी कार्य किया। उन्होंने बांसुरी को भारतीय शास्त्रीय संगीत का लोकप्रिय वाद्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा के साथ उनकी प्रसिद्ध जोड़ी 'शिव-हरि' ने चांदनी, सिलसिला, लम्हे, डर, फासले, विजय और साहिबान जैसी कई सफल हिंदी फिल्मों में मधुर संगीत दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सचिन देव बर्मन और राहुल देव बर्मन जैसे प्रसिद्ध संगीतकारों की फिल्मों में भी बांसुरी वादन किया।



कविता

## एक अधूरा सपना

तंजिन तोपन, गांव मेह, डाकघर गेमूर
जिला लाहौल-स्पीति, हिमाचल प्रदेश

**जिस** रोज घर की दहलीज लांघ,
ख्वाबों की जुस्तजू में निकला था,
अपनों की उम्मीदें समेटे,
अपनी हदों से आगे बढ़ा था।
उस दिन से अब तक हर एक सांस ने,
बस घर लौटने की सदा दी है,
सपनों को हकीकत मिलते देख उम्मीद बढ़री,
पर दूरियां भी बढ़ती ही गईं।
वो घर वापसी की आस,
अब दीये की लौ की तरह मद्धम पड़ने लगी है,
कि कहीं ये बुझ न जाए,
इस डर से मैंने खुद को भट्टी की तरह जलाए रखा है।
जिस दिन उस दहलीज को छोड़ा था,
बस उसी पल से...मैं आज तक वही एक अधूरा सपना जी रहा हूं।

# हिमाचल प्रदेश में ड्रग्स की समस्या और पुलिस सुधार

नशामुक्त अभियान के लिए उठाए गए कदम सराहनीय हैं, लेकिन सवाल यह है कि ये पहल सिर्फ मौखिक दावों तक ही क्यों सीमित हैं? नीतिगत दस्तावेजों को जनता के साथ साझा क्यों नहीं किया जाता? विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां नशे का जाल तेजी से फैल रहा है और पुलिस एक सकारात्मक बदलाव या निवारक तंत्र के रूप में वहां पहुंचने में विफल रही है। यदि प्रभावित लोगों, आम जनता, पंचायती राज संस्थाओं और मीडिया को इस अभियान में शामिल किया जाए, तो नशे के खिलाफ और सामाजिक बदलाव के लिए कहीं अधिक सफलताएं मिल सकती हैं।



डॉ. विनोद कुमार धवन
सेवानिवृत्त, आईपीएस अधिकारी

नशे की समस्या से निपटने के लिए पुलिस का तर्कसंगत और पारदर्शी दृष्टिकोण सार्वजनिक होना चाहिए, ताकि जन-भागीदारी बढ़े। केवल एफआईआर दर्ज करना पर्याप्त नहीं है। इस चुनौती का समाधान नागरिकों, प्रशासन और समाज के सामूहिक समन्वय व सहयोग से ही संभव है।

नशे की लत केवल आपराधिक नहीं, बल्कि सामाजिक समस्या है। केवल एफआईआर और गिरफ्तारी से इसका समाधान संभव नहीं। बेरोजगारी, आजीविका की कमी, लंबित राजस्व विवाद, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हस्तक्षेप जैसी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां युवाओं को नशे की ओर धकेलती हैं। इसलिए पुलिसिंग के साथ सामाजिक भागीदारी और प्रभावी निवारक उपाय भी आवश्यक हैं।

पुलिस द्वारा जागरूकता के नाम पर खेल प्रतियोगिताओं या मैराथन का आयोजन करना जनता को जगाने के लिए तो ठीक हो सकता है, लेकिन यह उन परिवारों के लिए कोई ठोस समाधान नहीं है जिनके बच्चे इस दलदल में फंस रहे हैं। वे वास्तविक और धरातलीय सहभागिता चाहते हैं।

पुलिस द्वारा जब्त ड्रग्स की करोड़ों की अंतरराष्ट्रीय कीमत का प्रचार करना समाज पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। रोजगार के सीमित अवसरों के बीच ऐसा प्रचार कुछ युवाओं को अवैध कमाई के आकर्षण की ओर प्रेरित कर सकता है। इसलिए पुलिस को अपनी सूचना प्रस्तुत करने की शैली अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील बनानी चाहिए।

पुलिस को केवल गिरफ्तारियों और जब्ती तक सीमित रहने के बजाय निवारक अभियानों पर भी समान ध्यान देना चाहिए। संतुलित पुलिसिंग से न केवल नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई होगी, बल्कि आम जनता से जुड़े रोजमर्रा के अपराधों और पीड़ितों की समस्याओं का भी बेहतर समाधान सुनिश्चित होगा। हिमाचल प्रदेश में नशे की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए सक्रिय और




सुधारवादी नीति की आवश्यकता है। केवल पहली बार गलती करने वाले युवाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें कठोर अपराध की ओर धकेल सकता है। ऐसे युवाओं के लिए पुनर्वास और सुधार के अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। जब समाज और व्यवस्था नशीले पदार्थों की उपलब्धता रोकने में विफल रहे हैं, तब परिस्थितियों के शिकार युवाओं को ही अपराधी मानना न्यायसंगत नहीं है। प्रभावी नीति का लक्ष्य असली तस्करों पर कठोर कार्रवाई और युवाओं को पुनः मुख्यधारा से जोड़ना होना चाहिए।

हमारे तथाकथित क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (पुलिस, अभियोजन और वकीलों) ने पहली बार गलती करने वाले न जाने कितने युवाओं के मानसिक और मनोवैज्ञानिक भविष्य को जेलों में खूंखार अपराधियों के बीच धकेलकर बर्बाद कर दिया है। जिन जनप्रतिनिधियों को हम कानून बनाने के लिए चुनते हैं, क्या वे सोए हुए हैं? असली अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रहने वाले सांसदों, विधायकों, अदालतों और कानून निर्माताओं को इस स्थिति के लिए सह-आरोपी क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए? पहली बार गलती करने वाले युवाओं को जेलों में अपराधियों की तरह वेलकम किया जाता है, जहां भ्रष्ट पुलिस तंत्र द्वारा हर कदम पर उनका शोषण होता है।

यह बेहद घिनौना है। इस देश के कानून आज एक अंधे व्यक्ति की तरह हो गए हैं, जो कानून की तकनीकी बारीकियों को तो देख सकते हैं, लेकिन शोषित युवाओं के दर्द और उनके पीछे के कारणों को समझने में असमर्थ हैं। सुधारात्मक दृष्टिकोण के साथ पहली बार अपराध करने वाले युवाओं को पुनर्वास और सुधार का अवसर दिया जाना चाहिए। निवारक तंत्र को मजबूत करना आवश्यक है ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। रेव पार्टियों और नशा तस्करी की घटनाएं पुलिस व्यवस्था की चुनौतियों को उजागर करती हैं। ऐसे मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए मजबूत समन्वय और पेशेवर दृष्टिकोण आवश्यक है। नशामुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए कानून के शासन और संस्थागत प्र्, याओं का सख्ती से पालन तथा जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है।

पुलिसिंग में पारदर्शिता लाने के लिए, हिमाचल सरकार या अन्य स्रोतों (निजी फंड, सहायता, स्मारिका कोष आदि) से रैलियों और मैराथन के आयोजन के लिए आवंटित किए जाने वाले बजट का कड़ा ऑडिट किया जाना चाहिए। यह जांचा जाना चाहिए कि कितना पैसा वास्तविक पुलिसिंग, ड्रग्स को रोकने, और बड़े तस्करों को पकड़ने में खर्च किया जा रहा है और कितना सिर्फ दिखावे में।पहली बार गलती करने वाले इन मासूम युवाओं को खुद को सुधारने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का पूरा अवसर मिलना चाहिए, जो कि हमारे संविधान की मूल भावना भी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# तीन-भाषा नीति और बहुभाषी शिक्षा : एक समग्र विश्लेषण

हाल ही में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा 7, 8 और 9 के विद्यार्थी तीन-भाषा नीति के अंतर्गत कक्षा 10 तक विदेशी भाषाओं का अध्ययन जारी रख सकते हैं। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जिसमें भाषा चयन में लचीलापन और बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह नीति केवल भाषाई शिक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलन का माध्यम है।




निशा केसर
जर्मन भाषा एक्सपर्ट

तीन-भाषा नीति की अवधारणा नई नहीं है। इसकी सिफारिश कोठारी आयोग (1964-66) ने की थी, जिसके अनुसार विद्यार्थी अपनी मातृभाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाएं और आवश्यकता अनुसार विदेशी भाषाएं सीखें। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में अपनाया गया और 1986 व 1992 में दोहराया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इसे और स्पष्ट करते हुए कहा कि विद्यार्थी तीन भाषाएं सीखेंगे, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी, और किसी भी भाषा को अनिवार्य रूप से थोपा नहीं जाएगा।

यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बहुभाषी शिक्षा से उनकी रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, स्मरण शक्ति और समस्या समाधान क्षमता बढ़ती है। शोध बताते हैं कि बहुभाषी विद्यार्थी नई परिस्थितियों के अनुसार बेहतर ढंग से ढलते हैं। इसलिए यह आधुनिक शिक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है।

भारत की भाषाई विविधता इसके सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक है। तीन-भाषा नीति विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं, साहित्य और संस्कृतियों से जोड़कर आपसी समझ और सामाजिक समरसता बढ़ाती है। यह 'विविधता में एकता' की भावना को मजबूत करती है और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करती




है। संवैधानिक दृष्टि से भी यह नीति महत्वपूर्ण है। अनुच्छेद 29, 350ए और 351 मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के संरक्षण का समर्थन करते हैं। यह नीति इन्हीं प्रावधानों को व्यावहारिक रूप देती है और क्षेत्रीय व शास्त्रीय भाषाओं के संरक्षण में सहायता करती है।

आर्थिक दृष्टि से भी बहुभाषी शिक्षा रोजगार के नए अवसर खोलती है। पर्यटन, कूटनीति, आईटी, मीडिया और अंतरराष्ट्रीय व्यापार जैसे क्षेत्रों में बहुभाषी व्यक्तियों की मांग बढ़ रही है। विदेशी भाषाओं का अध्ययन विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाता है।

हालांकि, इसके क्रियान्वयन में चुनौतियां हैं। भाषा थोपने की आशंका, शिक्षकों की कमी, संसाधनों का अभाव और शैक्षिक असमानता प्रमुख समस्याएं हैं। संघीय ढांचे में राज्यों की अलग-अलग आवश्यकताएं भी नीति के संतुलित कार्यान्वयन को जटिल बनाती हैं। सरकार ने इन चुनौतियों के समाधान हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एनसीईआरटी पाठ्यचर्या, दीक्षा प्लेटफॉर्म, निपुण भारत मिशन और पीएम श्री योजना जैसी पहलें शुरू की हैं। डिजिटल संसाधनों और एआई आधारित अनुवाद तकनीकों का उपयोग भी बढ़ाया जा रहा है।

कुल मिलाकर, कहा जा सकता है कि तीन-भाषा नीति भारत की भाषाई विविधता, सांस्कृतिक समृद्धि और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाली एक दूरदर्शी पहल है। यदि इसे संवेदनशीलता, लचीलापन, पर्याप्त संसाधनों और सहकारी संघवाद की भावना के साथ लागू किया जाए, तो यह न केवल विद्यार्थियों के बौद्धिक और भाषाई विकास को गति देगी, बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करेगी।

साथ ही यह भारत की समृद्ध भाषाई विरासत के संरक्षण, समावेशी शिक्षा के विस्तार और ज्ञान-आधारित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस प्रकार तीन-भाषा नीति केवल एक शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, समावेशी और बहुभाषी भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# हिमाचल के राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्ट फूड नहीं, हिमाचली व्यंजनों की महके खुशबू

हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और स्वादिष्ट पारंपरिक खान-पान के लिए पूरे देश और दुनिया में प्रसिद्ध है। हर वर्ष करोड़ों पर्यटक यहां की वादियों, मंदिरों, बर्फ से ढके पहाड़ों और स्थानीय संस्कृति का अनुभव करने आते हैं, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित अधिकतर ढाबों और रेस्तरां में पर्यटकों को पिज्जा, बर्गर, मोमोज, नूडल्स जैसे फास्ट फूड अधिक मिलते हैं, जबकि हिमाचल के पारंपरिक व्यंजन बहुत कम दिखाई देते हैं। यह स्थिति सांस्कृतिक पहचान के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ी चुनौती है।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन (हि.प्र.)

हिमाचल का पारंपरिक भोजन केवल स्वाद नहीं, बल्कि यहां की जलवायु, कृषि और जीवनशैली से जुड़ी सांस्कृतिक धरोहर है। धाम, सिड्डू, मदरा, बबरू, चना मद्रा, पटांडे, सेपू बड़ी, तुदकिया भात, भेय, मक्की की रोटी, सरसों का साग और लिंगड़ी की सब्जी जैसे व्यंजन स्थानीय परंपरा का हिस्सा हैं। ये व्यंजन न केवल पौष्टिक हैं, बल्कि स्थानीय अनाज, दालों और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित हैं। यदि इन्हें राजमार्गों के भोजनालयों में प्रमुख स्थान दिया जाए, तो पर्यटक हिमाचल के वास्तविक स्वाद और संस्कृति से परिचित हो सकते हैं।

आज फास्ट फूड का प्रसार तेजी से बढ़ा है, क्योंकि यह जल्दी उपलब्ध होता है और बड़े ब्रांडों का प्रभाव अधिक है, लेकिन अधिकांश पर्यटक किसी नए स्थान पर वहां का स्थानीय भोजन अनुभव करना चाहते हैं। यदि उन्हें हर जगह वही वैश्विक फास्ट फूड मिलेगा, तो वे हिमाचल की विशिष्ट खाद्य पहचान से वंचित रह जाएंगे। पारंपरिक भोजन को बढ़ावा देने से स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। हिमाचल के किसान मक्का, जौ, राजमा, दालें, घी और स्थानीय मसालों का उत्पादन करते हैं। यदि होटल और ढाबे इनका



अधिक उपयोग करें, तो किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इसके साथ ही महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों और छोटे उद्यमियों के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।

स्वास्थ्य की दृष्टि से भी पारंपरिक भोजन फास्ट फूड की तुलना में अधिक लाभदायक है। इसमें मोटे अनाज, दालें, दही और देसी घी का संतुलित उपयोग होता है, जबकि फास्ट फूड में अधिक तेल, नमक और चीनी होती है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती हैं। सरकार और पर्यटन विभाग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर ढाबों को प्रोत्साहित किया जा सकता है कि वे अपने मेन्यू में पारंपरिक हिमाचली व्यंजन शामिल करें। इसके लिए प्रमाणन, कर छूट और पर्यटन सूची में स्थान जैसी सुविधाएं दी जा सकती हैं।

इसके साथ 'हिमाचली फूड कॉर्नर' जैसी अवधारणाएं विकसित की जा सकती हैं, जहां भोजन के साथ उसकी सांस्कृतिक जानकारी भी दी जाए। डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया के जरिए इन व्यंजनों का प्रचार किया जाए ताकि वे एक पर्यटन आकर्षण बन सकें। फास्ट फूड को पूरी तरह समाप्त करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन पारंपरिक भोजन को समान या अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। संतुलित दृष्टिकोण अपनाकर हिमाचल अपनी खाद्य विरासत को संरक्षित कर सकता है।

हिमाचल के राष्ट्रीय राजमार्ग केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे राज्य की संस्कृति, परंपरा और पहचान के परिचायक भी हैं। यदि इन मार्गों पर यात्रियों का स्वागत हिमाचली व्यंजनों की खुशबू से हो, तो यह न केवल पर्यटकों के अनुभव को समृद्ध करेगा बल्कि स्थानीय किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा। समय की मांग है कि हिमाचल अपने पारंपरिक भोजन को केवल त्योहारों और विशेष अवसरों तक सीमित न रखे, बल्कि उसे हर राजमार्ग, हर ढाबे और हर पर्यटक की थाली तक पहुंचाए। यही कदम हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# धरती के भगवान को सलाम! सेवा,समर्पण और संवेदना के प्रतीक हमारे डॉक्टर

हर वर्ष 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिवस देश के उन चिकित्सकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने का अवसर है, जो दिन-रात लोगों के जीवन की रक्षा और समाज को स्वस्थ बनाने के लिए समर्पित रहते हैं। डॉक्टर केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, बीमारियों से बचाव और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



डॉ. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस भारत के महान चिकित्सक, शिक्षाविद्, समाजसेवी और प्रख्यात राजनेता डॉ. बिधान चंद्र राय की स्मृति में मनाया जाता है। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था और संयोगवश उनका निधन भी 1 जुलाई 1962 को ही हुआ। चिकित्सा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और मानव सेवा की भावना को सम्मान देने के लिए भारत सरकार ने उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की। डॉ. बिधान चंद्र राय आधुनिक भारत के श्रेष्ठ चिकित्सकों में गिने जाते हैं। वे पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी रहे। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनका जीवन आज भी चिकित्सकों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

समाज में डॉक्टरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जन्म से लेकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक हर व्यक्ति को किसी न किसी समय चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता पड़ती है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के विकास ने अनेक गंभीर और जटिल बीमारियों का सफल उपचार संभव बनाया है। हृदय रोग, कैंसर, अंग प्रत्यारोपण, रोबोटिक सर्जरी और एआई आधारित चिकित्सा जैसी तकनीकों ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है। इन उपलब्धियों के पीछे डॉक्टरों का कठिन परिश्रम और निरंतर अनुसंधान निहित है। हाल के वर्षों में महामारी जैसे कठिन समय ने डॉक्टरों के समर्पण को विश्व के सामने उजागर किया। संकट की घड़ी में जब लोग सुरक्षित थे, तब डॉक्टर, नर्स और




स्वास्थ्यकर्मी अस्पतालों में रहकर मरीजों की जान बचाने में लगे रहे। अनेक चिकित्सकों ने अपने परिवार से दूर रहकर सेवाएं दीं और कई ने अपने प्राणों की आहुति भी दी।

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए आयुष्मान भारत, डिजिटल स्वास्थ्य मिशन, टीकाकरण अभियान और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन प्रयासों को सफल बनाने में डॉक्टरों की भूमिका केंद्रीय है। फिर भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, जीवनशैली रोगों में वृद्धि और स्वास्थ्य सेवाओं तक असमान पहुंच। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर कार्य करना होगा तथा डॉक्टरों की सुरक्षा और बेहतर कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित करनी होंगी। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल सम्मान का दिन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी देता है। संतुलित आहार, व्यायाम, स्वच्छता और नियमित जांच जैसे उपाय हमें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाते हैं। बीमारी की स्थिति में स्वयं उपचार के बजाय डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है। आज के डिजिटल युग में टेलीमेडिसिन और एआई आधारित सेवाएँ चिकित्सा को अधिक सुलभ बना रही हैं, लेकिन मानवीय संवेदना और अनुभव का स्थान कोई तकनीक नहीं ले सकती।

डॉक्टर केवल उपचार नहीं करते, बल्कि मरीज को आशा और मानसिक संबल भी देते हैं। यह दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि स्वस्थ समाज ही विकसित राष्ट्र की नींव है। डॉक्टरों के प्रति सम्मान, विश्वास और कृतज्ञता केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन बनी रहनी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## स्टोक्स को संन्यास नहीं लेने के लिए मनाने की कोशिश की थी : मैकुल

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने खुलासा किया कि उन्होंने बेन स्टोक्स से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया था, लेकिन तब तक वह अपना मन बना चुके थे। इंग्लैंड सोमवार को ट्रेंटब्रिज में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और अंतिम टेस्ट 160 रन से हार गया। स्टोक्स ने इस मैच के चौथे दिन ही संन्यास की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, ''जब उन्होंने मुझे बताया कि वह संन्यास लेने जा रहे हैं तो मैंने उन्हें मनाने की कोशिश की थी। लेकिन तब तक वह अपना मन बना चुके थे और अपने फैसले पर अडिग थे।'' उन्होंने कहा, ''उनके फैसले से निश्चित तौर पर मैं थोड़ा उदास हो गया था क्योंकि हम चार साल से इस सफर में साथ रहे हैं और यह एक रोमांचक अनुभव रहा है। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस दौरान स्टोक्स के साथ इतने करीब से काम करने का मौका मिला। मैं उन्हें अपना दोस्त, एक सच्चा दोस्त मानता हूं।'' मैकुलम ने कप्तान और खिलाड़ी के रूप में स्टोक्स के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बहुत अच्छा नेतृत्वकर्ता बताया। उन्होंने कहा,''वह शानदार नेतृत्वकर्ता हैं। लोग उनका अनुसरण करते हैं। चाहे वह मैदान पर हों, ड्रेसिंग रूम में हों, टीम होटल में हों, लोग उनका अनुसरण करते हैं क्योंकि वह अपनी छाप छोड़ते हैं। वह अपने विचारों और तरीकों पर पूरा भरोसा रखते हैं।'' मैकुलम ने कहा, ''क्रिकेट अनिश्चितता का खेल है लेकिन वह अपनी उपस्थिति से इसमें स्थिरता लाते थे। वह बेमिसाल व्यक्तित्व के धनी हैं। परिस्थिति कैसी भी हो वह पीछे नहीं हटते और अपने पर पूरा विश्वास रखते हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए हमें बेन की बहुत कमी खलेगी। उनके जैसे खिलाड़ी की जगह भरना बहुत मुश्किल है। लेकिन यही तो दुनिया का नियम है। कोई भी खिलाड़ी हमेशा नहीं खेल सकता, कोई भी हमेशा कप्तान नहीं रह सकता। अभी हम स्टोक्स की उपलब्धियों का जश्न मनाना चाहते हैं। इसके बाद ही आगे के बारे में सोचेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## टी20 सीरीज वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर टिकी सबकी निगाहें

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत की अग्निपरीक्षा आज





**एजेंसी, चेस्टर-ली-स्ट्रीट**

इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भारत के लिए सबसे बड़ा सवाल 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के बहुप्रतीक्षित पदार्पण का है। आयरलैंड के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद टीम प्रबंधन पर बदलाव का दबाव बढ़ गया है और सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल करने की मांग भी तेज हो गई है। हालांकि, सहायक कोच रेयान टेन डोश्चे ने स्पष्ट किया है कि सूर्यवंशी को भी किसी अन्य खिलाड़ी की तरह टीम में जगह बनाने की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि युवा बल्लेबाज मेहनत करने के लिए पूरे तरह तैयार है, लेकिन अंतिम फैसला टीम की जरूरतों के आधार पर लिया जाएगा। आयरलैंड दौरे पर संजू सैमसन दोनों मैचों में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे, जबकि इशान किशन भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। ऐसे में टीम प्रबंधन के सामने सलामी बल्लेबाजी में बदलाव का विकल्प मौजूद है। सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग का मौका मिल सकता है। अभिषेक ने पहले टी20 में 20 गेंदों पर 49 रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित की थी। हालांकि भारत की समस्या केवल टीम चयन तक सीमित नहीं है। बेलफास्ट की तेज और चुनौतीपूर्ण पिचों पर भारतीय बल्लेबाज परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने में असफल रहे। आईपीएल की सपाट पिचों पर अपनाए गए आक्रामक रवैये का असर यहां भी दिखा, जबकि संयम और परिस्थिति के अनुसार बल्लेबाजी की जरूरत थी। तिलक वर्मा ने दूसरे मैच में अर्धशतक जरूर लगाया, लेकिन अन्य बल्लेबाज जल्दबाजी में विकेट गंवाते रहे।

इंग्लैंड की चुनौती आयरलैंड से कहीं कठिन होगी। मेजबान टीम के पास जोफ्रा आर्चर, जोश टंग, साकिब महमूद और सोनी बेकर जैसे तेज गेंदबाज हैं, जबकि आदिल रशीद और रेहान अहमद स्पिन विभाग को मजबूती देते हैं। दूसरी ओर कप्तान हैरी ब्रूक, जोस बटलर, फिल सॉल्ट और विल जैक्स जैसे विस्फोटक बल्लेबाज भारत के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा लेंगे।

रिवरसाइड ग्राउंड पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का औसत स्कोर केवल 138 रन है, जो गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों का संकेत देता है। ऐसे में भारत को बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी अधिक अनुशासित प्रदर्शन करना होगा। नए टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम लगातार दूसरी श्रृंखला हारने से बचना चाहेगी, जबकि सभी की नजरें इस बात पर भी रहेंगी कि क्या वैभव सूर्यवंशी को आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलता है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : रात 10.00 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, अभिषेक शर्मा, सूर्याश शेडगे, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, इशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी।

**इंग्लैंड:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, सोनी बेकर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, जेम्स कोल्स, जोर्डन कॉक्स, सैम कुरन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जोश टंग और ल्यूक वुड।

## एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान



**एजेंसी, मुंबई**

**हरमनप्रीत कौर कप्तान, स्मृति मंधाना को बनाया उपकप्तान**

अगले महीने जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। सिलेक्टर्स ने हरमनप्रीत कौर को कप्तान और स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया है। बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति ने विकेटकीपर यास्तिका भाटिया की जगह जी कमलिनी को मौका दिया है। शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा जैसे सीनियर्स पर भरोसा जताया है। स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को फिटनेस क्लीयरेंस मिलने के बाद टीम में जगह दी गई है। वे टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ टखने में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई थीं। उनकी जगह वर्ल्ड कप टीम में शामिल प्रेमा रावत को इस बार मौका नहीं मिला। पेस अटैक की जिम्मेदारी रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी संभालेंगी, जबकि स्पिन विभाग में राधा यादव और श्रेयंका पाटिल मुख्य चेहरा होंगी। एशियन गेम्स में क्रिकेट इवेंट टी20 (20) फॉर्मेट में आयोजित किया जाएगा। आईसीसी रैंकिंग में टॉप टीमों में शामिल होने के कारण भारतीय महिला टीम को सीधे क्वार्टर फाइनल या नॉकआउट स्टेज में एंट्री मिलने की उम्मीद है। मुख्य कोच और मैनेजमेंट खिलाड़ियों के वर्कलोड और फिटनेस पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

**टीम इस प्रकार है:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्रेयांका पाटिल, राधा यादव, नंदनी शर्मा। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 3,690 उछली, सोना 1039 रुपए गिरकर 1.40 लाख पर आया



**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने के दाम में मंगलवार यानी 30 जून को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,039 रुपए गिरकर 1.40 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले यह 1.41 लाख पर था। वहीं 1 किलो चांदी आज 3,690 रुपए बढ़कर 2.24 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले यह 2.20 लाख रुपए पर थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 7 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.40 लाख रुपए पर है। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 250 अंक और निफ्टी 81 अंक गिरा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आज यानी 30 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 250 अंक की गिरावट के साथ 76,479 पर बंद हुआ।



वहीं, निफ्टी में भी 81 अंक की गिरावट रही। ये 23,866 पर बंद हुआ। आईटी, एफएमसीजी और मीडिया शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले कल यानी 29 जून को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 372 अंक गिरकर 76,728 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 110 अंक की गिरावट रही, ये 23,946 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान में अदालत से भागे 14 कैदी, 4 दबोचे

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी के कहूटा इलाके में अदालत से लौट रही जेल वैन से 14 कैदी सुरक्षाकर्मियों की आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया और चार कैदियों को दोबारा गिरफ्तार कर लिया, जबकि 10 की तलाश जारी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चला कि घटना से पहले वैन के भीतर कैदियों के बीच झगड़ा हुआ था। अदियाला जेल ले जाते समय चेकिंग के लिए वैन रोकी गई, तभी एक कैदी ने पुलिसकर्मियों पर मिर्च पाउडर फेंका और अन्य कैदियों के साथ भाग निकला। घटना की रिपोर्ट तलब की गई है और फरार कैदियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। (अनंत ज्ञान)


### कार्यालय ग्राम पंचायत खरोटा
विकास खंड नगरोटा सूरियां स्थित ज्वाली जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदाएँ आमंत्रित करने बारे**

वैठक में प्रधान महोदय ने प्रस्ताब रखा कि ग्राम पंचायत खरोटा में वर्ष 2026-27 समस्त मदों के अंतर्गत करवाए जाने बाले विकास कार्यों वारे सामग्री रेत, बजरी, बोल्डर, मिक्सचर, वाटर टैंक, शटरिंग, सीमेंट ढुलाई आदि हेतु कुटेशन / निविदाएँ आमंत्रित की जानी हैं इच्छुक व्यक्ति दिनांक 09-07-2026 तक रजिस्ट्री / बंद लिफाफे में कार्यलय ग्राम पंचायत खरोटा में आवेदन कर सकते हैं GST NO होना अनिवार्य है । निविदा को बिना कारण बताए रदद् किया जा सकता है सामग्री की गुणवता सही न पाए जाने, समय पर सामग्री की आपूर्ति न होने की दशा में निविदा रदद् करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास रहेगा।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत खरोटा
विकास खंड नगरोटा सूरियां स्थित ज्वाली जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### कार्यालय ग्राम पंचायत लुधियाड
विकास खंड नगरोटा सूरियां स्थित ज्वाली जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लुधियाड में विकास कार्यों के हेतु वर्ष2026-27 के लिए निमार्ण सामग्री क्रय करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करना अति आवश्यक है। सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि रेत क्रैशर, बजरी क्रैशर सभी साईज बोल्डर, ईंट, शेटरिंग, साईन बोर्ड, सीमेन्ट किराया व लेवर सिबिल सप्लाई इंटरलॉक टाईल सभी साईज, स्टोर से पंचायत के कार्यों तक सीमेंट ढुलवाई, दरबाजे व खिड़कियां इत्यादि आंमत्रित को जाती हैं । बैंडर के पास अपना जीएसटी नं. फार्म x या w फार्म होना अनिवार्य है। इनके बिना निविदा मान्य नहीं होगी निविदा के साथ 1.00 लाख रूपये की सिक्योरिटी ग्राम पंचायत लुधियाड के नाम चैक के रूप में जमा करवानी होगी। सप्लाई की अदायगी मूल्यांकन होने पर ही अदायगी होगी निविदा की अंतिम 07-07-2026 शाम के पांच बजे होगी। निविदा रजिस्ट्र डाक द्वारा ही मान्य होगी। साधारण लिफाफे में निविदा मान्य नहीं होगी व निविदा खोलने की तिथि 08-07-20026 को कमेटी के द्वारा सुबह 11.00 बजे खोली जाएगी।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत लुधियाड
विकास खंड नगरोटा सूरियां स्थित ज्वाली जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

मुकदमा न. 21/NT/26
तारीख पेशीः- 28.07.2026
सन्जू पुत्र राम वहादूर निवासी वन्दला, ड़ा नच्छिर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

संजू पुत्र राम वहादूर निवासी वन्दला, ड़ा नच्छिर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 10.02.1985 को गांव गांव व ड़ा में हुई है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत बन्दला ड़ा नच्छिर /नगर निगम पालमपुर में जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है। अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 28.07.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा । आज दिनांक 30.06.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

*कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।*

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

मुकदमा न. -23/NT/26
तारीख पेशीः- 28.07.2026
राजु राम पुत्र राम वहादूर निवासी वन्दला, ड़ा नच्छिर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

राजु राम पुत्र राम वहादूर निवासी वन्दला, ड़ा नच्छिर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 19.04.1983 को गांव गांव व ड़ा में हुई है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत बन्दला ड़ा नच्छिर /नगर निगम पालमपुर में जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है। अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्ज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 28.07.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा। आज दिनांक 30.06.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

*कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।*

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

मुकदमा न. -22/NT/26
तारीख पेशीः- 15/7/2026
कुशमा कुमारी पुत्री कुशल चन्द निवासी गांव गांव व ड़ा चन्दपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

कुशमा कुमारी पुत्री कुशल चन्द निवासी गांव गांव व ड़ा चन्दपुर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 06.6.1954 को गांव गांव व डा चन्दपुर में हुई है, लेकिन संवन्धित ग्राम पंचायत चन्दपुर/नगर निगम पालमपुर में मृत्यू पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है। अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 15/7/2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा। आज दिनांक 27.05.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दंडाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव तहसीलदार सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

किस्म मुकदमा- तकसीम
मुकदमा न. 813523/2025
तारीख पेशी 08.07.2026

**राम सरन वनाम रमेश चन्द**

**समन बनामः-** 1 रमेश चन्द 2 नरोतम चन्द 3 प्रदीप कुमार पुत्र नीरु पुत्र तुलसी 4 प्रताप चन्द पुत्र वेलिया पुत्र चौधरी 5 मनोज कुमार 6 मुकेस कुमार पुत्र रतन चन्द 7 मन्जू भाटिया पुत्री रतन चन्द 9 साहव सिंह पुत्र फकीरु 10 सुमना पनि अमीत मसन्द 11 राकेश कुमार 12 राजेश कुमार पुत्र व 13 रन्जू वाला पुत्री व 14 संध्या देवी विध्वा वावू राम निवासी महाल टाण्ड़ा पारला, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा जिला काँगड़ा हि0प्र0। **विषयः-** तकसीम भूमि खाता न.9, खतौनी न.21 ता 23 खसरा किता 13 रक्का तादादी 0-75-00 हैक्ट महाल टाण्ड़ा पारला हदवस्त न. 257 तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. व जमाबन्दी वर्ष 2022-23 उपरोक्त मुकद मा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 08.07.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 27.06.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**ग्राम पंचायत कांगो का गहरा विकास खंड धर्मपुर, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कांगो का गहरा द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं 7 जुलाई 2026 प्रातः 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा करवाई जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं 7 जुलाई 2026 को दोपहर 2 बजे के बाद पंचायत समिति के समक्ष खोली जाएंगी। **आवश्यक सामग्री-** * रेत क्रशर * रेत प्लाट * पक्की ईंट (एबीसी ग्रेड) * बजरी क्रशर * कट स्टोन (तराशा हुआ पत्थर) * सोलिंग/बोल्डर पत्थर * जेसीबी मशीन द्वारा कटान कार्य * भवन निर्माण हेतु शटरिंग सामग्री * रंगाई एवं पुताई सामग्री * सीमेंट * संकेतक बोर्ड (साइन बोर्ड) * 20, 40, 60 एवं 80 लीटर क्षमता वाले वाटर कूलर * कचरा पृथक्करण शेड * सीमेंट/कंक्रीट बेंच * स्टील बेंच * साइन बोर्ड लेखन एवं पेंटिंग * मिक्सचर मशीन * विभिन्न क्षमता के कूड़ादान * रास्ते की टाइलें **मुख्य शर्तें-** 1. निविदाकर्ता के पास सक्रिय जीएसटी पंजीकरण होना अनिवार्य है। 2. निविदा लेटर पैड पर प्रस्तुत करनी होगी। 3. बिल के साथ वैध रेट सूची तथा ट्रांजिट पास (फॉर्म-X एवं फॉर्म-W) संलग्न करना आवश्यक होगा। 4. सभी कर सरकारी नियमों के अनुसार लागू होंगे। 5. सामग्री लोक निर्माण विभाग (PWD) की निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप होनी चाहिए। 6. दरें अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखी जानी चाहिए। 7. सामग्री कार्यस्थल अथवा सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. सफल निविदाकर्ता को □20,000 सुरक्षा राशि तथा □1,000 गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क जमा करवाना होगा। 9. समय पर आपूर्ति न करने पर सुरक्षा राशि जब्त की जा सकती है। 10. पंचायत को किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। 11. भुगतान संबंधित अधिकारी की माप पुस्तिका (एमबी) के आधार पर किया जाएगा। 12. अंतिम दरों का निर्धारण विभागीय स्वीकृति एवं आवश्यक वार्ता के बाद किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कांगो का गहरा**
**विकास खंड धर्मपुर, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत सिहोटू
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

आज की बैठक में सर्व समीति से प्रस्ताब पास किया गया । कि वित्त वर्ष 2026-2027 के विकास कार्य हेतु इच्छुक आपूर्ति कर्ता से सामग्री की कोटेशन आमंत्रित की जानी हैं तथा इच्छुक आपूर्ति कर्ता 09/7/26 तक उपरोक्त प्रपत्र अपनी कोटेशन बन्द लिफाफे में कार्यालय जमा करवा सकते हैं आपूर्ति कर्ता के पास SGST होना जरूरी हैं। यदि गलत पाया गया तो निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा । तथा साथ M फार्म सामग्री के साथ अनिवार्य है। यदि M फार्म सामग्री के साथ नहीं दिया तो ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी दरों के अनुसार रोयल्टी वसूल की जाएगी । इसी दिनांक के उपरांत कोटेशन स्वीकार नहीं की जाएगी । यदि आपूर्ति कर्ता समय पर सप्लाई नहीं कर्ता है। या निर्माण सामग्री की गुणवता सही न होने की परिस्थितियों में निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा । कंही परिस्थितियों में दो या दो अधिक फर्मों की दरें एक सामान होने पर अंतिम का फैसला पंचायत का होगा । उपरोक्त दिनांक 10/7/26 को सबुह 11 बजे को कोटेशन खोल कर सब से कम रेट की मान्य की जाएगी। चर्चा के उपरांत उपरोक्त पंचायत सदस्य दारा यह प्रस्ताव सर्व समति से पास किया गया।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत सिहोटू
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि0प्र0।**

मिसल न0-23
तारीख मरजुआ- 29-04-2026
तारीख पेशी-10-07-2026
Sh. Ravinder Nath S/o Sh. Sher Singh R/o Village Bharyara Sub -Village Ladruhin P.O. Chauntra Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P.
...*Applicant.*
**Vrs General Public**
...*Respondent.*

**अखवारी ईश्तहार-** An application u/s 13 (3) of Birth & Death Registration Act. Sh. Ravinder Nath S/o Sh. Sher Singh R/o Village Bharyara, Sub - Village Ladruhin P.O. Chauntra Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P. ने इस न्यायलय में आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका जन्म दिनांक 06-05-1983 को हुआ था। लेकिन उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत टिकरी मुशैहरा के जन्म अभिलेख रजिस्टर में दर्ज नही है। लिहाजा इसे दर्ज करने के आदेश दिये जाये। अतः सर्व साधारण आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थी के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज है, तो वह दिनांक 10-07-2026 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकते है। आम जनता की और से उपरोक्त दिंनाक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। आज दिंनाक 30.06.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी जोगिन्द्र नगर**

**व अदालत दीपक शर्मा सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार फतेहपुर जिला कागड़ा (हि0प्र0)**

श्री प्रकाश सिंह पुत्र वचित्र सिहं गांव भाटी रियालां तहसील फतेहपुर जिला कागड़ा (हि0प्र0) ...*प्रार्थी*

**बनाम आम जनता**

...*फ्रीक दोयम*

प्रार्थना पत्र वावत नाम दरुस्ती जेर धारा 37 (2) हि0प्र0भू-राजस्व अधिनियम 1954 के अन्तर्गत करने वारा ।

**ईश्तहार-** प्रार्थी श्री प्रकाश सिंह पुत्र वचित्र सिहं गांव भाटी रियालां तहसील फतेहपुर जिला कागड़ा (हि0प्र0) ने निवेदन किया है कि उनका नाम आधार कार्ड, पैन कार्ड में है प्रकाश सिहं दर्ज है जोकि सही है। लेकिन राजस्व अभिलेख तहसील फतेहपुर के अन्तगर्त महाल भाटी रियालां के रिकार्ड में प्रकाश चन्द है जो कि गलत है। जिसे प्रार्थी उपरोक्त अभिलेख के अनुसार प्रकाश चन्द उर्फ प्रकाश सिहं पुत्र वचित्र सिहं दरुस्त करवाना चाहता है । अतः सर्वसाधारण को इस ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थी उक्त के नाम दरुस्त करने वारा कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 16/07/2026 को प्रातः 11 वजे असालतन व वकालतन हाजिर होकर अपना एतराज लिखित रूप में पेश करें। अन्यथा प्रार्थी का नाम दरुस्त करने वार आदेश पारित कर दिए जाएँगे। इसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा ।

*सहायक समाहती प्रथम श्रेणी*
*तहसील फतेहपुर जिला कागड़ा (हि0प्र0)*

### कार्यालय ग्राम पंचायत मूंडी
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मूंडी वर्ष 2026-27 के लिए वितायोग व अन्य समस्त मदों के विकास कार्यो की सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित करती है :-

| क्रं.सं. | सामग्री का विवरण | इकाई |
|---|---|---|
| 01 | रेत क्रशर (धुला हुआ) | प्रति CFT |
| 02 | बजरी क्रशर (10,20,40एमएम) | प्रति CFT |
| 03 | गटका (63 एमएम) | प्रति CFT |
| 04 | पत्थर गोला | प्रति CFT |
| 05 | शटरिंग | प्रति वर्ग फुट |
| 06 | किराया सीमेंट ढुलाई | प्रति बैग |

**शर्तें :-** निविदाएँ निम्न नियमों एवं शर्तों के आधार पर ही मान्य होंगी। 1. फर्म विक्रेता के पास जी एस टी न0 होना अनिवार्य है । 2. आपूर्तिकर्ता को सामग्री के साथ M- Form देना अनिवार्य होगा । 3. समय पर सामग्री उपलब्ध न होने की दशा में व सामग्री की गुणवता सही न होने की स्थिति में निविदा रद्द करके अगले कम रेट वाले विक्रेता की निविदा स्वीकृत की जाएगी । 4. आपूर्तिकर्ता से अनुरोध है कि GST अलग से दर्शाया जाए । 5. निविदाएँ किसी भी कार्यदिवस को दिनांक 08-07-2026 तक समय 4 बजे पूर्व दोपहर तक कार्यालय पंचायत केंद्र मूंडी में इच्छुक व्यक्ति द्वारा डाक या बंद लिफाफे में जमा करवाई जा सकती हैं। निविदाएँ दिनांक 10-07-2026 समय प्रातः 11 बजे कार्यालय सामुदायिक केंद्र मूंडी में कमेटी के समक्ष खोली जाएँगी। 6.किसी भी निविदा को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा । 7. स्थानीय विक्रेता को प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत मूंडी
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव
तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### कार्यालय ग्राम पंचायत रोपा
विकास खंड आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रोपा विकास खण्ड आनी जिला कुल्लू के अल्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतू वित वर्ष 2026-27 में विकास कार्यों के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाए दिनांक 07-07-2026 को 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं की दिनांक 09-07-2026 को 2:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **समागी का विवरणः-** (1) रेत खड्डु नदी (प्रति घन फूट) (2) रेत क्रैशर (प्रतिघन फूट) ए (3) बजरी (खड्डु/नदी) 10,20,40 एमएम (प्रति घन फूट) (4) बजरी क्रैशर10,20,40 एमएम (प्रति घन फूट), (5) पत्थर कटस्टोन (प्रति घन मीटर), (6) बोल्डर/सोलिंग (प्रति घनमीटर) (7) पत्थर तोडान (प्रति चट्ठा) (8) पत्थर ढलवान (प्रति चट्ठा) (9) ईट (द्वीतीय श्रेणी) (प्रति नंबर) (10) शैटरी व भवन शैटरींग (प्रति स्कवेयर फूट) (11) आर सी सी पाईप व काल्लर 300 एमएम, 450 एमएम 600 एमएम, 900 एमएम (प्रति नम्बर) (12) जे सी बी मशिन हेतू (प्रति घंटा), (13) सिमेंट टाईल (प्रति नम्बर) (14) इन्टरलोक टाईल (प्रति नम्बर) 15. स्टील 8 एमएम 10 एमएम, (16) एंगल व शिंटे ( प्रति कि0 ग्रा0) (17) वाल राइटिंग तथा साईन बोर्ड(18) सिमेंट, सरिया ढलवान गाडी द्वारा आनी से रोपा (फरवोग) प्रति बेग (19) लकड़ी के खिड़की दरवाजे (प्रति स्केयर फुट) (20). एलकाथीन पाइप (प्रति कि0 ग्रा0 ) **नियम व शर्तेः-** 1- निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी, किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 2- निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जीएसटी होना आवश्यक है। 3. ठेकेदार अपुर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध न करवाने पर सामग्री संबंधित रायल्टी वर्तमान में 60 रु प्रति एमटी टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4 सामग्री की अपुर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसीफिकेशन के अनुरुप होगी । 5-निर्माण समाग्री कार्यस्थल या जहां तक गाड़ी जाती है वहा उपल्बध करवानी होगी। 6 निविदादाता को 30000/ रु धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। 7 निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रीम सुरक्षित राशि वापिस नही होगी। 8 समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने समाग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9 ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरुप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10 दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 12. समाग्री लेने का अंतिम मुल्य/निर्णय विभाग की Justification पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION उपरान्त किया जाएगा।

*प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रोपा, विकास खण्ड आनी, (हि.प्र.)*

### कार्यालय ग्राम पंचायत सपड़ुल
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-सपड़ुल वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा/ G-Ram-G 16 वाँ वित्तायोग व व अन्य मदों के लिए विकास कार्यों हेतु सामग्री की निविदाएँ आमन्त्रित करती है। अतः फर्मों/ विक्रेताओं से अनुरोध है कि वह निम्नलिखित सामग्री की निविदाएं भर कर दिनांक 10/07/2026 सांय 4:00 बजे तक पंचायत कार्यालय सपड़ुल में सील बन्द लिफाफे में जमा करवाएं। निविदा डाक द्वारा भी भेजी जा सकती है। निविदाएं दिनांक-13/07/2026 को 11:00 बजे कमेटी पंचायत के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा धारक का निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होना अनिवाय्र है। क्रय की जाने वाली सामग्री का ब्यौरा निम्नलिखित है। **सामग्री का विवरण-** 1. क्रैशर रेत-प्रतिcft, 2. क्रैशर बजरी10,20,40,60एमएम -प्रति cft, 3. गटका 60,90 एमएम- प्रति cft, 4. बोल्डर सोलिंग पत्थर-प्रति cft, 5. शटरिंग -प्रति वर्ग फुट, 6. साईन बोर्ड सीमेंट-लिखाई सहित, 7. दिवार लिखाई, 8. बैंच कंकरीट/ लोहें के, 9. सीमेंट ढुलाई सिविल सप्लाई थुरल से-प्रति बैग, 10. इंटरलॉक टाईल, 11. पक्की ईंटे-प्रति ईट। **शर्तेंः-** निविदाएं निम्नलिखित नियमों व शर्तों पर ही मान्य होंगी। 1. फर्म विक्रेता के पास अपना जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। 2. समय पर सामग्री उपलब्ध न होने पर या सामग्री की गुणवत्ता सही न होने पर निविदा रद्द करके अगले कम/दर रेट वाले को दी जाएगी। 3. निविदा धारक से नियमानुसार रॉयल्टी काटी जाएगी। 4. निविदा केवल बंद लिफाफे में ही मान्य होगी। 5. किसी भी निविदा को रद्द स्वीकार करने का अधिकार ग्राम पंचायत/कमेटी को होगा। 6. स्थानीय विक्रेता को प्राथमिकता दी जाएगी। 7. विक्रेता को निविदा के साथ एम फार्म या wx फार्म भी जमा करवाना होगा।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत सपड़ुल
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव
तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### कार्यालय ग्राम पंचायत चवाई
विकास खंड आनी जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्व सम्मति से बैठक में प्रस्ताव पास हुआ कि ग्राम पंचायत चवाई विकास खंड आनी जिला कुल्लू के अंतर्गत बर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 01/07/2026 से 13/07/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाए दिनांक 14/07/2026 को ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी । **सामाग्री का विवरण-** 1. रेत (खडड / नदी) - प्रति घनमीटर, 2. रेत (क्रेशर) - प्रति घनमीटर, 3. बजरी (खडड / नदी) 10mm, 20mm,40mm-प्रति घनमीटर, 4. पत्थर / कटस्टोन- प्रति घनमीटर, 5. वोल्डर / क्रेट बायर- प्रति घनमीटर, 6. बोल्डर/क्रेट वायर- प्रति घन मीटर, 7. ईंट (ब्लॉक्स)- प्रति नंबर, 8. सेटरिंग व भवन सेटरिंग- प्रति स्केयर फुट/स्केयर मीटर, 9. RCC पाईपकाल्लर 300mm, 450mm, 600mm,900mm- प्रति नंबर, 10. जेसीबी हेतु-प्रति घंटा, 11. सीमेंट टाईल-स्केयर मीटर, 12. ईटरलाक टाइल, मारवल-स्केयर मीटर, 13. स्टील 8mm,10mm,12mm,16mm- प्रति किलोग्राम, 14. बोर्ड लेखन सम्बंधी-प्रति स्केयर मीटर, 15. चादर / प्लाई, स्लेट-प्रति नंबर, 16. पेंट/पोलिश,डिस्टेंपर/जाली/शीशे-प्रति नंबर, 17. इमारती लकड़ी-प्रति घनमीटर। **नियम व शर्ते -** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी किसी अन्य माध्यमसे प्राप्त होने वाली निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी । 2. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पेन संख्या, त्नस्झ होना आवश्यक है। 3. ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे । एम फार्म उपलब्ध करवाने पर सामग्री सम्बंधित रायल्टी वर्तमान में 60/- रू0 प्रति MT टन के हिसाव से काटी जाएगी । 4. सामाग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग को स्फेसिफिकेशन के अनुरूप होगी । 5 निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी । 6 . निविदादाता को 50000 /- रु0 धरोहर / सुरक्षित राशी पंचायत के नाम जमा करवानी होगी । 7. निविदादाता यदि सामाग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशी वापिस नही होगी 8. समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निगर्त करने, सामाग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा । 9. ग्राम पंचायत के सप्लाई आर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी। 10. दरों का उलेख्ख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उलेखख करना आवश्यक है। 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र आधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व् अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी । 12 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य । निर्णय विभाग की justification पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार उपरांत किया किया जायेगा ।

*प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चवाई विकास खण्ड आनी (हि0प्र0)*

# बाढ़ के खौफ पर भारी पड़ा अटूट हौसला

## कुल्लू की लगघाटी से दुल्हन लेकर लाहौल के हिंसा गांव पहुंचे बाराती, सड़क बंद होने से फंस गए थे

◆ जाहलमा नाले के रौद्र रूप के बीच सैकड़ों लोगों के साथ सुरक्षित आरपार हुआ नवविवाहित जोड़ा

अनंत ज्ञान


अस्थायी पुलिया से आरपार होते लोग व बाराती। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** कुदरत के रौद्र रूप और पहाड़ों से बरसती तबाही पर एक बार फिर इंसानी जज्बा भारी पड़ा है। लाहौल-स्पीति स्थित जाहलमा नाले में आई भयंकर बाढ़, मलबे और पत्थरों के सैलाब के कारण सड़क मार्ग बाधित होने के कारण जहां लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है और कई लोग घाटी में फंस गए थे, ऐसे हालातों में एक दूल्हा-दुल्हन व बाराती भी फंस गए।

दरअसल, कुल्लू की लगघाटी से लाहौल के हिंसा गांव वापस जा रही एक बारात व दूल्हा-दुल्हन भी सड़क मार्ग बंद होने के कारण यहां फंस गए थे, लेकिन बीआरओ की मेहनत से आरपार फंसे लोगों को निकालने के लिए पुलिया बनाई गई। इस पुलिया को पार करते हुए घाटी में फंसे लोग जहां आर-पार हुए। वहीं, बारातियों व दूल्हा-दुल्हन ने भी जान जोखिम में डालकर इस पुलिया को पार किया और ऐसे में बारातियों संग दूल्हा-दुल्हन उदयपुर स्थित हिंसा गांव पहुंचे।

तीन दिनों से जाहलमा नाले में आई इस बाढ़ ने जहां चंद्रभागा नदी के बहाव को रोक दिया था और जोबरंग पुल के डूबने से कई गांवों का संपर्क काट दिया है। वहीं, कुल्लू-मनाली, केलांग और पांगी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर सैकड़ों जिंदगियां थम गईं। इसी खौफनाक मंजर के बीच यह नवविवाहित जोड़ा और उनके परिजन भी फंस गए थे, लेकिन संकट की इस घड़ी में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के जवान देवदूत बनकर सामने आए। जवानों ने आपात स्थिति को भांपते हुए तुरंत दलदल के ऊपर लोहे की चादरें बिछाईं और अपनी जान जोखिम में डालकर दूल्हा-दुल्हन सहित अन्य लोगों को पूरी सावधानी के साथ सुरक्षित रास्ता पार कराया। इस तबाही ने स्थानीय किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लेकिन इस अस्थायी पुलिया के बनने से घाटी से मटर व अन्य उत्पाद को भी बाहर निकालर सब्जी मंडियों की ओर भेजा गया है। प्रशासन की मुस्तैदी और बीआरओ द्वारा बनाई गई अस्थाई पुलिया ने इस आपदा के बीच न सिर्फ सैकड़ों पर्यटकों को सुरक्षित निकाला, बल्कि एक नई नवेली जोड़ी के सफर को भी उसकी मंजिल तक पहुंचाया है।

### चर्चा का केंद्र बना नवविवाहित जोड़ा

**जाहलमा** नाले में आई बाढ़ के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान यह नवविवाहित जोड़ा हर किसी के आकर्षण और चर्चा का केंद्र बना रहा। दूल्हा-दुल्हन अपने परिजनों के साथ इसी मार्ग पर फंसे हुए थे। आपात स्थिति को देखते हुए बीआरओ के जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और नाले के ऊपर लोहे की चादरें बिछाकर एक अस्थाई रास्ता तैयार किया। जवानों ने पूरी सावधानी बरतते हुए नवविवाहित जोड़े और उनके परिजनों को मलबे और दलदल के बीच से सुरक्षित पार करवाया।

### प्रशासन की पैनी नजर बीआरओ बना मददगार

**मंगलवार** को बीआरओ ने तत्परता दिखाते हुए पैदल आवाजाही के लिए नाले पर एक अस्थाई पुलिया का निर्माण किया, जिसके बाद आर-पार फंसे हुए पर्यटकों और आम लोगों को सुरक्षित निकाला जा सका। प्रशासन पूरी स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है। हालांकि, इस प्राकृतिक आपदा और अचानक आई बाढ़ के कारण स्थानीय किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सड़क मार्ग बंद हो जाने के कारण मटर व अन्य उत्पाद घाटी में ही फंस गया था। फिलहाल बीआरओ की टीमें मार्ग को वाहनों के लिए बहाल करने के काम में जुटी हुई हैं।

### देवदूत बने बीआरओ के जवान

**इस** तबाही के बीच जब उम्मीदें टूट रही थीं, तब सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के जवान देवदूत बनकर सामने आए। स्थिति की संवेदनशीलता को भांपते हुए जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए उफनते दलदल और मलबे के ऊपर लोहे की भारी-भरकम चादरें बिछानी शुरू कर दीं। एक अस्थाई पुलिया तैयार कर जवानों ने बेहद सावधानी के साथ दूल्हा-दुल्हन और घबराए हुए बारातियों को एक-एक कर सुरक्षित पार कराया, जिसके बाद यह बारात उदयपुर स्थित अपने गांव पहुंच सकी। साथ ही घाटी में फंसे लोग भी आसानी से आरपार हुए।

डीसी लाहौल-स्पीति ने लिया राहत कार्यों का जायजा

# जाहलमा में सड़क को जल्द बहाल करने के दिए निर्देश


जाहलमा में स्थिति का जायजा लेते डीसी। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने मंगलवार को जाहलमा नाले में आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की अस्थायी सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत एवं पुनर्बहाली कार्यों की समीक्षा करते हुए बीआरओ अधिकारियों को युद्ध स्तर पर कार्य कर मार्ग को शीघ्र यातायात के लिए बहाल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि यह समय किसानों और बागवानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि नगदी फसलें और ताज़ी सब्जियां मंडियों तक भेजी जा रही हैं। ऐसे में सड़क संपर्क बाधित रहने से किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता किसानों की उपज को समय पर बाजार तक पहुंचाना और यातायात व्यवस्था को जल्द सामान्य बनाना है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को अपनी मशीनरी और मैनपावर के साथ बीआरओ को हरसंभव सहयोग देने के निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग को जालहमा नाले की ड्रेसिंग (ड्रेजिंग) प्राथमिकता के आधार पर पूरी करने को कहा।

# टॉस से हुआ निरमंड नपं अध्यक्ष का फैसला

## भाजपा समर्थित सपना बनीं अध्यक्ष और कौशिक कौशल उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान


अध्यक्ष पद के चुनाव में सपना और पुष्पा देवी के बीच कांटे की टक्कर हुई।

**आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत निरमंड को मंगलवार को नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल गया। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा समर्थित सपना को टॉस के माध्यम से विजेता घोषित किया गया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर कौशिक कौशल निर्वाचित हुए।

अध्यक्ष पद के चुनाव में सपना और पुष्पा देवी के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बाद इस बार नगर निकायों में विधायक के मताधिकार का भी प्रयोग किया गया। विधायक लोकेंद्र कुमार के मत सहित सपना को कुल 4 मत मिले, जबकि पुष्पा देवी को भी 4 मत प्राप्त हुए। दोनों प्रत्याशियों को समान मत मिलने पर नियमानुसार टॉस कराया गया, जिसमें सपना के पक्ष में फैसला आया और वह नगर पंचायत की नई अध्यक्ष चुनी गईं।

**कांग्रेस ने किया था 5 पार्षद होने का दावा :** इस परिणाम ने स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को भी नया मोड़ दे दिया। गौरतलब है कि 17 मई को नगर पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद कांग्रेस ने सात में से पांच निर्वाचित सदस्यों का समर्थन होने का दावा करते हुए अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा होने की बात कही थी। हालांकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में परिस्थितियां बदलीं और अंततः भाजपा समर्थित सपना अध्यक्ष बनने में सफल रहीं। ऐसे में कांग्रेस के बहुमत के दावे के बावजूद अध्यक्ष पद भाजपा समर्थित उम्मीदवार के खाते में जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं, उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कौशिक कौशल ने 5 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी भूपेंद्र को 3 मत मिले। नगर पंचायत निरमंड के सात वार्डों से निर्वाचित पार्षदों में वार्ड-1 सरकोटी से नीलम, वार्ड-2 शगाउली से भूपेंद्र, वार्ड-3 सनारला से कौशिक कौशल, वार्ड-4 भीउन्टा से सपना, वार्ड-5 डीम से सत्येंद्र सिंह पटियाल, वार्ड-6 विष्णु मोहल्ला से पुष्पा देवी तथा वार्ड-7 पोखटू से जम्वाल सिंह विजयी होकर आए हैं। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन पंचायत समिति सभागार निरमंड में पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम निरमंड जगदीप कंवर की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की उम्मीद जताई। वहीं, विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि निरमंड नगर पंचायत ने पूर्व में भी एकजुटता के साथ काम किया था और वर्तमान में नवनिर्वाचित नगर पंचायत निरमंड के सदस्य भी मिलकर निरमंड नगर में विकास कार्यों को अंजाम देंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, नग्गर स्थित कटराईं द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 16 जुलाई तक अपने आवेदन आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित कार्यालय में जमा कर सकते हैं। साक्षात्कार 17 जुलाई को प्रातः 11 बजे उपमंडलाधिकारी (ना.), कुल्लू के कार्यालय में आयोजित होगा। सीडीपीओ खुशविंदर ठाकु ने बताया कि विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद भरे जाएंगे। अभ्यर्थी संबंधित केंद्र की निवासी होनी चाहिए तथा आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास रखी गई है और परिवार की वार्षिक आय 50,000 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# मनालसू नाले में बहने से उत्तर प्रदेश की 14 वर्षीय बालिका की मौत

## पुलिस की पर्यटकों से अपील- नदी-नालों के किनारे जाने का जोखिम न उठाएं

अनंत ज्ञान

**मनाली।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद से अपने माता-पिता के साथ घूमने आई एक 14 वर्षीय बालिका नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गई। यह घटना मनाली के क्लब हाउस के समीप स्थित मनालसू नाले की है, जहां अचानक पैर फिसलने या अनियंत्रित होने के कारण बालिका नाले में बह गई।

**ब्यास नदी से बरामद हुआ शव:** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संयुक्त रूप से एक व्यापक खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत और तलाश के बाद, बालिका का शव मनाली स्थित वोल्वो बस स्टैंड के समीप ब्यास नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं शुरू कर दी हैं और मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### सुरक्षा निर्देशों की अवहेलना पर होगी कार्रवाई

**कुल्लू** पुलिस ने बताया कि पूर्व में भी विभिन्न संचार माध्यमों से पर्यटकों को लगातार सचेत किया जाता रहा है कि वे ब्यास नदी और अन्य नदी-नालों के किनारे न जाएं। इसके बावजूद कई पर्यटक सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत नियमानुसार सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई गई है। वर्तमान समय में लगातार हो रही वर्षा और पहाड़ी क्षेत्रों से आ रहे अतिरिक्त जल प्रवाह के कारण नदियों और नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में किसी भी समय जानलेवा दुर्घटना घटित हो सकती है। सभी पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे नदी-नालों के समीप जाने से पूरी तरह परहेज करें।'

### सुरक्षित और जिम्मेदार पर्यटन अपनाएं

**पुलिस** और प्रशासन ने एक बार फिर सभी से भावुक अपील करते हुए कहा है कि आपकी थोड़ी सी सावधानी आपके और आपके परिवार के जीवन को सुरक्षित रख सकती है। प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पूरी तरह पालन करें, प्रतिबंधित व जोखिम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें और पहाड़ों में सुरक्षित व जिम्मेदार पर्यटन का परिचय दें।

# कुल्लू अस्पताल प्रकरण की स्वतंत्र जांच एजेंसी से हो जांच : सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचार के दौरान प्रसूता की हुई दुखद मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए इस प्रकार अपने प्रियजन को खोना अत्यंत पीड़ादायक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक शौरी स्वयं पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी आपबीती सुन चुके हैं तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। विधायक शौरी मंगलवार प्रातः क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचे और आमरण अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बीते दिन क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के बाहर बड़ी संख्या में युवाओं एवं आम नागरिकों द्वारा किया गया शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और अस्पताल प्रशासन के प्रति जनता में व्याप्त गहरे असंतोष का स्पष्ट संकेत है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार और प्रशासन का दायित्व है कि जनता की आवाज़ को गंभीरता से सुना जाए तथा उस पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र न्यायिक अथवा किसी अन्य स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच करवाने की मांग को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भी प्रेषित किया है, ताकि किसी भी प्रकार के संदेह की गुंजाइश समाप्त हो और वास्तविक तथ्य जनता के सामने आ सकें। विधायक शौरी ने बताया कि इस मामले को लेकर वह मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) तथा मेडिकल सुपरिंटेंडेंट से भी विस्तारपूर्वक चर्चा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से पूर्व निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रमों के सिलसिले में उनका किन्नौर प्रवास था, जिसके कारण वे प्रारंभिक चरण में उपस्थित नहीं हो सके। इसके बावजूद वे इस जनआंदोलन के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

### 100 लोगों ने रक्तदान कर स्व. शमशेर ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मनाली।** रक्तदान के क्षेत्र में 75 बार रक्तदान एवं समाजसेवा में अपना बेशकीमती योगदान दें चुके दिवंगत स्व. शमशेर सिंह ठकुर की याद में मनाली के माल रोड में एक दिवसीय रक्तदान शिविर दिवंगत आत्मा शमशेर सिंह की धर्मपत्नी अमिता ठाकुर एवं उनके परिवार द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 रक्तदातों ने रक्तदान कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्व. शमशेर सिंह ठाकुर के परिवार द्वारा रक्त एकत्र संग्रहालय के संयुक्त तत्वाधान में मनाली के माल रोड में आयोजित किया गया जिसमें आइटीबीपी, सेना के जवानों, डी एस पी मनाली के डी शर्मा, मनाली पुलिस के जवानों और स्थानीय लोगों के साथ-साथ दिवंगत आत्मा के परिवार एवं पर्यटकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिला कुल्लू के रक्त एकत्र संग्रहालय में काफी समय से रक्त की बड़ी कमी चल रही थी इसी के चलते मनाली के माल रोड में आज स्वर्गीय शमशेर सिंह के परिवार द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 100 लोगों ने रक्तदान किया इस रक्तदान शिविर में रक्त एकत्र संग्रहालय से सीनियर टेक्नीशियन वीर सिंह, टेक्नीशियन ताराचंद, डॉक्टर इंदु एवं स्टॉफ नर्स पूनम , अमिता ठाकुर के परिवार के सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी। आयोजक अमिता शमशेर ठाकुर ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं शिविर में अपनी सेवा दें रहे स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

# भुट्टिको में सहकारिता की शपथ आत्मनिर्भरता का लिया संकल्प



सदस्यों को सहकारिता की शपथ दिलाते हुए पूर्व बागवानी मंत्री, हिमाचल प्रदेश एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से मंगलवार को भुट्टिको परिसर में सहकार शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व बागवानी मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में सभी उपस्थित सदस्यों ने सहकारिता की शपथ ग्रहण की।

उन्होंने सहकारिता आंदोलन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्त आधारशिला बताते हुए सभी से पारदर्शिता, सहभागिता, आत्मनिर्भरता एवं सामूहिक विकास के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में भुट्टिको के उपाध्यक्ष, निदेशकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी, संस्था से जुड़े बुनकर तथा अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सहकारिता के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने तथा संस्था के सतत विकास के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सहकारिता के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने तथा संस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय योगदान देने का विश्वास व्यक्त किया।

# सोयल गांव में ग्रामीणों और युवाओं ने की साफ-सफाई


सोयल गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग में की सफाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** सोयल पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सोयल गांव में स्थित जमदग्नि ऋषि परिसर तथा मेन रोड से सोयल गांव को जोड़ने वाली संपर्क सड़क की पूरी तरह से साफ-सफाई की गई।

इस मुहिम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम में प्रधान अमर ठाकुर, वार्ड सदस्य पार्वता देवी तथा वार्ड मेंबर दीपू भंडारी विशेष रूप से शामिल रहे।

इनके साथ ही राजकीय महाविद्यालय हरिपुर के एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राओं, सोयल गांव के महिला मंडल तथा युवक मंडल के सदस्यों ने भी इस सफाई अभियान में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और श्रमदान करके गांव को स्वच्छ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**परेशानी** 21 छात्रों का भविष्य अधर में; तीन माह से पढ़ाई हो रही प्रभावित, तीन छात्र कर चुके हैं पलायन

# दलाश स्कूल में कॉमर्स संकाय के शिक्षक नहीं

अनंत ज्ञान




**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दलाश में कॉमर्स संकाय के सभी अध्यापकों के पद रिक्त होने से 21 छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। पिछले लगभग तीन माह से कॉमर्स विषय की पढ़ाई प्रभावित होने के कारण छात्रों और अभिभावकों में गहरी चिंता है। स्थिति यह है कि अब तक तीन छात्र विद्यालय छोड़ चुके हैं, जबकि अन्य छात्रों के सामने भी पलायन की नौबत आ गई है। हालांकि कुछेक सक्षम परिवारों ने अपने बच्चों को किसी दूसरे स्कूल में पढ़ाने का भी मन बनाया है, जबकि गरीब परिवारों के पास कोई विकल्प बाकी नहीं बचा है।

विद्यालय में जमा एक में 10 और जमा दो में 11 विद्यार्थी कॉमर्स संकाय में अध्ययनरत हैं। लेकिन एक भी कॉमर्स अध्यापक उपलब्ध न होने के कारण उनकी नियमित पढ़ाई ठप पड़ी है। यदि जल्द नियुक्तियां नहीं की गईं तो छात्रों को मजबूरन 28 किलोमीटर दूर आनी या 70 किलोमीटर दूर रामपुर के विद्यालयों का रुख करना पड़ेगा। इसका सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों पर पड़ेगा।

**113 वर्ष पुराना है स्कूल :** जानकारी के अनुसार दलाश स्कूल में प्रिंसीपल का पद खाली पड़ा है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीनियर सेकंडरी स्कूल चवाई और आनी में कॉमर्स के 2-2 अध्यापक तैनात हैं। जबकि चवाई में 5 या इससे कम ही छात्र कॉमर्स में अध्ययनरत। यह स्कूल आज का नहीं बल्कि 1913 का बना है और इसकी स्थापना का शताब्दी समारोह भी 13 वर्षों पूर्व धूमधाम से मनाया जा चुका है। बावजूद यह स्कूल अनदेखी का शिकार होता जा रहा है। वहीं, विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बताया कि रिक्त पदों की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया गया है।

### कई अन्य विषयों का भी है बुरा हाल

**विद्यालय** में केवल कॉमर्स संकाय ही नहीं, बल्कि प्रधानाचार्य और अर्थशास्त्र (इकोनॉमिक्स) प्रवक्ता का पद भी लंबे समय से रिक्त होने के कारण शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आवश्यक शिक्षकों और प्रशासनिक नेतृत्व के अभाव में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। विशेष रूप से कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों की कमी के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि रिक्त पदों को जल्द भरना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द नियुक्तियां नहीं की गईं तो विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होगा और कई छात्र बेहतर शिक्षा की तलाश में दूसरे विद्यालयों का रुख करने को मजबूर हो सकते हैं। एसएमसी के सदस्य राजेंद्र कुमार, कुसुम लता, सीमा, सतपाल, लीला देवी, सोनू देवी और सुनीता ने भी प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग से विद्यालय में रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। समिति ने उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र कदम उठाकर विद्यालय में प्रधानाचार्य, अर्थशास्त्र प्रवक्ता सहित अन्य आवश्यक पदों पर नियुक्तियां करेगी, ताकि छात्रों की पढ़ाई सुचारु रूप से चल सके।

# मनु रंगशाला में एनजेडसीसी के कलाकारों ने बांधा समां

## लोक गायिका मान कली ने भी नचाए दर्शक, कुल्लवी नाटी की भी रही धूम


मनाली में सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए कलाकार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनजेडसीसी) का सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाली के मनु रंगशाला में आयोजित किया गया।

गत सोमवार रात को आयोजित कार्यक्रम में सात राज्यों के कलाकार ने धमाल मचाया। मनु रंगशाला मनाली में सात राज्यों मणिपुर, उड़ीसा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पंजाब सहित हिमाचल के कलाकार ने अनेकों कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। लोक गायिका मान कली ने भी खूब समां बांधा। उन्होंने दर्शकों सहित पर्यटकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी बालक राम ठाकुर ने बताया कि देश भर के कलाकारों ने मनाली में धमाल मचाया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संध्या का आयोजन प्रोग्राम ऑफिसर रविन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे से रात नौ बजे तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि वशिष्ठ कला संगम मथियान के कलाकारों ने भी कुल्लवी नाटी की प्रस्तुति दी। इस संस्कृतिक संध्या में मनु रंगशाला दर्शकों से भरी रही। उन्होंने कहा कि एनजेडसीसी की टीम ने इससे पहले लेह-लद्दाख सहित केलांग में कार्यक्रम आयोजित किया।

### चुनावी ड्यूटी के एक माह बाद भी होमगार्ड जवानों को नहीं मिला मेहनताना

# 10 दिन की ड्यूटी, मानदेय पर लगी ब्रेक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में मई माह में संपन्न हुए पंचायतीराज चुनावों में चुनावी ड्यूटी निभाने वाले होमगार्ड जवानों को एक माह बीत जाने के बावजूद अब तक मानदेय और फूड मनी का भुगतान नहीं मिल पाया है। चुनाव 31 मई को संपन्न हो गए थे, लेकिन जून समाप्त होने के बाद भी जवान अपने 10 दिनों के मानदेय का इंतजार कर रहे हैं। इससे होमगार्ड कर्मियों में नाराजगी बढ़ रही है।

## चुनाव में दुर्गम क्षेत्रों में निभाई अहम जिम्मेदारी

**जानकारी** के अनुसार, होमगार्ड जवानों ने 21 मई से 30 मई तक प्रदेश के विभिन्न दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी ड्यूटी निभाई। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, चुनाव सामग्री की सुरक्षा और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बावजूद अब तक भुगतान लंबित रहने से जवानों में असंतोष है।

## गृह विभाग को रिमाइंडर के बावजूद भुगतान अटका

**आधिकारिक** जानकारी के अनुसार, होमगार्ड कार्यालय ने चुनाव ड्यूटी का मानदेय जारी कराने के लिए गृह विभाग को रिमाइंडर भेज दिया है। हालांकि अभी तक भुगतान को लेकर कोई अंतिम आदेश जारी नहीं हुआ है। प्रदेश के 11 जिलों में तैनात होमगार्ड जवानों ने सरकार से लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय पर मानदेय मिलना उनका अधिकार है और सरकार को इस मामले में जल्द निर्णय लेकर सभी जवानों के बकाया का भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए। अब सभी की निगाहें गृह विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।



## मानदेय में देरी पर उठे सवाल

**होमगार्ड** कर्मियों का कहना है कि चुनाव आयोग चुनावी व्यय के लिए संबंधित विभागों को पहले ही राशि उपलब्ध करा देता है। ऐसे में मानदेय और फूड मनी के भुगतान में हो रही देरी समझ से परे है। उनका कहना है कि अधिकांश जवान दैनिक मानदेय पर कार्य करते हैं और समय पर भुगतान उनके परिवार के खर्चों के लिए बेहद जरूरी होता है।

# लहसुन ने बनाया नया रिकॉर्ड 175 रुपए किलो तक पहुंचे दाम

### सोलन मंडी में गुणवत्ता वाली फसल की जबरदस्त मांग

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश की प्रमुख सब्जी मंडियों में शामिल सोलन मंडी में इन दिनों लहसुन के दामों ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। मंडी में उच्च गुणवत्ता वाले मोटे लहसुन का भाव ₹175 प्रति किलो तक पहुंच गया है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। पिछले कुछ दिनों में लहसुन की कीमतों में आई तेज़ बढ़ोतरी से उत्पादकों को अच्छी आमदनी होने की उम्मीद जगी है। मंडी कारोबारियों के अनुसार इस बार अच्छी गुणवत्ता वाले लहसुन की मांग अधिक है, जबकि बाजार में आवक अपेक्षाकृत कम होने के कारण कीमतों में तेजी बनी हुई है। अलग-अलग गुणवत्ता के लहसुन के दाम भी बेहतर स्तर पर बने हुए हैं, जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है।किसानों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार लहसुन



के बेहतर भाव मिलने से खेती की लागत निकालने के साथ-साथ अच्छा मुनाफा भी मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मांग इसी तरह बनी रही तो आने वाले दिनों में कीमतें मजबूत रह सकती हैं।सोलन मंडी में लहसुन के रिकॉर्ड भाव ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और सही समय पर बाजार पहुंचने से किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिल सकता है।

# नगर पंचायत अर्की व कुनिहार में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव जल्द कराने की मांग

### पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** भारतीय जनता पार्टी अर्की मंडल ने नगर पंचायत अर्की तथा बीडीसी कुनिहार के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव शीघ्र करवाने की मांग को लेकर तहसीलदार अर्की के माध्यम से पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा के नेतृत्व में राज्यपाल हिमाचल प्रदेश के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर पंचायत अर्की तथा बीडीसी कुनिहार के चुनाव संपन्न हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं करवाया गया है। इससे स्थानीय निकायों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा क्षेत्र के विकास कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत अर्की के चुनाव को



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

लगभग डेढ़ माह तथा बीडीसी कुनिहार के चुनाव को एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन न होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ न्याय नहीं है। इससे जनप्रतिनिधियों और आम जनता में असंतोष बढ़ रहा है। भाजपा नेताओं ने मांग की कि संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दोनों संस्थाओं में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव यथाशीघ्र संपन्न करवाए जाएं। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द चुनाव नहीं करवाए गए तो पार्टी इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन को और तेज करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस के अवसर पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संख्या अधिकारी अश्वनी कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सुविख्यात प्रो. पीसी महालेनोबिस की याद पर राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस मनाया जाता है तथा सांख्यिकी क्षेत्र में उनके महालेनोबिस के योगदान पर प्रकाश डाला। जिला संख्या अधिकारी ने कहा कि आंकड़े केवल कागजी कार्यवाई नहीं, अपितु एक मूल्यवान संपत्ति है। इसका सही उपयोग करके ही बेहतर योजनाएं बनाई जा सकती हैं तथा संसाधनों को सही तरीके से बांटा जा सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आंकड़े इकट्ठा करते समय इसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें, ताकि देश व प्रदेश की योजनाएं सही ढंग से बनाई जा सकें। कार्यक्रम में आंकड़ों के महत्व, इनमें हुई गलतियों को सुधारने तथा इस जानकारी को आसानी से समझने के लिए नए तकनीकी मूल्य के उपयोग पर चर्चा की गई।

### कसौली के समीप बड़ा सड़क हादसा टला पेड़ पर अटकी कार, सभी सवार सुरक्षित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कसौली के नजदीक किम्मुघाट-चक्कीमोड़ सड़क पर घसान गांव के पास एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी और पेड़ पर अटक गई, जिससे वाहन गहरी खाई में गिरने से बच गया। हादसे के समय कार में चालक सहित अन्य लोग भी सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी लोग सुरक्षित हैं। दुर्घटना में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार को दुर्घटना में



आंशिक क्षति पहुंची है। घटना की सूचना मिलने के बाद वाहन को बाहर निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई और उसे सुरक्षित निकालने का कार्य जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार पेड़ पर न अटकती तो हादसा कहीं अधिक गंभीर हो सकता था।

### ईएसआई अस्पताल परवाणू खरीदेगा ए-स्कैन मशीन

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** ईएसआई अस्पताल परवाणू में रोगी कल्याण समिति ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 62 लाख रुपए के बजट को स्वीकृति दी गई। सहायक आयुक्त (प्रोटोकॉल) शैफाली शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक का उद्देश्य अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना था। बैठक में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी मिली। अस्पताल के विभागों के लिए एसी स्थापित किए जाएंगे। आईसीयू के लिए वेंटीलेटर और मल्टी-पैरामीटर मॉनिटर खरीदने का भी निर्णय लिया गया। दंत चिकित्सा और कान, नाक, गला विभाग के लिए भी नए उपकरण खरीदे जाएंगे। हैंड वॉशिंग सिस्टम, स्टील अलमारी और डीप फ्रीजर जैसे आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। अस्पताल प्रभारी ज्योति कपिल ने बताया कि कुछ उपकरण मुख्यालय शिमला से प्राप्त होंगे। शेष कार्य धनराशि की उपलब्धता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। समिति ने अस्पताल की सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं देने पर सहमति जताई। उन्होंने बताया कि नए प्रस्तावों के तहत अस्पताल के रिसेप्शन, अल्ट्रासाउंड कक्ष, स्त्री रोग ऑपरेशन थिएटर, रिकवरी कक्ष, आई ओटी और विभिन्न वार्डों में एयर कंडीशनर स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा नेत्र विभाग के लिए ए-स्कैन मशीन, छोटे ऑक्सीजन सिलिंडर, वेंटीलेटर, केंद्रीय दवा भंडार के लिए रैक और कार्यालय एवं शवगृह के लिए स्टील अलमारी खरीदने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में रिकॉर्ड रूम के लिए स्टील छत निर्माण, सेंसर युक्त हैंड वॉशिंग सिस्टम की स्थापना तथा रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई।

# नगर निगम सोलन के मेयर, डिप्टी मेयर चुनाव पर सस्पेंस बरकरार

### अंतिम समय तक बदलते रहेंगे समीकरण, भाजपा अज्ञात स्थान में

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन के मेयर और डिप्टी मेयर पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चुनाव से पहले दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस में उम्मीदवारों को लेकर लगातार मंथन जारी है। माना जा रहा है कि अंतिम समय तक राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं, जिससे मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। सूत्रों के अनुसार यदि भाजपा के दो पार्षदों की सदस्यता समाप्त होती है तो पार्टी मेयर पद के लिए सुषमा शर्मा और डिप्टी मेयर पद के लिए आजाद गौरव राजपूत को उम्मीदवार बना सकती है। वहीं कांग्रेस की ओर से



मेयर पद के लिए मीनाक्षी शर्मा और डिप्टी मेयर पद के लिए नीटू का नाम चर्चा में है। दूसरी ओर, यदि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के आरोपों का सामना कर रहे वार्ड-4 और वार्ड-6 के भाजपा पार्षदों की सदस्यता बरकरार रहती है तो भाजपा अपने उम्मीदवारों में बदलाव भी कर सकती है। ऐसे में अंतिम फैसला 2 जुलाई को चुनाव प्रक्रिया तक ही स्पष्ट होने की संभावना है।

फिलहाल भाजपा के 10 पार्षद और एक निर्दलीय पार्षद अज्ञात स्थान पर हैं। बताया जा रहा है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, चुनाव प्रभारी संजीव कटवाल, सहप्रभारी एवं विधायक बलबीर वर्मा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। अब सभी की निगाहें डिविजनल कमिश्नर की कार्रवाई पर टिकी हैं।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मौजूदा संख्या बल के आधार पर भाजपा दोनों पदों पर बढ़त बनाए हुए है। हालांकि कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग की उम्मीद है, लेकिन दोनों दलों द्वारा व्हिप जारी किए जाने की संभावना के कारण इसकी संभावना कम मानी जा रही है।इधर, कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत नहीं होने के कारण स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल के विधायक के रूप में मतदान करने या न करने को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। अब 2 जुलाई को होने वाले चुनाव में ही यह तय होगा कि नगर निगम सोलन की कमान किस दल के हाथों में जाएगी।

### नालागढ़ नगर परिषद में भाजपा का निर्विरोध कब्जा

# अल्का बस्सी अध्यक्ष, राजेश कुमार बब्बू चुने गए उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** नालागढ़ नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज की है। पूर्व विधायक केएल ठाकुर के नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं के समन्वय को इस सफलता का प्रमुख आधार माना जा रहा है। नगर परिषद के अध्यक्ष पद पर वार्ड नंबर-8 की पार्षद अल्का बस्सी तथा उपाध्यक्ष पद पर वार्ड नंबर-7 के पार्षद राजेश कुमार बब्बू निर्विरोध चुने गए। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की एकजुटता तथा स्थानीय स्तर पर पार्टी के मजबूत जनाधार का परिणाम बताया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को पार्टी पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही वार्ड नंबर-2 की पार्षद मोनी, वार्ड नंबर-3 के पवन कुमार पमा, वार्ड नंबर-4 की निशा भारद्वाज, वार्ड नंबर-6 की चंपा देवी और वार्ड नंबर-9 के दौलत राम सहित सभी निर्वाचित पार्षदों को भी शुभकामनाएं दी गईं। पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद की नई टीम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पार्षद मिलकर नालागढ़ में विकास कार्यों को गति देंगे तथा स्वच्छता, सुशासन और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। नगर परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्विरोध चयन होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। समर्थकों ने इसे संगठन की मजबूती और सामूहिक नेतृत्व की जीत बताते हुए नालागढ़ के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

### मानसून से पहले तैयारियों की समीक्षा, आपदा प्रबंधन पर डीसी प्रियंका वर्मा सख्त निर्देश

# मेगा मॉक ड्रिल व एनडीआरएफ तैनाती की तैयारी, समन्वय से काम करें सभी विभाग

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उपायुक्त एंवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में दक्षिण-पश्चिम मानसून की दस्तक के दृष्टिगत प्रबंधों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाएं, ताकि जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि आगामी मानसून के दौरान किसी भी आपात कालीन स्थति से निपटने के लिए जिला सिरमौर में 30 एनडीआरएफ के जवानों की तैनाती एक जुलाई से की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मशीनरी तथा उपकरणों की जॉच सुनिश्चित करें तथा खराब उपकरणों की समय पर मरम्मत करवाएं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान आपदाएं घटित होती हैं, जिसके सार्वजनिक तथा व्यक्तिगत संपति को नुकसान होता है।

उन्होंने कहा कि संचार व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हो, ताकि किसी भी आपदा ग्रस्त स्थान व व्यक्ति तक राहत सामग्री समय पर उपलब्ध करवाई जा सके राष्ट्रीय उच्च मार्ग, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद तथा नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह मानसून से पूर्ण सड़कों तथा गलियों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें, ताकि जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके।

उपायुक्त ने गिरी पावर परियोजना प्रबन्धक को निर्देश दिए कि वह जटोन बांध का पानी छोड़ने से पूर्व इसकी सुचना प्रभावित क्षेत्रों में एनाउसमेंट, एलार्म तथा हुटर के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त क्षेत्रों में नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भी संपर्क स्थापित करें। उन्होंने कहा कि पांवटा में यमुना नदी के खतरनाक चिन्हित स्थानों पर साइन बोर्ड, गोता खोर तथा सुरक्षा कर्मी तैनात करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपदा संभावित गांव, घर, सड़क तथा पुल को चिन्हित कर उनकी मरम्मत करवाएं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जिन सूखे पेड़ों को काटने की अनुमति प्रशासन द्वारा की गई है। उन्हें तुरंत कटवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों तथा खाद्य आपूर्ति विभाग को पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न सामग्री तथा गैस सिलेंडर का भण्डारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला में आपदा मित्रों को शीघ्र आपदा से निपटने की तकनीकों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाए।

# शिरगुल महाराज की पावन जातर चूड़धार स्नान संपन्न, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** जिला सिरमौर की आस्था और परंपरा का प्रतीक शिरगुल महाराज की जातर 27 जून को उनकी जन्मस्थली शाया से चूड़धार स्नान के लिए रवाना हुई। तीन दिवसीय इस धार्मिक यात्रा में नौ तबीन क्षेत्र सहित आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया।

जातर का पहला पड़ाव बांगा पानी में रहा, जहां देव पूजन एवं रात्रि विश्राम किया गया। इसके बाद रविवार सुबह करीब छह बजे जातर चूड़धार के लिए रवाना हुई। मार्ग में पाछले मोड़ पहुंचकर श्रद्धालुओं ने शिरगुल महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत दोपहर करीब 12:30 बजे जातर सिरमौर जिले की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिरगुल महाराज का पवित्र स्नान संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी देवता के साथ पवित्र स्नान



शिरगुल महाराज की पावन जातर चूड़धार स्नान में पहुंचे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

किया। स्नान के बाद विशेष पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालु शिरगुल गाथा की धुन पर भक्ति भाव से झूम उठे। शाम करीब चार बजे जातर वापसी के लिए रवाना हुई और रात लगभग सात बजे पाछले मोड़ पहुंचकर रात्रि विश्राम किया गया। इस जातर की विशेष परंपरा यह है कि देवता के साथ यात्रा करने वाले श्रद्धालु सिर पर कोई भी वस्त्र या छत नहीं रखते तथा खुले आसमान के नीचे ही रात्रि विश्राम करते हैं। सोमवार सुबह छह बजे जातर शाया के लिए रवाना हुई और शाम करीब पांच बजे जन्मस्थली पहुंची। शिरगुल महाराज के पूर्व मुखिया रणवीर सिंह ने बताया कि शिरगुल महाराज की यह पावन जातर प्रत्येक तीसरे वर्ष चूड़धार स्नान के लिए निकलती है। आषाढ़ मास के दूसरे रविवार को शिरगुल महाराज का पवित्र स्नान कराया जाता है।

### एमएमयू ने नशे के खिलाफ छेड़ी मुहिम, सुल्तानपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# नुक्कड़ नाटक, रैली से दिया नशा मुक्त भारत का संदेश, विद्यार्थियों ने ली शपथ

अनंत ज्ञान

**सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी (एमएमयू), कुमारहट्टी के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मनोरोग विभाग और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुल्तानपुर में ड्रग्स के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना, उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा नशा मुक्ति उपचार से जुड़े सामाजिक कलंक को समाप्त करने का संदेश देना था। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि इस वर्ष की वैश्विक थीम 'ब्रेक द साइकिल: ऑर्गनाइज्ड क्राइम को रोकें' के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में स्वस्थ



नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता की शपथ लेते छात्र। अनंत ज्ञान

जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अमृता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि साथियों का दबाव, तनाव, जिज्ञासा और सोशल मीडिया का प्रभाव युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले प्रमुख कारण हैं। उन्होंने योग, ध्यान, खेलकूद, संगीत, बागवानी व सकारात्मक गतिविधियों को अपनाने की सलाह देते हुए आवश्यकता पड़ने पर अभिभावकों, शिक्षकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से मदद लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर एमएमयू कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक और रोल-प्ले प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, सिरमौर।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय सभागार में कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अल्पसंख्यक वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नया-15 सूत्रीय कार्यक्रम, जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति, स्थानीय स्तरीय समिति, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सतर्कता एवं प्रबोधन समिति व मेनुअल स्केवेंजिंग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। सिरमौर जिले में अल्पसंख्यक वर्ग की आबादी 53 हजार 25 है। पात्र लाभार्थियों को आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। मार्च 2026 तक अल्पसंख्यक ऋण योजना के तहत 24 लाभार्थियों को 92 लाख रुपये की सहायता दी गई। बैठक में दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं, शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति और गृह ऋण योजना पर भी चर्चा हुई।

### शूलिनी मेले में सफाई कर्मियों की मेहनत की सराहना, सार्वजनिक सम्मान की मांग तेज

# दिन-रात जुटे सफाई कर्मी, मेले की स्वच्छता बनी मिसाल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राष्ट्रीय स्तर के मां शूलिनी मेले के सफल आयोजन के पीछे जहां प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों की भूमिका रही, वहीं नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की अथक मेहनत भी चर्चा का विषय बनी हुई है। मेले के दौरान हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही के बावजूद सफाई कर्मचारी दिन-रात शहर और मेला परिसर को स्वच्छ रखने में जुटे रहे।

हालांकि कई लोगों ने यह भी चिंता जताई कि सफाई कर्मचारियों की मेहनत के बावजूद कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकते रहे, जिससे शहर की स्वच्छता प्रभावित हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आम नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो शहर को और अधिक साफ-सुथरा रखा जा सकता है।

शहर के सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने मांग उठाई है कि शूलिनी मेले को सफल बनाने में अहम योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रशासन और नगर निगम द्वारा सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि विपरीत परिस्थितियों में लगातार काम करने वाले इन कर्मचारियों की मेहनत को उचित पहचान मिलनी चाहिए। लोगों का मानना है कि सफाई कर्मियों का सम्मान न केवल उनके मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना भी मजबूत करेगा।

## मेले में बेबी शो आयोजित, 37 बच्चों का स्वास्थ्य मूल्यांकन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन ने राष्ट्र स्तरीय मां शूलिनी मेले के दौरान बेबी शो का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने की, जबकि नगर निगम सोलन की आयुक्त विशिष्ट अतिथि रहीं। डॉ. पाठक ने बताया कि 0 से 1 वर्ष, 1 से 3 वर्ष और 3 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 37 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों का मूल्यांकन पूर्ण टीकाकरण, आयु के अनुसार वजन-लंबाई, शारीरिक विकास और व्यक्तिगत




स्वच्छता के आधार पर किया गया। मूल्यांकन के बाद बच्चों को ग्रीन, येलो और रेड जोन में वर्गीकृत किया गया। परिणामों में 37 में से 36 बच्चे ग्रीन जोन में पाए गए, जबकि एक बच्चा येलो जोन में रहा और रेड जोन में कोई भी बच्चा नहीं मिला। युविका, माहिका और त्रिशिका ने सभी मानदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूर्ण अंक प्राप्त किए। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# अंब में विकास कार्यों को मिलेगी गति उपमुख्यमंत्री ने दिया सहयोग का भरोसा

## नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष अनसुइया रानी से मिले मुकेश अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

**अंब।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू नगर पंचायत अंब की नवनिर्वाचित अध्यक्षा अनसुइया रानी के निवास पर पहुंचे और उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मुकेश अग्निहोत्री ने उन्हें नगर पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नगर पंचायत अंब के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को गति देने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। नगर पंचायत अंब में कांग्रेस समर्थक



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व विधायक बबलू का स्वागत करते हुए।

अनसुइया रानी की ताजपोशी -बड़े मायने रखती है। अनसुइया रानी के बेटे राघव राणा का कांग्रेस पार्टी में एक महत्व पूर्ण स्थान है।

राघव रंग वर्तमान में युवा कांग्रेस के महासचिव हैं। नगर पंचायत के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नगर पंचायत अंब के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा तथा जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को गति देने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। नगर पंचायत अंब में कांग्रेस समर्थक अनसूइया रानी की ताजपोशी -बड़े मायने रखती है। अनसूइया रानी के बेटे राघव राणा का कांग्रेस पार्टी में एक अच्छा नाम है और वह उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के काफी करीबी माने जाते हैं। अध्यक्ष पद के चुनाव से पूर्व नगर पंचायत में भाजपा द्वारा बहुमत होने का दावा किया जा रहा था। ऐसे में राघव राणा ने अपनी कुशल रणनीति के चलते नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कांग्रेस का परचम लहराया है। यही कारण है कि उपमुख्यमंत्री अनसुइया रानी के निवास स्थान पर पहुंचे और उन्हें नगर पंचायत अंब के लिए विकासात्मक योजनाएं बनाने व जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। इस मौका पर क्षेत्र के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेता उपस्थित रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव से पूर्व नगर पंचायत में भाजपा को बहुमत मिलने का दावा किया जा रहा था। ऐसे में राघव राणा ने अपनी कुशल रणनीति के तहत नगर पंचायत अंब के अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कांग्रेस का परचम लहराया है।

## कार-बाइक की टक्कर में चालक घायल

**अंब।** थाना अंब के तहत चूरूडू में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हिन्दर निवासी गांव तलेई, डाकघर साहू, तहसील व जिला चंबा ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह 29 जून 2026 को अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर चंडीगढ़ से अपने घर चंबा जा रहा था। दोपहर करीब 3:20 बजे जब वह चूरूडू क्षेत्र में पहुंचा तो एक अल्टो कार चालक ने कथित तौर पर गलत दिशा से ओवरटेक करने का प्रयास किया और उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

शिकायत के अनुसार कार चालक की पहचान अंकूर शर्मा निवासी गांव प्रताप नगर, डाकघर व तहसील अंब, जिला ऊना के रूप में हुई है। हादसे में मोटरसाइकिल चालक को चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मलांगड़ के विशम्बर सिंह पंचतत्व में विलीन

## शहीद की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, 'भारत माता की जय' से गूंजा क्षेत्र

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मलांगड़ गांव के वीर सपूत शहीद विशम्बर सिंह मिंटू का मंगलवार को पूरे राजकीय एवं सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद के पार्थिव शरीर को बंगाणा से मलांगड़ तक सैकड़ों युवाओं की बाइक रैली के साथ ले जाया गया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम और शहीद विशम्बर सिंह अमर रहें के गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो उठा। सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा कर अपने वीर सपूत को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। जैसे ही तिरंगे में लिपटा शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक घर पहुंचा, वहां मौजूद परिजनों का दर्द छलक पड़ा। पिता रसीला राम, माता, पत्नी और अन्य रिश्तेदार अपने वीर बेटे और परिवार के सदस्य को अंतिम बार देखकर फूट-फूटकर बिलख पड़े। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम थी और हर चेहरा इस अपूरणीय क्षति का दर्द



सैन्य सम्मान के साथ शहीद को अंतिम विदाई दी। अनंत ज्ञान

महसूस कर रहा था। पिता के चेहरे पर बेटे की शहादत का गर्व भी था और उसे खो देने का असहनीय दुख भी साफ दिखाई दे रहा था।

शहीद की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारतीय सेना की टुकड़ी ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद को अंतिम सलामी दी। बिगुल की धुन और हथियारों की सलामी के बीच वातावरण अत्यंत भावुक हो उठा। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। सबसे मार्मिक दृश्य उस समय देखने को मिला जब शहीद के 11 वर्षीय पुत्र अक्षित ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। मासूम अक्षित बार-बार अपने पिता के पार्थिव शरीर को देखकर रोता रहा। श्मशान घाट में मौजूद हजारों लोगों की आंखें यह दृश्य देखकर भर आईं। हर कोई इस मासूम बेटे के दर्द को देखकर भावुक हो उठा। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बंगाणा सोनू गोयल, डीएसपी मुख्यालय अजय ठाकुर, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, सेना के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोअर भंजाल में तेज रफ्तार स्कूटी ने दो लोगों को मारी टक्कर, 4 घायल

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के लोअर भंजाल क्षेत्र में रविवार रात एक तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े दो लोगों से टकरा गई। हादसे में दो राहगीरों सहित स्कूटी चालक और उसके पीछे बैठी युवती घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, 29 जून की रात करीब नौ बजे लोअर भंजाल में स्कूटी चालक साहिल निवासी भागड़ा, तहसील मुकेरियां, जिला होशियारपुर (पंजाब) अपनी स्कूटी को तेज रफ्तारी और लापरवाही से चला रहा था। इस दौरान उसने सड़क किनारे खड़े राज कुमार यादव निवासी बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) तथा सुरेश कुमार निवासी मोतीहारी (बिहार), जो वर्तमान में लोअर भंजाल में किराये पर रह रहे हैं, को टक्कर मार दी।

हादसे में राज कुमार यादव, सुरेश कुमार, स्कूटी चालक साहिल और स्कूटी के पीछे बैठी एक युवती घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर स्कूटी चालक साहिल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# एडीसी ने दिए संवेदनशील पंचायतों में नशा रोकथाम रणनीति मजबूत करने के निर्देश



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने नशा उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने तथा सड़क सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा और सड़क सुरक्षा दोनों ही जनहित के अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं, जिन पर नियमित समीक्षा और सख्त निगरानी आवश्यक है। जिला परिषद सभागार में आयोजित एन-कॉर्ड समिति और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों से नशा निवारण समितियों की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, उन्हें 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही संवेदनशील पंचायतों में जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर रणनीति बनाने के निर्देश भी दिए गए। एडीसी ने केमिस्ट दुकानों का नियमित निरीक्षण, दवा बिक्री रिकॉर्ड की निगरानी और अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। सड़क सुरक्षा के तहत उन्होंने एनएचएआई मानकों के अनुसार सुधार कार्य, ट्रैफिक जाम वाले क्षेत्रों में अध्ययन और नो-वेंडिंग व नो-पार्किंग जोन के सख्त पालन पर जोर दिया।

उन्होंने गुड समैरिटन योजना का प्रचार करने की बात भी कही, जिसके तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित की मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन स्व-नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का उद्देश्य देशभर के उन उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने नवाचार, समर्पण और निरंतर प्रयासों से विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार किया है तथा विद्यार्थियों के जीवन को सकारात्मक दिशा दी है।

जिला ऊना के उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोमलाल धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि पात्र शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से अपना ऑनलाइन नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 15 जून से प्रारंभ हो चुकी है और 10 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके बाद स्व-नामांकन को अंतिम पुष्टि एवं जमा करने की प्रक्रिया 13 जुलाई तक निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों से आग्रह किया है कि वे दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ही आवेदन करें। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# प्रधान अंजू कालिया और उपप्रधान पुनीत कालिया को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** फ्रेंड्स ग्रुप रेही की ओर से भरवाईं रेस्ट हाउस में छपरोह पंचायत की नवनिर्वाचित प्रधान अंजू कालिया और उपप्रधान पुनीत कालिया के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर-1 रेही के लोगों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का सम्मानित करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं पंचायत चुनावों में वार्ड नंबर-1 की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। इस बार भी वार्ड के लोगों ने एकजुट होकर प्रधान और उपप्रधान पद के उम्मीदवारों का खुलकर समर्थन किया था। चुनाव संपन्न होने के बाद वार्ड के लोगों ने आपसी सहयोग और क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया, जिसका नाम 'फ्रेंड्स ग्रुप रेही' रखा गया है। इस ग्रुप में वार्ड के अधिकांश लोग जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर नियमित चर्चा करते हैं। समारोह के दौरान रेही निवासी राकेश शर्मा ने कहा



कि पूर्व उपप्रधान संजय कालिया ने अपने कार्यकाल में गांव के विकास के लिए सराहनीय कार्य किए थे। अब उनकी पत्नी अंजू कालिया के प्रधान पद पर निर्वाचित होने से पूरे गांव को विकास कार्यों को लेकर नई उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई पंचायत गांव के सभी वार्डों को साथ लेकर विकास कार्यों को गति देगी और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रधान अंजू कालिया और उपप्रधान पुनीत कालिया को सम्मानित करते हुए पंचायत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा क्षेत्र के विकास में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## स्कूलों में सुबह 9 से दोपहर बाद 3 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में एक जुलाई से सामान्य समय के अनुसार पढ़ाई होगी। जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) जतिन लाल ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही भीषण गर्मी के मद्देनजर पांच मई को स्कूलों के समय में किए गए बदलाव संबंधी आदेश भी वापस ले लिए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार जिले के सभी प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल और सेकेंडरी स्कूल अब सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक संचालित होंगे। यह व्यवस्था एक जुलाई से प्रभावी होगी। जिला दंडाधिकारी ने एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक को भी निर्देश दिए हैं कि स्कूलों के संशोधित समय के अनुरूप बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बिलासपुर की जनता जो ठान लेती उसे पूरा कर दिखाती है: सुरभि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नम्होल जिला परिषद वार्ड से जिला पार्षद सुरभि ठाकुर ने कक्षाएं पुनः शुरू होने पर इसे जनता की एकता और बिलासपुरी जज्बे की जीत बताया। उन्होंने कहा कि देर से ही सही, लेकिन लोगों की मजबूत आवाज के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा। उन्होंने कंदरौर में हुए पूर्व आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि बिलासपुर की जनता जो ठान लेती है, उसे पूरा कर के रहती है। इस दौरान बुजुर्गों और युवाओं ने अपने क्षेत्र के लिए संघर्ष में पूरा समर्थन दिया, जिससे दामी घाटी की एकजुटता का संदेश पूरे प्रदेश में गया। सुरभि ठाकुर ने इस निर्णय को सामूहिक जीत बताते हुए 'जय हिंद, जय बिलासपुर, जय दामी घाटी' का नारा लगाया।

## जुखाला कॉलेज में संकाय बहाली पर राम लाल ठाकुर ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम लाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट कर जिला बिलासपुर के राजकीय महाविद्यालय नयना देवी में वाणिज्य संकाय तथा राजकीय



महाविद्यालय जुखाला में विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की बहाली पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन संकायों की बहाली से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब घर के निकट ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। वहीं, जुखाला कॉलेज बचाओ मंच के संस्थापक दीपक महाजन ने विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की पुनर्बहाली पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे क्षेत्र की एकजुटता और सामूहिक प्रयासों की जीत है।

## मोक्षिका गर्ग ने एक साथ पास की दो महत्वपूर्ण परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला कुठेड़ा की छात्रा मोक्षिका गर्ग ने एक साथ दो महत्वपूर्ण परीक्षाओं नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा और हिंदी विषय में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दोहरी उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। शिक्षकों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने मोक्षिका को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पति की मौत के 15 दिन बाद गर्भवती पत्नी की भी मौत

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के गांव खलसाये में 20 वर्षीय गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान नैना शर्मा, पत्नी स्वर्गीय सुमित कुमार, के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, नैना की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतका के पति का करीब 15 दिन पहले निधन हो गया था, जिसके बाद वह मानसिक तनाव में थी। मृतका के पिता ने भी किसी प्रकार का संदेह व्यक्त नहीं किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम एम्स बिलासपुर में कराया जाएगा। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने मामले की पुष्टि की।

# बिलासपुर में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर प्रो. पीसी महालनोबिस को किया नमन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो बिलासपुर।** जिला सांख्यिकी कार्यालय, बिलासपुर में सोमवार को बीसवां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। यह दिवस भारतीय सांख्यिकी प्रणाली के जनक एवं विश्वविख्यात सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस की थीम 'प्रशासनिक आंकड़ों की क्षमता को अनलॉक करना रही।



कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता, डीएफडीसी बृजेंद्र पठानिया, एसी कंट्रोलर प्रवीण सिउंटा , भारतीय स्टेट बैंक के मनोज कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. पीसी महालनोबिस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अनुसंधान अधिकारी ललित कुमार ने राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय आंकड़े किसी भी राष्ट्र की प्रगति तथा प्रभावी प्रशासन की आधारशिला हैं। उन्होंने प्रो. महालनोबिस के जीवन एवं सांख्यिकी के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के दौरान सांख्यिकीय गतिविधियों, डेटा संग्रहण, विश्लेषण तथा नीति निर्माण में सांख्यिकी के उपयोग पर चर्चा की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं दक्षता बनाए रखने तथा जनहित में विश्वसनीय आंकड़ों के उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# एमकॉम छात्रों को गलत विषय पढ़ाने पर भड़की एबीवीपी

अनंत ज्ञान

- **कॉलेज प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन, छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का लगाया आरोप**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों को निर्धारित पाठ्यक्रम के बजाय गलत विषय पढ़ाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मुद्दे को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कॉलेज परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

एबीवीपी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन की गंभीर लापरवाही के कारण एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों का पूरा शैक्षणिक सत्र प्रभावित हुआ है। उनका कहना है कि छात्रों को पूरे सेमेस्टर जिस विषय की पढ़ाई करवाई गई, वह हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के निर्धारित पाठ्यक्रम का हिस्सा ही नहीं था। परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान जब इस त्रुटि का पता चला, तब छात्रों को आनन-फानन में दूसरा विषय चुनना पड़ा। परिषद का आरोप है कि जिस विषय का चयन करवाया गया, उसकी पूरे सत्र में पढ़ाई ही नहीं करवाई गई, जिससे विद्यार्थी परीक्षा को लेकर भारी असमंजस और मानसिक तनाव में हैं। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने इसे केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का गंभीर मामला बताया। उनका कहना था कि इस लापरवाही का सीधा असर छात्रों के शैक्षणिक भविष्य पर पड़ा है, इसलिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज प्रशासन से मांग की कि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा प्रभावित छात्रों के हितों की रक्षा के लिए उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन छात्रों के हितों की रक्षा के लिए अपना आंदोलन और तेज करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी।

## सीर खड्ड में लापता युवक का शव बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता उपमंडल की सीर खड्ड में नहाने के दौरान लापता हुए युवक का शव रविवार को तुगड़ी के समीप बरामद हुआ। मृतक की पहचान राजेश कुमार (पुत्र लेख राम), निवासी गांव समोह, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 28 जून की रात युवक के सीर खड्ड में लापता होने की सूचना मिलने पर तुरंत तलाश अभियान शुरू किया गया। रविवार सुबह स्थानीय लोगों की सहायता से शव को खड्ड से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में युवक की मौत पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## डियारा सेक्टर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के डियारा सेक्टर में मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक डे-केयर सेंटर में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नंबर आठ, नौ व दस से संबंध रखने वाले लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेंद्र कुमार ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें स्वस्थ्य जीवन जीने के टिप्स भी दिए। इस अवसर पर बुजुर्गों के ब्लड शूगर, बीपी व अन्य टैस्ट भी किए। मानव सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन एवं संस्थापक अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य लोगों को घर द्वार स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करना तथा उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना है। इसी के तहत मानव सेवा ट्रस्ट अपने दायित्व को निभा रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का समय पर स्वास्थ्य जांच और सही चिकित्सकीय मार्गदर्शन जरूरी है ताकि उनका जीवन और अधिक सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक बन सके। इस अवसर पर कुल 22 बुजुर्गों और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## श्री नयना देवी स्कूल में रणवीर सिंह बने एसएमसी प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्कूल श्री नयना देवी जी में बैठक का आयोजन पाठशाला के प्रधानाचार्य उपेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें नई स्कूल प्रबंधन समिति कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस प्रबंधन समिति में रणवीर सिंह को प्रधान पद और ज्योति भारद्वाज को उप प्रधान पद पर नियुक्त किया। सदस्यों के रूप में जसवीर कुमार, देश राज, संतोष कुमार, नंद लाल ठाकुर, राजीव कुमार, कृष्ण देवी, माया देवी, लज्जया देवी को चुना गया। पाठशाला के विकासात्मक कार्यों के मुख्य बिंदु भी स्कूल प्रबंधन समिति के द्वारा प्रमुखता से रखे गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया।

## पेंशनर्स ने उठाया मेडिकल बिलों के भुगतान का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शहरी इकाई पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं का एक प्रतिनिधिमंडल घुमारवीं के कुछ विभागों के अध्यक्षों से आज अध्यक्ष हरिसिंह ठाकुर की अध्यक्षता में मिला। हरिसिंह ठाकुर ने बताया की विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने बताया कि मेडिकल बिलों की बकाया राशि के जितने बिल सरकार को भेजे गए थे, उनमें से बहुत कम बजट उनके पास आया है। उन्होंने बताया की पेंशनरों के मेडिकल बिल 2022 से पेंडिंग हैं। उन्होंने बताया कि घुमारवीं जल शक्ति विभाग ने मेडिकल बिलों के लम्बित भुगतान हेतु सरकार से 22 लाख की मांग की थी जिसमे से उन्हें सिर्फ 2लाख की राशि ही प्राप्त हुई है। ऐसा ही हाल अन्य विभागों का है जिनमें मेडिकल बिलों की डिमांड से बहुत कम राशि प्राप्त हुई है। जिसके कारण पेंशनर्स को समय पर मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो पा रहा है । उन्होंने समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आग्रह किया है की सभी विभागों को सारी पेंडिग मेडिकल बिलों की राशि मुहैया करवाई जाए ताकि पेंशनरो के पेंडिंग बिलों का भुगतान जल्दी से जल्दी किया जा सके। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ उपप्रधान हेमराज महाजन, सचिव बुद्धि सिंह, उपप्रधान निक्का राम, लेखराम शर्मा, शालीराम शर्मा व प्यारे लाल उपस्थित रहे।

## गहरा में साहित्य संगोष्ठी का आयोजन 4 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला कलम संगोष्ठी घुमारवीं के बल्ह चुरानी पंचायत के गैहरा गांव में 4 जुलाई को होगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता सुरेन्द्र मिन्हास करेंगे जबकि मंच के संयोजक अमर नाथ धीमान कार्यक्रम का संचालन करेंगे। बैठक में हड़िंबा वेलफेयर सोसाइटी बल्ह चुरानी और सरस्वती शर्मा को उनके द्वारा समाज में दी गई समाज सेवाओं के लिए मंच द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक के दौरान उपस्थित कलम व कलाकार अपनी नवीनतम रचनाओं से माहौल को यादगार बनाएंगे।

## चुवाड़ी स्कूल एसएमसी अध्यक्ष बनीं माला देवी

**अनंत ज्ञान घुमारवीं।** राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी में कार्यवाहक मुख्याध्यापिका रेखा सोनी की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में लगभग 35 से 40 अभिभावकों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से माला देवी को एसएमसी अध्यक्ष और सुनीता देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही विद्यालय के समग्र विकास और संचालन के लिए लगभग 17 सदस्यीय समिति का गठन किया गया तथा भवन समिति और शैक्षणिक समिति सहित विभिन्न उप-समितियां भी बनाई गईं। रेखा सोनी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके सहयोग से विद्यालय के शैक्षणिक एवं आधारभूत विकास को नई दिशा मिलेगी। बैठक में एसएमसी प्रभारी ममता देवी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

बाड़ी छजोली में बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

## ओमेगा बैडमिंटन प्रतियोगिता में बाड़ी-1 बनी विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्रामीण युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशा मुक्त भारत का संदेश देने के उद्देश्य से समाजसेवी संस्था ओमेगा द्वारा ओमेगा बैडमिंटन युगल प्रतियोगिता-2026 का आयोजन राजकीय माध्यमिक पाठशाला बाड़ी-छजोली के प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया। मुख्यातिथि राम चंद बरूर ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन और सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। फाइनल में टीम बाड़ी-1 विजेता रही, जबकि बाड़ी-2 उपविजेता रही। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# बिलासपुर में वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान, लंबित एरियर की उठी मांग



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, जिला बिलासपुर की सदर खंड एवं शहरी इकाई का संयुक्त सम्मान समारोह धौलरा मंदिर में सदर खंड प्रधान प्रकाश चंद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में 75 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके 30 पेंशनरों को शॉल, हिमाचली टोपी, मफलर और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एनडीएसआई लक्ष्मण दास वर्मा रहे। इस अवसर पर जिला एवं प्रदेश स्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् से हुआ तथा दिवंगत पेंशनरों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में संगठन के पुनर्गठन को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें प्रकाश चंद ठाकुर को प्रधान, लेख राम कौंडल को महासचिव सहित अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। वक्ताओं ने सरकार द्वारा दिए गए वित्तीय लाभों के लिए आभार जताते हुए जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों के लंबित एरियर और 15 प्रतिशत डीए एरियर के शीघ्र भुगतान की मांग की। समारोह में करीब 180 पेंशनरों ने भाग लिया और अंत में पारंपरिक बिलासपुरी धाम का आयोजन हुआ।

## स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत बेनला ब्राह्मणा के क्षेत्रवासियों ने पुराने विद्युत मीटरों को उखाड़कर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने के सरकारी निर्णय का कड़ा विरोध किया है। आज पंचायत की ओर से विद्युत अनुभाग कंदरौर के एसडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि पंचायत व क्षेत्रवासी इस निर्णय को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। ज्ञापन में मांग की गई है कि पंचायत क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए और जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। इस दौरान पंचायत की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बड़ी संख्या में ग्रामवासी एकजुट होकर मौजूद रहे और उन्होंने इस जनविरोधी कदम के खिलाफ अपना समर्थन दिया। पंचायत ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह जनहित के साथ कोई समझौता नहीं करेगी और जब तक इस निर्णय को वापस नहीं लिया जाता, तब तक शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखा जाएगा।

# डीसी मुकेश ने पुखरी में विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र एवं उप तहसील भवन के प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मंगलवार को चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुखरी का दौरा कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र तथा उप तहसील कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुखरी में अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को विद्यालय में शौचालयों की मरम्मत तथा सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से शिक्षा की गुणवत्ता, पठन-पाठन तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर संवाद किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने को प्रेरित किया। उन्होंने प्राथमिक पाठशाला परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के रिक्त भवन का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त के समक्ष प्रधानाचार्य अजय चौहान ने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही विभिन्न बहुआयामी गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। उपायुक्त ने इसके उपरांत उप तहसील कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत प्रधान मंगेश ठाकुर, जिला विकास अधिकारी तविंद्र चिनोरिया आदि मौजूद रहे।

# सत्ता के 'सेमीफाइनल' में कांग्रेस की जीत 10 वर्षों बाद तीसा ब्लॉक समिति पर कब्जा

## चैन लाल अध्यक्ष और शकुंतला देवी उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

**तीसा।** चंबा जिले की तीसा ब्लॉक समिति में 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मंगलवार को कांग्रेस ने शानदार वापसी करते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कब्जा जमाया है। ब्लॉक समिति अध्यक्ष पद पर चैन लाल तथा उपाध्यक्ष पद पर शकुंतला देवी निर्वाचित हुए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस ने 18 में से 10 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बढ़त हासिल की, जबकि भाजपा के खाते में 8 सीटें गईं। बहुमत के दम पर कांग्रेस ने ब्लॉक समिति की सत्ता पर दोबारा कब्जा कर लिया।




कांग्रेस ने एक दशक बाद तीसा ब्लॉक समिति में अपना परचम लहराया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चैन लाल एवं उपाध्यक्ष शकुंतला देवी को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत चुराह कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेताओं की एकजुटता, मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के बल पर कांग्रेस ने एक दशक बाद तीसा ब्लॉक समिति में अपना परचम फिर से लहराया है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चुनाव पर्यवेक्षक कमल ठाकुर तथा समन्वय समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने पूरी जिम्मेदारी के साथ चुनाव का संचालन किया, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस को यह महत्वपूर्ण जीत मिली। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित ब्लॉक समिति क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति देगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं वर्ष 2022 के चुराह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत सिंह खन्ना ने कहा कि तीसा ब्लॉक समिति में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों पदों पर कांग्रेस की जीत ने यह साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा लगातार खरीद-फरोख्त के आरोप लगाकर माहौल बनाने का प्रयास करती रही, लेकिन चुराह की जागरूक जनता ने अपने लोकतांत्रिक फैसले से उन सभी दावों को पूरी तरह झूठा करार दे दिया। यशवंत सिंह खन्ना ने कहा कि 18 में से 10 सीटों पर कांग्रेस की जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि चुराह की जनता द्वारा कांग्रेस की नीतियों, संगठन और नेतृत्व पर दोबारा जताए गए विश्वास की मजबूत अभिव्यक्ति है।

# होली-उत्तराला सड़क को मिली नई उम्मीद सीएम के संभावित दौरे से जगी आशा: ललित



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र की वर्षों पुरानी होली-उत्तराला सड़क निर्माण की मांग एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के होली घाटी के संभावित दौरे की खबर से क्षेत्रवासियों में नई उम्मीद और उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में एपीएमसी चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर ने होली घाटी में प्रबुद्ध नागरिकों, वरिष्ठ जनों और होली-उत्तराला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क निर्माण और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए ललित ठाकुर ने कहा कि होली-उत्तराला सड़क केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि हजारों लोगों की जीवनरेखा और क्षेत्र के विकास का आधार है। उन्होंने संघर्ष समिति और स्थानीय लोगों के वर्षों से चले आ रहे शांतिपूर्ण आंदोलन की सराहना करते हुए कहा कि यह जनहित और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री से लगातार सकारात्मक चर्चा होती रही है और संभावित दौरे से यह उम्मीद और मजबूत हुई है कि सरकार इस लंबे समय से लंबित जनमांग पर ठोस और ऐतिहासिक निर्णय लेगी। ठाकुर ने विश्वास जताया कि सड़क निर्माण से न केवल होली घाटी बल्कि पूरे भरमौर-पांगी क्षेत्र में पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित के अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर, संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद, सचिव सुनील, टीएसी सदस्य हेमराज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश जरयाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# चंबा को बड़ी सौगात, 7.75 करोड़ की बहुमंजिला पार्किंग का भूमि पूजन

◆ सदर विधायक नीरज नैय्यर बोले- जो कहा वह कर दिखाया

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में वर्षों से चली आ रही पार्किंग समस्या के समाधान की दिशा में मंगलवार को बड़ा कदम उठाया गया। पुराने बस अड्डा परिसर में 7.75 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली बहुमंजिला पार्किंग परियोजना का भूमि पूजन किया गया। सदर विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि यह परियोजना शहर की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण साबित होगी। हिमाचल प्रदेश शहरी परिवहन एवं बस स्टैंड प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण के तहत बनने वाली इस पार्किंग के पहले चरण में तीन से चार मंजिलों का निर्माण होगा, जिसमें 300 से 350 वाहनों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी। भविष्य में इसे छह मंजिल तक विस्तारित करने की योजना है। विधायक ने बताया कि शहर में एक अन्य पार्किंग स्थल पर भी कार्य प्रस्तावित है, जिससे आने वाले समय में लगभग 1500 वाहनों की क्षमता विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना चम्बा की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

# बसों के नाम पर चंबा से भेदभाव : भाजपा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** आकांक्षी जिला चंबा में बदहाल होती परिवहन व्यवस्था को लेकर सियासत गरमा गई है। प्रदेश सरकार के खिलाफ आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर चंबा की लगातार उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण जिला की जनता परिवहन संकट से जूझने को मजबूर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद भी चंबा की तस्वीर नहीं बदली, बल्कि हालात और खराब हुए हैं।



प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार अपने कार्यकाल में चंबा को एक भी नई सरकारी बस उपलब्ध नहीं करवा सकी। नतीजतन कई ग्रामीण और दूरदराज के रूट प्रभावित हो गए हैं, जबकि अनेक मार्गों पर लोगों को निजी वाहनों पर निर्भर होना पड़ रहा है। जय सिंह ने कहा कि चंबा जिले को सुचारु परिवहन व्यवस्था के लिए लगभग 160 बसों की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में डिपो के पास महज 103 बसें ही उपलब्ध हैं। इनमें से भी करीब 36 बसें पूरी तरह खराब पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पेयर पार्ट्स की कमी के चलते बसें आए दिन बीच रास्ते में ही जवाब दे रही हैं, जिससे यात्रियों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ रही है। भाजपा नेता ने दावा किया कि बसों की कमी के कारण निगम को मजबूर होकर चंबा के करीब 50 रूट निजी बस संचालकों के हवाले करने पड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने बताया कि चंबा डिपो में वर्तमान समय में 35 चालकों, 35 परिचालकों और कई मैकेनिकों के पद रिक्त हैं। पर्याप्त तकनीकी स्टाफ नहीं होने के बावजूद बसों को मरम्मत के बिना ही सड़कों पर उतारा जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। जय सिंह ने हाल ही में चालकों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को 1500 रुपए प्रतिदिन देने का भरोसा देकर एक ही दिन में इंटरव्यू लिए गए, दोपहर में जॉइनिंग करवाई गई और रात होते-होते नौकरी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने इसे युवाओं के साथ 'विश्वासघात' बताया।

**एचआरटीसी ने दी सफाई, बताया क्यों नहीं मिल सकीं नई बसें :** भाजपा के आरोपों के बीच एचआरटीसी चंबा के उप मंडल प्रबंधक (डीडीएम) शुगल सिंह ने कहा कि चंबा में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो अगले लगभग एक माह के भीतर चार्जिंग स्टेशन स्थापित हो जाएंगे। इसके बाद चंबा डिपो को 10 से 12 नई इलेक्ट्रिक बसें आवंटित होने की प्रबल संभावना है।

# छतराड़ी-मासू बौर सड़क निर्माण पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा केंद्र सरकार की योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित छतराड़ी-मासू बौर सड़क इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर सवालों के घेरे में है। भारी खर्च के बावजूद यह सड़क लोगों के लिए सुगम यात्रा का साधन बनने के बजाय परेशानी का कारण बन गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर सड़क पर बजरी डाल दी गई है, जिससे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। तीखी चढ़ाई वाले हिस्सों में वाहन अक्सर फंस जाते हैं, जिससे यात्रियों को धक्का लगाकर उन्हें आगे बढ़ाना पड़ता है। इससे न केवल लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि नए वाहन भी समय से पहले खराब हो रहे हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। क्षेत्रवासियों ने पीडब्ल्यूडी से तत्काल निरीक्षण कर सड़क की मरम्मत, गुणवत्ता जांच और जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रयात बाहरा ग्रुप ने गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी सोलखियां को बस की भेंट




अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रयात बहरा ग्रुप ने गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी, सोलखियां को एक बस भेंट की। इस पहल का उद्देश्य गुरुद्वारा साहिब द्वारा संचालित धार्मिक, सामाजिक एवं मानव सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक सशक्त बनाना है।

एक सादे समारोह के दौरान रयात बहरा ग्रुप के चेयरमैन गुरविंदर सिंह बाहरा, वाइस चेयरमैन गुरिंदर सिंह बाहरा तथा वाइस प्रेसिडेंट जेसिका दुग्गल बाहरा ने गुरुद्वारा प्रबंधन को बस की चाबियां औपचारिक रूप से सौंपीं। इस अवसर पर संबोधित करते हुए चेयरमैन गुरविंदर सिंह बहरा ने कहा कि निस्वार्थ सेवा समाज को दिया जाने वाला सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा करना और समाज को वापस देना प्रत्येक संस्था और व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है, जो आपसी भाईचारे, सद्भाव और करुणा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि यह बस संगत की आवागमन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ गुरुद्वारा साहिब द्वारा आयोजित धार्मिक आयोजनों, सामाजिक सेवा गतिविधियों तथा अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पहल रयात बाहरा ग्रुप की मानवता, सेवा और जनकल्याण के मूल्यों को बढ़ावा देने तथा समाज सेवा के लिए समर्पित संस्थाओं को निरंतर सहयोग प्रदान करने की उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# फायर-बोल्ट ने फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी में लॉन्च किया बोल्ट ब्रांड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के सबसे बड़े कनेक्टेड कंज्यूमर इकोसिस्टम में से एक, फायर-बोल्ट ने आज स्मार्टफोन मार्केट में एंट्री की घोषणा की है। वियरेबल्स सेगमेंट में अपनी सफलता के बाद, कंपनी ने बोल्ट नाम से एक नया मेड-इन-इंडिया स्मार्टफोन ब्रांड लॉन्च किया है। यह नया ब्रांड ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट और अन्य प्रमुख रिटेल चैनलों के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा। यह कदम फायर-बोल्ट के वेयरेबल्स ब्रांड से आगे बढ़कर एक व्यापक कंज्यूमर टेक्नोलॉजी कंपनी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वर्षों के उपभोक्ता अनुभव और बाजार विशेषज्ञता के आधार पर कंपनी अब स्मार्टफोन श्रेणी में अपनी उपभोक्ता-केंद्रित सोच लेकर आई है, जो आज के डिजिटल जीवन का सबसे अहम हिस्सा बन चुकी है। भारत में निर्मित और भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए बोल्ट स्मार्टफोन, स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग के प्रति फायर-बोल्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। साथ ही, कंपनी अपने गहन बाजार अनुभव को फ्लिपकार्ट के व्यापक नेटवर्क के साथ जोड़कर देशभर के उपभोक्ताओं तक अपने स्मार्टफोन पोर्टफोलियो को पहुंचाएगी। आगामी बोल्ट स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में किफायती कीमत वाले 4जी और 5जी स्मार्टफोन शामिल होंगे, जिन्हें इवो और ऐस सीरीज के तहत पेश किया जाएगा।

# जालंधर में अकाली-भाजपा के दिग्गज नेता 'आप' में शामिल

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने जालंधर में अकाली दल और भाजपा को बड़ा राजनीतिक झटका दिया है। जालंधर कैंट इलाके में शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के मजबूत स्तंभ माने जाने वाले कई बड़े और जमीनी नेता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मण ने इन सभी नेताओं को औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल किया और उनका स्वागत किया।

इस मौके पर ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मण ने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति का मुख्य मकसद पंजाब का सर्वपक्षीय विकास और आम लोगों को बुनियादी सुविधाएं देना है। उन्होंने कहा कि आज पंजाब का हर वर्ग मुख्यमंत्री भगवंत मान की नीतियों से खुश है, यही वजह है कि राज्य के कोने-कोने से सम्मानित और अनुभवी नेता लगातार आप का हिस्सा बन रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं को पूरा सम्मान दिया जाएगा और उनके सहयोग से जालंधर इलाके में विकास के कामों को और गति मिलेगी। आम आदमी पार्टी की मेंबरशिप लेने वाले खास नेताओं में मुख्य रूप से शिरोमणि अकाली दल के हलका प्रधान कैंट और सरपंच लवप्रीत, भाजपा कैंट बोर्ड जालंधर यूथ अध्यक्ष आर्यन भट्टी, और भावदास एससी कम्युनिटी के चेयरमैन और पीएसपीसीएल के रिटायर्ड एसडीओ पाल राम भट्टी शामिल हैं। उनके साथ भाजपा ज़िला प्रवक्ता हर्ष भारद्वाज, ज़िला महासचिव रमेश पाल, भाजपा यूथ उपाध्यक्ष मोहितप्रीत सिंह, शिरोमणि अकाली दल के पंचायत सदस्य विजय कुमार, राज रानी और अमरजीत भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं ने एक आवाज़ में कहा कि वे पुरानी पार्टियों की गुटबाज़ी और जनविरोधी व्यवहार से निराश हैं। वे मुख्यमंत्री भगवंत मान के साफ़-सुथरे और लोगों के लिए काम करने के तरीके से बहुत प्रभावित हैं।

# एंडोस्कोपी से खाने की नली में फंसा निगला हुआ डेंचर निकाला

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** लिवासा हॉस्पिटल, खन्ना के डॉक्टरों ने 45 वर्षीय मरीज की खाने की नली में फंसे निगले हुए डेंचर को बिना सर्जरी एडवांस्ड थेराप्यूटिक एंडोस्कोपी के जरिए सफलतापूर्वक निकाल दिया। मरीज को गलती से डेंचर निगलने के बाद अस्पताल लाया गया था। जांच में कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पुलकित धीमान ने अपर गैस्ट्रोइंटेस्टिनल एंडोस्कोपी की, जिसमें डेंचर एसोफैगस के मध्य हिस्से में फंसा मिला। डॉ. धीमान ने विशेष श्रोथ नेट की मदद से उसे सावधानीपूर्वक बाहर निकाला। प्रक्रिया के बाद मरीज की हालत में सुधार हुआ और उसे बड़ी सर्जरी से बचा लिया गया।



# 5 साल के बी-आर्क कोर्स में एडमिशन की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई ने आज काउंसिल ऑफ़ आर्किटेक्चर से मंजूरी प्राप्त, 5 साल के बैचलर ऑफ़ आर्किटेक्चर (बी-आर्क) कोर्स में एडमिशन की घोषणा की है। यह कोर्स इंडस्ट्री के हिसाब से ज़रूरी, प्रोजेक्ट और रिसर्च पर आधारित करिकुलम देता है, जो स्टूडेंट्स को आर्किटेक्चर की बदलती दुनिया के लिए तैयार करता है। इसमें इंडस्ट्री के हिसाब से करिकुलम के साथ-साथ प्रोजेक्ट और रिसर्च पर आधारित नए तरह के कोर्स भी शामिल हैं।

# किसानों से विश्वासघात कर रही 'आप' सरकार : सिद्धू

◆ कहा-पंजाब सरकार किसानों और आम लोगों की समस्याओं का तुरंत करे समाधान

अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलबीर सिंह सिद्धू ने राज्य में बिजली और सिंचाई संकट को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि धान की रोपाई के अहम समय में किसानों को न नहरों का पानी मिल रहा है और न ही पर्याप्त बिजली, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं।



सिद्धू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नहरों का पानी अंतिम छोर तक पहुंचाने के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। उन्होंने आरोप लगाया कि कई इलाकों में नहरें सूखी हैं और किसान अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि अघोषित बिजली कटौती के कारण किसान जनरेटर चलाकर सिंचाई कर रहे हैं, जिससे रोजाना हजारों रुपये का अतिरिक्त डीजल खर्च उठाना पड़ रहा है। इससे खेती की लागत बढ़ गई है और किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

सिद्धू ने यह भी आरोप लगाया कि बिजली संकट से उद्योग, व्यापार और आम जनजीवन प्रभावित है। उन्होंने सरकार से तत्काल निर्बाध बिजली आपूर्ति और नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो कांग्रेस राज्यभर में बिजली ग्रिडों और सिंचाई विभाग के कार्यालयों का घेराव करेगी।

# एनसीबी ने गुरुग्राम के तीन पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की दिल्ली जोनल यूनिट ने मादक पदार्थ तस्करी के एक अहम मामले की जांच में सहयोग देने पर गुरुग्राम यातायात पुलिस के तीन जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित पुलिसकर्मियों में सिपाही नेतराम, अमन और अश्वनी शामिल हैं, जो जीएमडीए के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में तैनात हैं।

तीनों ने संदिग्ध वाहन की तकनीकी ट्रैकिंग और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में एनसीबी की मदद की, जिससे जांच को आगे बढ़ाने में सफलता मिली। पुलिस उपायुक्त (यातायात) ने उनकी कर्तव्यनिष्ठा और तकनीकी दक्षता की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और बेहतर तालमेल से अपराध नियंत्रण अधिक प्रभावी हुआ है। उन्होंने कहा कि आईसीसीसी के माध्यम से गुरुग्राम पुलिस अब ट्रैफिक प्रबंधन के साथ-साथ अपराध जांच में भी अहम भूमिका निभा रही है।

# डिप्टी कमिश्नर ने किया व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का रिव्यू

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने आज डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स में पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन की अलग-अलग मीटिंग्स में उठाए गए मामलों की प्रोग्रेस का रिव्यू किया, ताकि जिले के व्यापारियों और दुकानदारों की समस्याओं का जल्दी और असरदार समाधान पक्का किया जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने पास पेंडिंग मामलों को बिना किसी देरी के हल करें और की गई कार्रवाई को रेगुलर तौर पर पोर्टल पर अपडेट करें।

रिव्यू मीटिंग के दौरान, डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट ट्रेडर्स कमीशन और विधानसभा क्षेत्र लेवल के ट्रेडर्स कमीशन की मीटिंग्स में व्यापारियों द्वारा उठाए गए मुद्दे जनता के हित से जुड़े हैं, इसलिए सभी संबंधित विभागों की ज़िम्मेदारी है कि उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समय पर समाधान न केवल व्यापारियों को राहत देगा बल्कि सरकारी सेवाओं पर लोगों का भरोसा भी मज़बूत करेगा। उन्होंने नगर निगम, लोकल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट, पावरकॉम, पुलिस डिपार्टमेंट, ड्रेनेज डिपार्टमेंट और दूसरे संबंधित डिपार्टमेंट को अपने-अपने लेवल पर पेंडिंग केस जल्द से जल्द हल करने और तय समय में प्रोग्रेस रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन रणजीत पाल सिंह ने कहा कि सीवरेज, सैनिटेशन, सड़कों और दूसरी बेसिक सुविधाओं से जुड़े ट्रेडर्स की तरफ से उठाए गए मुद्दों को हल करने के लिए डिपार्टमेंट के साथ लगातार तालमेल बनाया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ट्रेडर्स की जायज समस्याओं को समय पर हल किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ट्रेडर्स की समस्याओं को हल करने के लिए तुरंत और असरदार एक्शन लिया जाए। मीटिंग के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर (जनरल) डॉ. अंकिता कंसल, डिस्ट्रिक्ट ट्रेडर्स कमीशन के वाइस चेयरमैन तरलोचन सिंह बैदवान, हलका चेयरमैन अकविंदर सिंह गोसल (मोहाली) और अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारी और नुमाइंदे मौजूद थे।

# मतदाता सूची अभियान में शामिल हुए हरदीप गिल

अनंत ज्ञान



**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत पंजाबी लोक गायक हरदीप गिल ने मोहाली में अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के एन्यूमरेशन फॉर्म भरे। इस अवसर पर जिला स्वीप टीम के जिला नोडल अधिकारी (स्वीप) प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल, चुनाव तहसीलदार हरप्रीत कौर, चुनाव कानूनगो सुरिंदर बत्तरा तथा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रदीप सिंह ने हरदीप गिल के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों के एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया पूर्ण करवाई।

हरदीप गिल ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे अपने तथा अपने परिवार के सभी पात्र मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म समय पर अवश्य भरें। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती का आधार है तथा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दे। जिला स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. गुरबख्शीश सिंह अंटाल ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों तथा आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने बीएलओ से संपर्क कर अथवा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएं तथा इस लोकतांत्रिक महाअभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

# निर्भय, निष्पक्ष, सत्यनिष्ठ 'रियल हीरोज' को हमीरपुर में आज मिलेगा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड'

## मुख्यातिथि एसपी बलबीर सिंह अपने जांबाजों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए खुद करेंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
Presents
अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड
आपकी सेवाओं का सम्मान

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' पाठकों के अपार विश्वास, समर्थन और स्नेह के दम पर हिमाचल प्रदेश में 'जन-जन की आवाज' बनकर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। यह अखबार केवल समाचारों के प्रकाशन तक सीमित नहीं है, अपितु पत्रकारिता के मूल्यों के निर्वहन के साथ सामाजिक सरोकारों को भी पूरी प्रतिबद्धता से निभा रहा है। इसी सोच के साथ 'अनंत ज्ञान' प्रबंधन ने उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले प्रदेश के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने की पहल की है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' से सम्मानित किया जाता है।**

**इसी कड़ी में तीसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2026' 1 जुलाई को जिला मुख्यालय हमीरपुर के बाईपास रोड स्थित होटल बसंत (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप) में आयोजित होगा। समारोह शाम 6 बजे शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बलबीर सिंह कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जांबाजों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित करेंगे।**

**गौरतलब है कि पहला 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' पिछले वर्ष जून महीने में कांगड़ा जिले के भदरोया (इंदौरा) में आयोजित किया गया था, जिसमें 20 से अधिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद दूसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड' जून माह में ही धर्मशाला में आयोजित हुआ, जहां 30 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित कर 'अनंत ज्ञान' ने अपने सामाजिक दायित्व का सफल निर्वहन किया। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।**

## इन कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जांबाजों को किया जाएगा सम्मानित



**निरीक्षक कुलवंत सिंह, प्रभारी थाना सदर हमीरपुर** वर्ष 2011 में उप-निरीक्षक के रूप में पुलिस विभाग में नियुक्त हुए तथा 2018 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 22 प्रशंसनीय पत्र एवं अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। थाना सदर हमीरपुर में चिट्टा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।



**निरीक्षक गुरबख्श सिंह, प्रभारी थाना बड़सर** वर्ष 2019 में उप-निरीक्षक के रूप में नियुक्त हुए तथा 2025 में निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए। अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए विभागीय प्रशंसा प्राप्त कर चुके हैं। थाना बड़सर में प्रभावी पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।



**निरीक्षक देवराज सिंह, अन्वेषण अधिकारी थाना नादौन** वर्ष 1990 में आरक्षी के रूप में भर्ती हुए तथा पदोन्नत होते हुए निरीक्षक बने। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 17 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में जटिल मामलों की सफल एवं निष्पक्ष जांच कर रहे हैं।



**निरीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर, प्रभारी जिला साइबर शाखा, हमीरपुर** 06.05.1987 को पुलिस विभाग में उप-निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए। अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 9 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित किया जा चुका है। इन्होंने चिट्टा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए कई बड़े नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



**उप-निरीक्षक सुखदेव सिंह, अन्वेषण अधिकारी, थाना बड़सर** वर्ष 1992 में आरक्षी के रूप में भर्ती हुए। इन्होंने अपने करीब 34 वर्षों के कार्यकाल के दौरान विभिन्न जिलों एवं बटालियनों में कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवाएं प्रदान कीं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासित सेवाओं के लिए इन्हें 17 बार प्रशंसनीय पत्र दिए जा चुके हैं।



**उप-निरीक्षक अजय कुमार, प्रभारी पुलिस चौकी जाहू** में तैनात हैं। अजय वर्ष 1992 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। दीर्घ सेवाकाल में विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट कार्य किया। अनुशासन एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 10 प्रशंसनीय पत्र तथा नकद पुरस्कार प्राप्त किए।



**उप-निरीक्षक अमीं चंद, प्रभारी डीसीआरबी/साइबर शाखा** ने 36 वर्षों की सेवा में अपराध अन्वेषण एवं साइबर अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। तकनीकी विशेषज्ञता के बल पर अनेक मामलों का सफल निस्तारण किया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 71 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त कर चुके हैं तथा विभाग की महत्वपूर्ण संपत्ति हैं।



**सहायक उप-निरीक्षक हितेश कुमार, प्रभारी पुलिस चौकी दियोटसिद्ध** वर्ष 2001 में भर्ती हुए तथा 2025 में पदोन्नत हुए। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 7 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह कानून व्यवस्था बनाए रखने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा पुलिस कार्यों के प्रभावी संचालन में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।



**सहायक उप-निरीक्षक शारदा देवी, महिला थाना हमीरपुर** में तैनात हैं। वह वर्ष 1999 में महिला आरक्षी के रूप में भर्ती हुईं तथा 2024 में पदोन्नत हुईं। इन्होंने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 14 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। महिला थाना हमीरपुर में कार्यरत रहते हुए लापता महिलाओं की सुरक्षित बरामदगी एवं महिला सुरक्षा संबंधी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



**सहायक उप-निरीक्षक राजेश कटोच**, प्रभारी जिला सुरक्षा शाखा में सेवाएं दे रहे हैं। राजेश वर्ष 1999 में भर्ती हुए। विभिन्न इकाइयों में सेवाएं देने के साथ पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में प्रशिक्षक के रूप में भी योगदान दिया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 35 प्रशंसनीय पत्र एवं नकद पुरस्कार प्राप्त किए।



**सहायक उप-निरीक्षक निर्मला देवी** दिनांक 05.06.1996 को पुलिस विभाग में महिला आरक्षी के पद पर नियुक्त हुईं। आजकल बतौर प्रभारी पुलिस सहायता कक्ष भोटा में तैनात है। इन्होंने पुलिस कार्यों के प्रभावी संचालन, जनसेवा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा विभागीय उद्देश्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देकर कर्तव्यनिष्ठा एवं नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनकी सेवाएं सराहनीय एवं प्रेरणादायक हैं जिसके लिए विभाग इन्हें 15 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित कर चुका है।



**सहायक उप-निरीक्षक प्रेम चंद, अन्वेषण अधिकारी थाना सदर** में तैनात हैं। प्रेम चंद वर्ष 2002 में भर्ती हुए तथा विभिन्न पदों पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कीं। 21 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित हो चुके हैं। प्रेम चंद चिट्टा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



**सहायक उप-निरीक्षक कृपाल सिंह, अन्वेषण अधिकारी, थाना नादौन** वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए 14 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त कर चुके हैं। जटिल मामलों की सफल, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच में माहिर हैं।




**सहायक उप-निरीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी पुलिस सहायता कक्ष, बिझड़ी** वर्ष 1999 में भर्ती हुए तथा 2024 में पदोन्न हुए। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासित सेवाओं के लिए 18 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह जनसेवा एवं पुलिस सहायता कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



**मुख्य आरक्षी संजीव कुमार, पुलिस लाइन हमीरपुर** में तैनात हैं। वह वर्ष 2001 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। विभिन्न स्थानों पर कर्तव्यनिष्ठा एवं दक्षता के साथ सेवाएं प्रदान कीं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासन के लिए 34 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह विभागीय दायित्वों का सफल निर्वहन कर रहे हैं।



**मुख्य आरक्षी सुरजीत कुमार, थाना सदर हमीरपुर** वर्ष 2001 में भर्ती हुए तथा दीर्घ सेवाकाल में उत्कृष्ट कार्यशैली एवं अनुशासन का परिचय दिया। विभाग द्वारा 25 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित किए जा चुके हैं। वर्तमान में पुलिस दायित्वों का समर्पण एवं दक्षता के साथ निर्वहन कर रहे हैं।



**मुख्य आरक्षी रमन कुमार, थाना सुजानपुर** में तैनात है। वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए। विभिन्न इकाइयों में कर्तव्यनिष्ठा एवं दक्षता के साथ सेवाएं प्रदान कीं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासित सेवाओं के लिए 7 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह पुलिस कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



**मुख्य आरक्षी इंदुबाला शर्मा, पुलिस लाइन हमीरपुर** वर्ष 2010 में महिला आरक्षी के रूप में भर्ती हुईं तथा 2023 में पदोन्नत हुईं। उत्कृष्ट कार्य एवं अनुशासन के लिए 6 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वर्तमान में विभागीय कार्यों का निष्ठापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन कर रही हैं।



**आरक्षी मोहम्मद आविद हुसैन, थाना नादौन** में सेवाएं दे रहे हैं। वर्ष 2011 में भर्ती हुए। उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 7 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



**मानक मुख्य आरक्षी पवन कुमार, पुलिस लाइन हमीरपुर** वर्ष 1996 में भर्ती हुए तथा लगभग 30 वर्षों से उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं सराहनीय कार्यों के लिए 25 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वर्तमान में विभागीय कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



**मानक मुख्य आरक्षी कुलदीप चंद, थाना नादौन** वर्ष 1999 में भर्ती हुए तथा कमांडो एवं डॉग ट्रेनिंग का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 9 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वर्तमान में समर्पित एवं दक्ष सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।



**आरक्षी युसुफ खान, थाना सदर हमीरपुर** में तैनात हैं। वर्ष 2011 में भर्ती हुए। विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करते हुए अनुशासन एवं कार्यकुशलता का परिचय दिया। विभाग द्वारा 13 प्रशंसनीय पत्रों से सम्मानित किए जा चुके हैं। वह कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।



**आरक्षी जय गोपाल, साइबर क्राइम शाखा, हमीरपुर** में तैनात हैं। इन्होंने साइबर अपराध, नेटवर्क सुरक्षा एवं फिंगरप्रिंट संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में लगभग 10 लाख रुपए की रिकवरी तथा 50 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 37 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं।



**महिला मानक मुख्य आरक्षी राजकुमारी वर्तमान में हमीरपुर** में शिकायत कलर्क के पद पर तैनात हैं। राजकुमारी अपने काम को समय पर और सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए विभाग की ओर से उन्हें 29 बार प्रशंसनीय पत्र मिल चुके हैं। यही नहीं, राजकुमारी को वर्ष-2020 में उत्कृष्ट सेवा पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है।



**महिला आरक्षी कविता कुमारी, थाना सदर, हमीरपुर** वर्ष 2010 में भर्ती हुईं तथा विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की हैं। अनुशासन एवं सराहनीय कार्यों के लिए 8 प्रशंसनीय पत्र प्राप्त किए हैं। वह पुलिस दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन कर रही हैं।

# नेरवा में रिवर्स करते गहरी खाई में गिरी कार, पिता-बेटी की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला के चौपाल उपमंडल के नेरवा क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। बावी कैंची के समीप कार को रिवर्स करते समय वाहन अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार 42 वर्षीय लोकिन्द्र धनाइक और उनकी 12 वर्षीय बेटी टिया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, खोकाह गांव निवासी लोकिंद्र धनाइक अपनी कार को मोड़ने के लिए रिवर्स कर रहे थे। उस समय उनकी पत्नी और बेटा सड़क के नीचे वाले मोड़ पर उनका इंतजार कर रहे थे, जबकि बेटी टिया कार में पिता के साथ मौजूद थी। अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही नेरवा पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करते हुए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### क्षेत्र में शोक की लहर, जनप्रतिनिधियों ने जताई संवेदना

**हादसे** के बाद पूरे चौपाल और नेरवा क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। सोशल मीडिया पर मासूम टिया के वीडियो और तस्वीरें साझा कर लोग श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कांग्रेस नेता विनोद जिंटा ने भी इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत पिता-पुत्री की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। स्थानीय लोगों ने भी इस हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# एचपीयू भर्ती घोटाला : बड़ा मामला उजागर

## आरटीआई के 13 हजार पन्नों ने खड़े किए गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश विश्वविद्यालय में भर्ती घोटालों, विश्वविद्यालय अधिनियम की अवहेलना व प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। एसएफआई ने कुलपति को दो नए ज्ञापन सौंपते हुए दावा किया कि आरटीआई से प्राप्त करीब 13 हजार पृष्ठों के दस्तावेजों में कई ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जो विवि की भर्ती प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। संगठन ने स्पष्ट किया कि अब केवल औपचारिक सत्यापन नहीं, बल्कि पूरे मामले की न्यायिक जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए।

सफी ने आरोप लगाया कि विवि में विभिन्न नियुक्तियों के दौरान भर्ती नियमों और निर्धारित समय-सीमा की अनदेखी की गई। संगठन के अनुसार सहायक प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग की भर्ती में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन को चयन प्रक्रिया में शामिल किया गया, जबकि विवि की ओर से पहले ही स्पष्ट किया गया था कि अंतिम तिथि के बाद जारी दस्तावेज व प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। एसएफआई का दावा है कि संबंधित अभ्यर्थी को ऐसे शोध-पत्रों के आधार पर भी अंक दिए गए, जिनकी स्वीकृति आवेदन की अंतिम तिथि के बाद हुई थी। संगठन ने इसे पूरी चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न बताया है। इसी प्रकार आईसीडीईओएल में एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी की नियुक्ति को लेकर भी एसएफआई ने सवाल उठाए हैं। इसके अलावा विवि अधिनियम की धारा 2(15) के कथित उल्लंघन का मुद्दा उठाते हुए सफी ने आरोप लगाया कि विदाई समारोह में एक अधिकारी को प्रोफेसर के रूप में सम्मानित किया गया, जबकि दूसरी ओर वर्षों तक शिक्षण कार्य करने वाली महिला शिक्षिका को दूर रखा गया।

### कार्रवाई नहीं हुई तो होंगे और बड़े खुलासे

**एसएफआई** ने कहा कि विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति का बोझ छात्रों पर फीस वृद्धि के रूप में नहीं डाला जा सकता। संगठन ने मांग की कि राज्य सरकार से विशेष वित्तीय पैकेज लेकर हाल ही में बढ़ाई गई फीस वापस ली जाए। साथ ही चेतावनी दी कि आरटीआई से प्राप्त 13 हजार पृष्ठों के दस्तावेजों के आधार पर विश्वविद्यालय की अन्य नियुक्तियों और प्रशासनिक फैसलों से जुड़े नए मामलों का भी जल्द खुलासा किया जाएगा। सफी इकाई सचिव मुकेश ने कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक करेगा तथा हर अनियमितता को सार्वजनिक करेगा।

# हिमाचल में अब दो माह बाद आएगी नई उद्योग नीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार ने निवेशकों को अधिक आकर्षक व प्रतिस्पर्धी उद्योग नीति तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नई उद्योग नीति को अंतिम रूप देने में कुछ और समय लगने के कारण सरकार ने मौजूदा उद्योग नीति की अवधि दो माह के लिए बढ़ा दी है। इस दौरान विभिन्न विभागों से सुझाव लेकर ऐसी नीति तैयार की जाएगी, जो निवेशकों को बेहतर रियायतें, सरल प्रक्रियाएं और आधुनिक औद्योगिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हो। जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में उद्योगों को आकर्षित करने के लिए केवल पारंपरिक प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं हैं। इसी कारण उद्योग विभाग ने वित्त, राज्य विद्युत बोर्ड, जल शक्ति, राजस्व, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा लोक निर्माण विभाग सहित कई विभागों से सुझाव मांगे हैं। इन सुझावों के आधार पर नई उद्योग नीति में ऐसे प्रावधान शामिल किए जाएंगे, जिनसे निवेशकों को उद्योग स्थापित करने में अधिक सुविधा मिले और प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिल सके।

नई नीति को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ हुई बैठकों में यह बात प्रमुखता से सामने आई कि पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड जैसे पड़ोसी राज्यों की प्रतिस्पर्धी रियायतों के बीच हिमाचल को भी निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाना होगा। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विभागीय अधिकारियों से मिले सुझावों और फीडबैक से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है।

# भाजपा का वैचारिक संकल्प अभियान शुरू: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के तहत महासू संगठनात्मक जिले का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर हाटकोटी में शुरू किया। शिविर का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस दौरान सांसद सुरेश कश्यप, राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण फाल्टा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा और जनसेवा के प्रति अधिक सक्षम एवं प्रभावी बनाना है, ताकि बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती सुनिश्चित की जा सके।

बिंदल ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित एक वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है और उसी को वैचारिक रूप से मजबूत तथा संगठनात्मक रूप से दक्ष बनाने के लिए पूरे प्रदेश में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन विस्तार, प्रभावी जनसंपर्क और सामाजिक दायित्वों की जानकारी देकर उन्हें हर चुनौती के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता आगामी समय में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा सहित कई मौजूद रहे।

स्पर्धा | शीलघाट में 50वीं बुशहर क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, विजेता सम्मानित

# खेले हैं जीवन निर्माण का आधार: रोहित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** रोहड़ू के शीलघाट में आयोजित 50वीं बुशहर क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि खेल केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त साधन हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को नशे से दूर रखने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है।



खुली जीप में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रोहित ठाकुर।

उन्होंने कहा कि पहाड़ी प्रदेश होने के बावजूद इस प्रकार की ऐतिहासिक खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन सराहनीय है। वर्ष 1976 से आयोजित हो रही बुशहर क्रिकेट प्रतियोगिता ने 50 वर्ष पूरे कर लिए हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आयोजन समिति और स्थानीय युवक मंडल को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि जुब्बल के डकैड़ क्षेत्र में लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण तेजी से चल रहा है। वहीं कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बच्चों की पढ़ाई शुरू कर दी गई है तथा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। विद्यालय भवन निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सेब प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और बागवानों के हितों की रक्षा के लिए हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के जनप्रतिनिधि जल्द ही केंद्र सरकार के समक्ष संयुक्त रूप से अपनी बात रखेंगे। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय युवक मंडल को 75 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा भी की।

प्रतियोगिता में फागु टीम विजेता तथा ननखड़ी टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को तीन लाख रुपये और उपविजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की। इसके साथ ही पिछले 50 वर्षों से प्रतियोगिता से जुड़े खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक मोहन लाल बरागटा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# हिमाचल में 16वें वित्त आयोग की राशि अब छोटे कार्यों पर नहीं होगी खर्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग के तहत जिला परिषदों व पंचायत समितियों को मिलने वाली अनुदान राशि के उपयोग को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए नियमों के अनुसार अब इस राशि का उपयोग स्ट्रीट लाइट, बेंच, टाइलें, छोटी मरम्मत, नालियां, रेलिंग तथा सीमित क्षेत्र तक लाभ पहुंचाने वाले स्थानीय विकास कार्यों पर नहीं किया जा सकेगा। लिहाजा, सरकार का उद्देश्य वित्त आयोग की राशि को ऐसे विकास कार्यों में लगाना है, जिनका लाभ पूरे विकास खंड या जिले के बड़े हिस्से तक पहुंचे व सार्वजनिक परिसंपत्तियों का स्थायी विकास सुनिश्चित हो। जानकारी के अनुसार नए दिशा-निर्देशों के तहत जिला परिषदों व पंचायत समितियों को अब पेयजल, स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण, जल संरक्षण, सार्वजनिक संस्थानों के उन्नयन तथा बहु-ग्रामीण हित वाली परियोजनाओं पर प्राथमिकता से राशि खर्च करनी होगी। यदि किसी पंचायत समिति या जिला परिषद द्वारा अनुदान राशि का उपयोग छोटे स्थानीय कार्यों पर किया जाता है, तो संबंधित निकाय की अनुदान राशि रोकी भी जा सकती है। अब तक जिप और पंचायत समिति सदस्य अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में छोटे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों पर वित्त आयोग की राशि खर्च करते रहे हैं। नए निर्देश लागू होने के बाद ऐसे कार्य पंचायत स्तर या अन्य योजनाओं के माध्यम से कराए जाएंगे, जबकि जिला परिषद और पंचायत समितियां केवल उन परियोजनाओं पर राशि खर्च कर सकेंगी।

# मलांगड़ पहुंचे अनुराग ठाकुर, शहीद बिशम्बर सिंह मिंटू के परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस



सांसद अनुराग ठाकुर ने शहीद परिवार से मुलाकात कर शोक जताया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल की ग्राम पंचायत मलांगड़ में भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मंगलवार को शहीद भारतीय सेना के वीर सपूत बिशम्वर सिंह मिंटू के घर पहुंचे। उन्होंने शहीद के पिता रसीला राम, परिजनों और बच्चों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। उन्होंने शहीद के बच्चों को गले लगाकर सांत्वना दी और कहा कि यह परिवार पूरे देश का गौरव है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि शहीद का बलिदान राष्ट्र के लिए प्रेरणा है और केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शहीद के सैन्य जीवन से जुड़े अनुभव भी सुने और कहा कि ऐसे वीर सैनिकों के कारण ही देश सुरक्षित है।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने राज्य सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि शहीद परिवार की मदद में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन प्रदेश की वित्तीय स्थिति चिंताजनक है। इस अवसर पर उन्होंने कुटलैहड़ के पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो को शहीद परिवार के दस्तावेज तैयार करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को नमन किया।